RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 295
फरीदाबाद, सोमवार, 06 दिसंबर, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana





अपना भविष्य करें सुरक्षित
पेज - 11


**मौसम** फरीदाबाद
अधिकतम 24.01°C
न्यूनतम 12.00°C

## क्विक न्यूज

### गोवा में भी केजरीवाल का पंजाब जैसा दांव

**गोवा।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को गोवा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यहां उनकी सरकार बनने पर वे 18 साल से ऊपर की हर महिला के बैंक खाते में हर महीने एक हजार रुपये भेजेंगे। केजरीवाल ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के मामले में यह दुनिया की सबसे बड़ी योजना है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए गृह आधार लाभ को 1500 रुपये से बढ़ाकर 2500 रुपये कर दिया जाएगा। केजरीवाल वयस्क महिलाओं के बैंक खातों में हर महीने एक हजार रुपये भेजने की घोषणा हाल ही में पंजाब में भी कर चुके हैं। अगले साल पंजाब, गोवा, उत्तराखंड, यूपी आदि राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं।

### मैं अपनी इच्छा से भाजपा में शामिल हुआ : सिरसा

**चंडीगढ़।** मनजिंदर सिंह सिरसा ने शिरोमणि अकाली दल के आरोपों को खंडन किया। सिरसा ने कहा कि उनका भाजपा में शामिल होने का एकमात्र उद्देश्य सिख कौम की सेवा करना है और इस पार्टी में शामिल होने से उनको ऐसा प्लेटफार्म मिल गया है, जिसके साथ उन्हें लंबे समय से लंबित सिख मसले हल करवाने में सहायता मिलेगी। सिरसा ने कहा कि अकाली दल के आरोपों पर हैरानी हो रही है। अगर भाजपा को मेरे साथ जबरदस्ती ही करना होता तो फिर पार्टी उनको दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान के तौर पर ही शामिल होने के लिए कहती न कि व्यक्तिगत तौर पर शामिल करवाती।

### उत्तराखंड: टिहरी-उत्तरकाशी में भूकंप के झटके

**देहरादून।** उत्तराखंड में शनिवार देर रात भूकंप के झटके महसूस किए गए। उत्तराकाशी और टिहरी जिले में महसूस किए गए भूकंप की तीव्रता सिक्टर स्केल पर 3.8 मापी गई। दोनों जिलों में भूकंप के झटके शनिवार रात 2.03 बजे आए। प्रशासन के मुताबिक भूकंप का केंद्र टिहरी में बताया जा रहा है। अब तक किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

### राजस्थान: मां ने पांच बेटियों के साथ की आत्महत्या

**कोटा।** राजस्थान के कोटा से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक मां ने अपनी पांच बेटियों के साथ आत्महत्या कर ली। घटना की वजह गृह कलेश बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस ने छह शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक महिला का पति से अक्सर झगड़ा होता रहता था। घटना से पहले भी पति से उसकी किसी बात पर नोंकझोंक हुई थी, जिसके बाद उसने अपनी पांचों बेटियों के साथ कुएं में छलांग लगा कर आत्महत्या कर ली। चेचत थाना पुलिस ने बताया कि इस घटना में सभी की मौत हो गई है।

भाजपा के गले की फांस बनी बेरोजगारी

# यदि ये आपके बच्चे होते क्या तब भी इन पर लाठी बरसाते : वरुण गांधी

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**पांच** चुनावी राज्यों में बेरोजगारी का मुद्दा भाजपा के गले की फांस बन सकता है। त्योहारी सीजन बीतने के साथ ही बेरोजगारी दर दोबारा बढ़ने लगी है। इस समय पूरे देश में बेरोजगारी दर 7.2 प्रतिशत हो गई है। औद्योगिक कामकाज वाले शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर रिकॉर्ड 8.5 प्रतिशत तक पहुंच गई है, तो ग्रामीण क्षेत्रों में बुवाई का सीजन होने के बाद भी बेरोजगारी दर 6.6 प्रतिशत हो गई है। चुनावी राज्य यूपी में बेरोजगारी दर 4.8 प्रतिशत, तो गोवा में 12.7 प्रतिशत हो चुकी है। भाजपा शासित इन राज्यों में सरकार को बेरोजगार युवाओं का गुस्सा झेलना पड़ सकता है।



सीएमआईई की रिपोर्ट के अनुसार हरियाणा में 29.3 प्रतिशत बेरोजगारी

**यहां पर सबसे ज्यादा बेरोजगारी**

इन राज्यों के अलावा जिन राज्यों में बेरोजगारी दर ज्यादा है, उनमें हरियाणा 29.3 प्रतिशत, जम्मू-कश्मीर 21.4 प्रतिशत, राजस्थान 20.4 प्रतिशत, बिहार 14.8 प्रतिशत, हिमाचल प्रदेश 13.6 प्रतिशत, त्रिपुरा 13.4 प्रतिशत, झारखंड 11.2 प्रतिशत और केरल 7.1 प्रतिशत हैं। हालांकि, कुछ राज्यों में बेरोजगारी दर बहुत कम है। इनमें ओडिशा 0.6 प्रतिशत, मेघालय 0.8 प्रतिशत, गुजरात 1.4 प्रतिशत, मध्यप्रदेश 1.7 प्रतिशत और कर्नाटक 2.8 प्रतिशत हैं।



बेरोजगार युवा नौकरियों को लेकर जगह-जगह प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी समस्याओं का समाधान मिलने की जगह पुलिस उन पर लाठियां बरसा रही है। इससे समस्या सुलझने की बजाय और अधिक गंभीर होती जा रही है। बेरोजगारों पर हुए लाठीचार्ज का मुद्दा उठाते हुए भाजपा सांसद वरुण गांधी ने कहा है कि ये बेरोजगार युवा भी भारत मां के बेटे हैं। इनकी बात मानना तो दूर, कोई इनकी बात सुनने तक को तैयार नहीं है। पुलिस द्वारा बेरोजगार युवाओं के पीटे जाने का एक वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने ट्विटर पर लिखा है कि अपने दिल पर हाथ रखकर सोचिए कि यदि ये आपके बच्चे होते तो क्या तब भी आप इनके साथ यही व्यवहार करते। उन्होंने सवाल किया है कि यदि सरकार के पास रिक्तियां भी हैं और योग्य अभ्यर्थी भी, तो सरकारी नौकरियों की भर्तियां क्यों नहीं की जा रही हैं। वरुण गांधी इसके पहले भी युवाओं को लेकर अपनी आवाज उठा चुके हैं।

सीएमआईई के आंकड़ों के अनुसार, चार दिसंबर को समाप्त हुए सप्ताह में बेरोजगारी दर 7.2 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। सबसे ज्यादा शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी का बढ़ना सरकार के लिए चिंता का कारण बना हुआ है। भाजपा के लिए बेहद महत्वपूर्ण राज्य उत्तर प्रदेश में बेरोजगारी दर 4.8 प्रतिशत हो गई है। वहीं, पड़ोसी राज्य उत्तराखंड में 3.1 प्रतिशत है, जबकि पंजाब में बेरोजगारी दर 6.6 हो गई है। इसी प्रकार गोवा में बेरोजगारी दर 12.7 प्रतिशत हो गई है। देश की राजधानी दिल्ली में बीते सप्ताह में बेरोजगारी दर 9.3 तक पहुंच चुकी है।

## बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स में पीवी सिंधू को रजत पदक



**बाली।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू को रविवार को खिताबी मुकाबले में दक्षिण कोरिया की आन सियोंग से सीधे गेम में हारने के कारण बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स में रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

विस्तृत खबर पेज-12

नगालैंड में दर्दनाक हिंसा

# सुरक्षाबलों की फायरिंग में 13 की मौत, जवान भी मारा गया

### भाजपा जिलाध्यक्ष बोले, मुझ पर भी गोलीबारी की

**एजेंसी।** कोहिमा

**नगालैंड** के मोन जिले में सुरक्षाबलों की फायरिंग में 13 लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि इन लोगों के उग्रवादी संगठन एनएससीएन से जुड़े होने की आशंका के चलते सिक्योरिटी फोर्सेज ने फायरिंग की, जिसमें इन लोगों की मौत हुई। इस घटना के बाद इलाके में हिंसा फैल गई। सुरक्षाबलों और स्थानीय लोगों के बीच हिंसक झड़प भी हुई। असम राइफल्स के अधिकारियों ने बताया कि ऑपरेशन में सुरक्षाबलों को गंभीर चोटें आई हैं। इस दौरान एक सैनिक बेहद गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसकी मौत हो गई। इस घटना को लेकर कोर्ट ऑफ इंक्वॉयरी के आदेश दिए गए हैं।

नगालैंड में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष न्यावांग कोन्याकी ने सेना पर फायरिंग का आरोप लगाया है। मोन जिले के भाजपा नेता ने कहा कि शनिवार को वे कहीं जा रहे थे, इस दौरान सेना ने उन पर फायरिंग की। इसमें उनके साथी की मौत हो गई। रिपोर्ट के मुताबिक एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई के लिए सुरक्षाबल तिरु-ओटिंग रोड पर घात लगाकर तैनात थे। उसी दौरान उन्होंने गलती से ग्रामीणों को विद्रोही समझ लिया। दरअसल, इनपुट में जिस रंग की गाड़ी के बारे में बताया गया था, उसी रंग की गाड़ी वहां से गुजरी। जवानों ने गाड़ी को रोकने के लिए कहा, लेकिन वह नहीं रुकी। इसके बाद सिक्योरिटी फोर्सेज ने फायरिंग शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि सभी पीड़ित मजदूर थे, जो काम के बाद एक पिकअप में सवार होकर अपने घर जा रहे थे। देर रात तक घर नहीं पहुंचने पर ग्रामीणों ने उन्हें ढूंढना शुरू किया और तब उन्हें इस घटना की जानकारी मिली। गुस्साएं ग्रामीणों ने सुरक्षाबलों की गाड़ियों को आग लगा दिया। गुस्साई भीड़ को नियंत्रित करने में जवानों को काफी मशक्कत करनी पड़ी।





**हाई-लेवल एसआईटी करेगी जांच:** नगालैंड के मुख्यमंत्री नीफियू रियो ने कहा कि मोन के ओटिंग में नागरिकों की हत्या की घटना बेहद निंदनीय है। इसकी हाई-लेवल एसआईटी जांच कराई जाएगी। सभी को कानून के हिसाब से न्याय मिलेगा। उन्होंने सभी लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। गृहमंत्री अमित शाह ने ट्वीट किया, नगालैंड के ओटिंग में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना से दुखी हूं। मैं उन लोगों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना जाहिर करता हूं जिन्होंने अपनी जान गंवाई है। राज्य सरकार इसकी हाई-लेवल एसआईटी जांच कराएगी, ताकि पीड़ित परिवारों को न्याय मिल सके।

### जानते हैं नगालैंड के बारे में, कभी कैसा था मसला

भारत की आजादी के समय मुस्लिम लीग के दबाव में पाकिस्तान को अलग देश बनाने पर मंथन चल रहा था। उस दौरान नॉर्थ ईस्ट के कई राज्य भी अलग होने के लिए तैयार थे। तब सरदार वल्लभभाई पटेल और पंडित जवाहर लाल नेहरू ने इनको समझाने की कवायद शुरू की। ज्यादातर राज्य मान गए, लेकिन नागा नेशनल काउंसिल यानी एमएनसी भारत में शामिल होने के लिए तैयार नहीं हो रहे थे। एमएनसी का गठन 1946 में नागा नेता अंगामी जापू फिजो ने किया था। वह नगालैंड को अलग देश का दर्जा दिलाने की मांग कर रहे थे। तब पंडित नेहरू ने नागा इलाके को असम का हिस्सा बताते हुए इनकी मांगों को खारिज कर दिया। सरकार की तरफ से मांगे खारिज होने पर अंगामी ने नया दांव चल दिया। 1956 में उन्होंने भारत सरकार को चुनौती देते हुए नागा फेडरल गवर्नमेंट यानी एनएफजी का गठन कर लिया। ये लोग अंडरग्राउंड होकर भारत सरकार के समानांतर अपनी अलग सरकार चलाने लगे। अंगामी ने हथियारों से लैस नागा फेडरल आर्मी का भी गठन किया था। इस आर्मी के जरिए आतंकी घटनाओं को अंजाम दिया जाने लगा।

इसे रोकने के लिए भारतीय सेना ने भी ऑपरेशन शुरू कर दिया। बाद में भारत सरकार और नागा पीपुल्स कन्वेंशन के नेता बातचीत के टेबल पर आए। ये बात 1960 की है। तब तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने कन्वेंशन के नेताओं ने 16 बिंदुओं पर समझौता किया। इसमें जिन बिंदुओं पर सहमति बनी थी, उसी पर बाद में विवाद शुरू हो गया और आज भी ये विवाद जारी है। इस समझौते के बाद एक दिसंबर 1963 को नगालैंड भारत का 16वां राज्य बन गया। 1964 यहां पहली बार चुनाव कराए गए, लेकिन अलग राज्य बनने के बावजूद नगालैंड में उग्रवादी गतिविधियों पर रोक नहीं लग पाई। 1975 में कई उग्रवादी नेताओं ने हथियार डाला, लेकिन ये भी काफी नहीं रहा। 1980 में कुछ उग्रवादियों ने मिलकर नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड (एनएससीएन) का गठन कर दिया। मोन जिले में जिन उग्रवादियों पर कार्रवाई के लिए सुरक्षाबलों ने घेरेबंदी की थी, वो इसी संगठन से जुड़े हैं। खुफिया एजेंसियों को सूचना मिली थी कि एनएससीएन के उग्रवादी कुछ बड़ी वारदात को अंजाम देने वाले हैं।

## 'केंद्र द्वारा छीने गए अधिकारों को पाने के लिए तैयार करें मंच'

**जम्मू।** नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष डॉ फारुख अब्दुल्ला ने रविवार को कहा कि केंद्र द्वारा छीने गए अधिकारों को पाने के लिए किसानों की तरह बलिदान देना पड़ सकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एक ऐसा मंच तैयार करने को कहा, जिससे केंद्र शासित प्रदेश को पूर्ण प्रदेश का दर्जा मिल सके।

हजरतबल में अपने पिता और नेकां के संरक्षक शेख अब्दुल्ला की पुण्यतिथि पर डॉ. फारुख ने कहा कि प्रत्येक नेकां कार्यकर्ता और नेता को हर गांव और इलाके में लोगों के संपर्क में रहना होगा, जिस तरह 700 किसानों के बलिदान के बाद केंद्र ने कृषि कानूनों को निरस्त किया। केंद्र द्वारा हमसे छीने गए अधिकारों को वापस पाने के लिए हमें भी इसी तरह का बलिदान देना पड़ सकता है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद जम्मू-कश्मीर में शांति और पर्यटन बढ़ने के बयान पर कहा कि अगर कश्मीर में पर्यटन बढ़ रहा है, तो इसका क्या मतलब है, क्या पर्यटन ही सब कुछ है।

डेरा सच्चा सौदा के कार्यक्रम में पहुंची भाजपा सांसद सुनीता दुग्गल बोलीं

# अब किसानों का विरोध गई गुजरी बात हो चुकी

**पायनियर समाचार सेवा।** फतेहाबाद

**सिरसा** से भाजपा सांसद सुनीता दुग्गल ने कहा कि अब कहीं भी किसानों द्वारा कोई विरोध नहीं किया जा रहा। किसी कार्यक्रम में यदि कोई इक्का-दुक्का लोग नारे लगाते दिखते हैं। फतेहाबाद के पपीहा पार्क में डेरा सच्चा सौदा सिरसा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंची सांसद ने 1500 जरूरतमंद लोगों को सर्दियों के लिए कंबल, जुराबें आदि की किटें बांटी। दुग्गल ने कहा कि सरकार और प्रधानमंत्री ने तीनों बिल वापस ले लिए हैं तो अब विरोध का कोई कारण नहीं बचा है।

कांग्रेस द्वारा बिना चर्चा बिल वापसी के दौरान किए गए विरोध पर उन्होंने कहा कि जब बिल आए, तो चर्चा दोनों सदन में हुई और अब जब बिल वापसी हो रहे हैं, तो उस दौरान चर्चा का कोई विषय रह नहीं जाता। उन्होंने पूर्व सांसद अशोक तंवर पर निशाना साधा। तंवर बार-बार अपनी पार्टी और विचारधारा को बदलते रहते हैं तो उनकी बात को ज्यादा तव्वजो नहीं देना चाहिए। कार्यक्रम में पहुंचने पर डेरा द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। डेरा द्वारा रविवार को पपीहा पार्क में करीब 800 किटें वितरित की गई और इतनी ही किटें रविवार को शहर में घूम-घूमकर जरूरतमंदों को वितरित की जानी हैं।



## 'निकम्मी-भ्रष्टाचारी गहलोत सरकार को उखाड़ फेंकिए'

**एजेंसी।** जयपुर

**केंद्रीय** गृहमंत्री अमित शाह दो दिवसीय राजस्थान दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने जयपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि 2023 में राजस्थान में फिर से कमल खिलेगा। भाजपा दो तिहाई बहुमत के साथ यहां सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि मैं राजस्थान की जनता से आह्वान करने आया हूं कि यहां की निकम्मी और भ्रष्टाचारी अशोक गहलोत सरकार को मूल समेत उखाड़कर फेक देना है और भाजपा के कमल के निशान वाली सरकार बनानी है।

शाह ने कहा कि आप सभी का उत्साह, उमंग और जोश देखकर मुझे विश्वास हो गया है कि वर्ष 2023 में दो तिहाई बहुमत के साथ राजस्थान में भाजपा सरकार बनेगी। जब भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनी तब राजस्थान की वीर भूमि ने नरेंद्र मोदी को 25 में से 25 सीटें देने का काम किया। 2019 में जब भाजपा 300 पार गई तब भी 25 में से 23 सीटें देने का काम मेरे राजस्थान के लोगों, कार्यकर्ताओं ने किया। उन्होंने कहा कि इंदिराजी ने 70 के दशक में गरीबी हटाओ का नारा दिया था। जब 2014 में मोदी जी आए तब भी करोड़ों गरीबों के लिए घर, बिजली नहीं थी, गरीबों के पास शौचालय की व्यवस्था नहीं थी। कांग्रेस के नेता सुन लें, आपने गरीबी हटाने की जगह, गरीब हटाओ का काम किया था।



## 1400 करोड़ कीमत के 94 स्टार्टअप की स्थापना

**नई दिल्ली।** कचरे से कच्चा तेल बनाने और प्रभावी जल परिवहन समाधान जैसे कुल 94 ऐसे स्टार्ट-अप (कंपनी) हैं, जिनकी स्थापना आईआईटी (भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान) मद्रास के संकाय सदस्यों ने की है और आज की तारीख में इनका संयुक्त मूल्यांकन 1400 करोड़ रुपये से अधिक है।

अधिकारियों के मुताबिक, आईआईटी संकाय सदस्यों ने पिछले एक दशक में 240 स्टार्ट-अप कंपनियों की स्थापना की या उन्हें स्थापित करने में सलाहकार की अहम भूमिका निभाई और आज इन कंपिनयों का संयुक्त मूल्यांकन 11500 करोड़ को पार कर चुका है। आईआईटी मद्रास के संकाय सदस्यों द्वारा इस साल अक्टूबर तक प्रत्यक्ष तौर पर स्थापित की गई कंपनियों की संख्या 94 रही। इनका संयुक्त मूल्यांकन 1400 करोड़ के पार है, जिनमें एंजेल इन्वेस्टर्स और वेंचर कैपिटल फर्म जैसी कंपनियों से कोष जुटाया गया है।

# निलंबन से नाराज 'मेरी कहानी' की एंकर प्रियंका चतुर्वेदी ने छोड़ा चैनल

**एजेंसी।** मुंबई



**शिवसेना** सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने रविवार को संसद टीवी छोड़ दिया। यह कदम उन्होंने राज्यसभा से निलंबन के विरोध में उठाया। चतुर्वेदी समेत 12 राज्यसभा सदस्यों को अनियंत्रित व्यवहार के कारण हाल ही में सभापति ने चालू सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित किया है।

सांसद प्रियंका संसद टीवी के शो 'मेरी कहानी' की एंकर थीं। पांच दिसंबर को राज्यसभा सभापति वेंकैया नायडू को लिखे पत्र में सांसद चतुर्वेदी ने लिखा मेरे मनमाने निलंबन ने स्थापित संसदीय मानदंडों और नियमों का पूरी तरह से हनन किया है। यह कदम मेरी आवाज को दबाने के लिए, मेरी पार्टी की आवाज को चैंबर के अंदर रखने से रोकने के लिए उठाया गया। जब संविधान की मेरी प्राथमिक शपथ को पूरा करने से वंचित किया जा रहा है, तो ऐसे में संसद टीवी में सेवाएं देने को तैयार नहीं हूं। अगस्त में संसद के मानसून सत्र के दौरान राज्यसभा में अमर्यादित व्यवहार करने के लिए विपक्ष के 12 सांसदों को सभापति नायडू ने निलंबित किया है।



प्रदूषण के कारण अल्टीमेटम

# 14 जिलों के छह लाख वाहनों का रजिस्ट्रेशन खतरे में

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** के एनसीआर में आने वाले 14 जिलों में करीब 6 लाख वाहनों का रजिस्ट्रेशन खतरे में है। इन वाहनों के मालिकों के पास तीन महीने का ही समय है। या तो पुराने वाहनों को एनसीआर के बाहर बेच दें या शिफ्ट करा लें। एनसीआर में चलते मिलने पर जांच टीमें जब्त कर लेंगी। पुराने वाहनों से बढ़ते पॉल्यूशन को देखते हुए यह सख्ती की जा रही है।

हरियाणा परिवहन आयुक्त ने पत्र क्रमांक 1119/11/105/2022/5942/1/6/ दिनांक 2/12/21 के तहत जारी आदेशों में कहा है कि 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों को एनसीआर से वि-पंजीकृत भी कर दिया गया है। इससे पहले कि ई-परिवहन पोर्टल पर इस प्रकार के वाहनों के स्वत: डि-रजिस्ट्रेशन (वि-पंजीकरण) हो जाए, इससे पहले ही इनके मालिक चौकन्ना हो जाएं। परिवहन विभाग ने कहा है कि जिन लोगों के पास एनसीआर में ऐसे वाहन हैं, उन्हें 3 मार्च, 2022 से पहले बेचकर अथवा बाहरी जिलों में ट्रांसफर करवा कर शिफ्ट कर लें। उनके पास ऐसा करने के लिए 3 दिसंबर से 3 मार्च तक का मौका है। इसके बाद वाहन स्वत: वि-पंजीकरण हो जाएंगे। वाहन मालिक इन वाहनों को हस्तांतरित करने/बेचने के योग्य नहीं होंगे और ये स्क्रैप हो जाएंगे। आदेशों में कहा गया है कि 3 मार्च के बाद किसी भी स्थिति में इस प्रकार के पुराने वाहनों को एनसीआर में चलाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि इन्हें चलाते पकड़े जाते हैं तो इन वाहनों को चेकिंग टीमें सीधे जब्त कर लिया जाएगा।

**तीन मार्च तक बेचें या शिफ्ट करें एनसीआर में नहीं चलने देंगे**



### दो पहिया वाहन ज्यादा

असल में दो साल में जहां बड़ी संख्या में वाहन शिफ्ट हुए हैं, वहीं इतनी ही संख्या में दूसरे वाहन उम्र बढ़ने से इस श्रेणी में आ गए है। इनमें सबसे ज्यादा संख्या दो पहिया वाहनों की है। चार पहिया और सामान ढोने वाले बड़े वाहनों पर भी आदेशों का असर पड़ने वाला है। पुराने वाहनों के डि-रजिस्ट्रेशन का खतरा 14 जिलों में है। इनमें सोनीपत, पानीपत, करनाल, जींद, रोहतक, झज्जर, गुरुग्राम, पलवल, फरीदाबाद, भिवानी, चरखी दादरी, मेवात, महेंद्रगढ़ और रेवाड़ी शामिल हैं।

### आठ जिलों में ही चला सकेंगे

एनसीआर क्षेत्र में जिन वाहनों को चलाने पर प्रतिबंध है, उनको हरियाणा में 8 जिलों में ही चला सकते हैं। पंचकूला, यमुननागर, कुरुक्षेत्र, हिसार, सिरसा, अंबाला, फतेहाबाद और कैथल वे जिले हैं, जहां पुराने वाहनों के चलाने पर सुप्रीम कोर्ट या एनजीटी के आदेश लागू नहीं होते। एनसीआर में 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल के वाहनों के चलने पर रोक का यह कोई पहला आदेश नहीं है, लेकिन जिस प्रकार की चेतावनी परिवहन आयुक्त की ओर से दी गई है, इसको अंतिम जरूर माना जा सकता है। वर्ष 2015 से हर साल लगातार सुप्रीम कोर्ट और एनजीटी के आदेशों का हवाला देकर सरकार की ओर से निर्देश जारी होते रहे हैं।

### पुराने वाहनों से बिगड़ा वातावरण

दरअसल, राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली और उससे लगते हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के इलाकों में स्मॉग और एयर पॉल्यूशन की वजह से हालात बेहद खराब हो चुके हैं। माना जा रहा है डीजल और पेट्रोल के पुराने वाहनों से फैल रहे जहरीले धुएं से हालात बिगड़ रहे हैं। वर्ष 2015 से ही पुराने वाहनों का चलन सुप्रीम कोर्ट और एनजीटी के निशाने पर है। सर्दियों में तो हवा खराब होने से सांस लेना भी मुश्किल हो चुका है।

Good Morning!

# फरीदाबाद पायनियर

हरियाणा, सोमवार, 06 दिसंबर, 2021 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव • पलवल | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

**शहर का तापमान**
- अधिकतम 24.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 12.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**
- सेक्टर-12 -सीकरी में पौधारोपण व सौंदर्य कार्यक्रम का शुभारंभ : सुबह 11 बजे
- तिरखा कॉलोनी बल्लभगढ़ में मंदिर वाले पार्क का उद्घाटन : सुबह 10.15 बजे
- बीके अस्पताल में ओपीड़ी शुरू: सुबह 9 बजे
- शहर में वैक्सीनेशन : सुबह 8 बजे

## निवेश गुरु

**अधिकांश** कारोबारी क्षेत्र महामारी की दिक्कतों से उभर रहे हैं और इससे आर्थिक गतिविधियों में लगातार सुधार हो रहा है। विशेष रूप से सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में लोगों को काम पर रखने की गति काफी तेज है। रियल एस्टेट में बड़ा सुधार देखा जा रहा है। कृषि जिंसों की कीमतों में वृद्धि से दूरदराज के इलाकों में अधिक आय प्राप्त होने संभावना बढ़ी है। कुल मिलाकर सभी क्षेत्रों से सकारात्मक समाचारों का प्रवाह बना हुआ है। सकारात्मक संभावनाओं के बीच, हमें तीसरी लहर की किसी भी आशंका को समाप्त करने के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल का ध्यान रखना चाहिए। जैसे-जैसे संस्थाएं और व्यक्ति अपना ध्यान केवल अस्तित्व से समृद्धि की ओर ले जाते हैं, वे बदलते हुए परिवेश के साथ निपटते हैं। हालांकि, महामारी से पहले और महामारी के बाद के पर्यावरण संचालन में क्या समान रहने की संभावना है, वह है प्रतिस्पर्धा और इसकी तीव्रता।

## यूटीलिटी न्यूज

### रक्तदान शिविर का आयोजन



**फरीदाबाद।** एनआईटी 5 फ्रूट गार्डन में आयोजित रक्तदान शिविर में नीलम बाटा रोड फरीदाबाद स्थित डिवाइन चैरिटेबल ब्लड बैंक के सहयोग से कुल 50 यूनिट एकत्र किया। शिविर के आयोजक गौरव बांबी ने कहा कि रक्तदान एक नेक और दयालु कार्य है। सभी विशेषकर युवा जो भारत का भविष्य हैं, उन्हें आगे आना चाहिए और दूसरों को भी रक्तदान करने और संकट में पड़े लोगों की मदद करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। समाजसेवी राजेश शर्मा ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई कार्य नहीं है। अगर हम किसी की मदद नहीं कर सकते तो ईश्वर प्रदत्त जीवन व्यर्थ है। इस दिन राजेश शर्मा को डिवाइन चैरिटेबल ब्लड बैंक चलाने वाले जागृति महिला समाज सेवी संस्थान की मानद सदस्य की उपाधि से नवाजा गया।

## क्विक न्यूज

### प्रधानाचार्य को किया सम्मानित

**फरीदाबाद।** रविवार को हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद, शाखा-फरीदाबाद के एक पारितोषक वितरण समारोह में जिला उपायुक्त जितेन्द्र यादव द्वारा सुशील कण्वा प्रधानाचार्य को सम्मान पाने का अवसर मिला। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद, शाखा-फरीदाबाद द्वारा अक्टूबर और नवम्बर माह के दौरान जिला स्तरीय, मण्डल स्तरीय व राज्य स्तरीय बाल महोत्सव का आयोजन किया। सुशील कण्वा प्रधानाचार्य ने बतौर नोडल अधिकारी शिक्षा विभाग व निर्णायक मंडल में अहम भूमिका निभाई जिसके लिए जिला उपायुक्त फरीदाबाद जितेंद यादव ने बाल भवन परिसर फरीदाबाद में कार्यक्रम में सम्मानित किया।

# सफाई जैसी जरूरत के लिए भी चलाना पड़ रहा है अभियान

### मेगा स्वच्छता अभियान के बावजूद शहर में दिखे कूड़े और गंदगी के ढेर

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**शहर** के लोगों के स्वास्थ्य के लिए स्वच्छ वातावरण बेहद जरूरी है। इस महामारी के दौर में स्वच्छता का ध्यान रखना और ज्यादा जरूरी हो गया है। साफ सफाई रोजमर्रा की आवश्यकता है। लेकिन शहर में सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने के लिए नगर निगम को कई बार सफाई अभियान चलाना पड़ता है। गांधी जयंती पर तो हर साल सफाई पखवाड़ा चलाया ही जाता है। लेकिन इसके अलावा भी निगम को कई बार अभियान चलाने की जरूरत पड़ जाती है। शनिवार और रविवार को निगम आयुक्त द्वारा बड़खल विधानसभा क्षेत्र के कुछ इलाकों में मेगा सफाई चलाया गया। इससे साफ जाहिर होता है कि नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी सफाई जैसी रोजमर्रा की जरूरत के काम करने में भी रूचि नहीं लेते हैं। अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही की वजह से ही शहर लगातार कूड़े के ढेर में तब्दील होता जा रहा है। शहर को स्वच्छ बनाने में निगमायुक्त ने बेशक अपनी पूरी ताकत झौक दी। लेकिन अभियान पूरा होने के बाद भी शहर की स्थिति में कुछ खास अंतर नजर नहीं आया।



एनएच पांच स्थित रेलवे रोड पर सीवर से निकाली गई गंदगी का ढेर।



बीके- नीलम रोड पर इलाहबाद बैंक के पास लगा कूड़े का ढेर।

### निगम का सराहनीय प्रयास

**नगर** निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों और ईकोग्रीन कंपनी की लापरवाही की वजह से पिछले काफी समय से शहर में सफाई व्यवस्था बुरी तरह चरमरा हुई हैं। ईकोग्रीन कंपनी द्वारा जगह-जगह बनाए गए अवैध कूड़े के डंपिंग पॉइंटों में हर समय गंदगी के पहाड़ लगे रहते हैं। नियमित सफाई के अभाव में शहर की सड़कें धूल से अटी पड़ी हैं। जिससे हवा के साथ धूल उड़ने से शहर में प्रदूषण का स्तर भी आए दिन बढ़ रहा है। शहर में चरमराई सफाई व्यवस्था और बढ़ते प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए निगम आयुक्त यशपाल यादव द्वारा लगातार सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। शनिवार और रविवार को बड़खल विधानसभा क्षेत्र के कुछ इलाकों में मेगा सफाई अभियान के तहत रास्तों पर पड़ी रेत को भी हटवाया। वायु प्रदूषण को देखते हुए सड़कों और खाली स्थानों पर पानी का छिड़काव किया गया। नालों, नालियों और सीवरेज लाईनों की सफाई की। जहां-जहां कूड़े के ढेर दिखाई दिए उन्हें ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भरकर हटवाया गया। इसके साथ-साथ तोड़फोड़ दस्ते के अधिकारियों ने मुख्य सड़कों तथा बाजारों में जेसीबी की सहायता से अतिक्रमण को हटाया।

### लापरवाही आदत में शुमार

**साफ** सफाई और अन्य कामों में लापरवाही बरतना नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों की आदत का हिस्सा बन चुका है। लापरवाही की इस आदत को निगम अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ साथ ठेकेदार भी छोड़ने को तैयार नहीं है। जल भराव और सीवर जाम की समस्या शहर में विकराल रूप धारण कर चुकी है। जिसे ध्यान में रखते हुए निगमायुक्त यशपाल यादव ने शहर की सभी सीवर लाइनों को साफ कर दुरूस्त करने के आदेश दिये थे। इस दौरान ऐसी कई लाइनों को भी साफ किया गया, जिनकी सफाई पिछले कई सालों से नहीं हुई थी। लेकिन यहां भी सीवर की सफाई करने वाले ठेकेदारों ने लापरवाही बरतनी नहीं छोड़ी। बाटा रेलवे फ्लाइओवर के निकट कई दिनों तक सीवर की सफाई कर गंदगी निकाली गई। जिसके बाद गंदगी के ढेर सड़क पर ही लगे हैं। एनएच पांच रेलवे रोड पर सीवर से निकाली गई गंदगी के ढेर लगे हुए देखे जा सकते है। शहर में सीवर और नालों की सफाई के दौरान इसी तरह की लापरवाही बरती जाती है। सफाई के बाद निकाली गई गंदगी फिर से सीवर की लाइनों और नालों में पहुंच जाती है।



एनएच सेंट्रल ग्रीन में स्वच्छता अभियान के दौरान सफाई करते कर्मचारी।

### नियामित सफाई की जरूरत



**समाजसेवी** अनीशपाल का कहना है कि निगमायुक्त यशपाल यादव ने शहर की सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए सराहनीय कदम उठाया है। लेकिन सिर्फ अभियान चलाने से हमेशा सफाई व्यवस्था को बनाए रखना बेहद मुश्किल काम है। शहर को पूरी तरह साफ और स्वच्छ बनाने के लिए नियमित रूप से सफाई करने की जरूरत है। इस महामारी के दौर और बढ़ते प्रदूषण से लोगों को बचाए रखने के लिए नगर निगम को स्वच्छता की तरफ और ठोस कदम उठाने की जरूरत है।

जिन इलाकों में निगम द्वारा दो दिन मेगा सफाई अभियान चलाया गया, वहीं पर जगह जगह कूड़े के ढेर पर बेसहारा पशु मुंह मार रहे थे। यहां तक कि सीवर से निकाला गया कचरा भी नहीं उठाया गया।

### निगम आयुक्त की योजना पर पलीता

**नगर** निगम आयुक्त यशपाल यादव ने शहर के लोगों को साफ वातावरण देने के उदेश्य से मेगा सफाई अभियान चलाने के आदेश दिये हैं। सफाई अभियान के दौरान निगमायुक्त ने खुद भी कई स्थानों का दौरा कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। लेकिन जहां वे खुद नहीं पहुंच पाए, वहां पहले जैसी स्थिति ही बनी हुई थी। मेगा सफाई अभियान के दौरान भी नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा सिर्फ दिखावा ही किया गया है। निगम की तरफ से अतिक्रमण हटाने को दुकानों के सामने बने रैम्प भी तोड़े गए हैं। कुछ स्थानों से तो साथ की साथ मलवा उठाया जा रहा है। लेकिन कई स्थानों पर मलवा वैसे का वैसे ही पड़ा हुआ है। प्रमुख सड़क नीलम बाटा रोड, रेलवे रोड आदि स्थानों पर सफाई अभियान के बावजूद कूड़े के ढेर लगे थे। यहां तक कि निगम मुख्यालय से चंद कदम की दूरी पर इलाहबाद बैंक के पास कूड़े के ढेर पर पशु मुंह मार रहे थे। इससे स्पष्ट है कि अधिकारी और कर्मचारियों की इस लापरवाही से निगमायुक्त की योजना को पलीता लग रहा हैं।

# ई श्रम कार्ड बनवाकर उठाएं योजनाओं का लाभ

### डिप्टी मेयर मनमोहन गर्ग ने वार्ड 32 की कृष्णा कॉलोनी में शुरू कराया इंटरलॉकिंग टाइल्स का काम

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**असंगठित** क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों को अपने ई श्रम कार्ड अवश्य बनवाने चाहिए। इस कार्ड के बनने से जहां केंद्र एवं राज्य सरकार की अनेक योजनाओं का लाभ आपको मिलेगा, वहीं किसी भी दुर्घटना की स्थिति में भी सहायता राशि मिलेगी। यह बात डिप्टी मेयर मनमोहन गर्ग ने कृष्णा कॉलोनी में लोगों के बीच कही।



कृष्णा कॉलोनी में लोगों को ई श्रम कार्ड के बारे में जानकारी देते डिप्टी मेयर मनमोहन गर्ग।

वह यहां ई श्रम कार्ड के बारे में श्रम विभाग के अधिकारियों द्वारा श्रमिकों को जागरूक करने के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संगठित क्षेत्र में काम करने वाले मजदूरों को तो अधिकांश लाभ मिल जाते हैं लेकिन असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को बड़ी दिक्कतें आती हैं। जिन्हें दूर करने के लिए केंद्र सरकार ने ई श्रम कार्ड योजना बनाई है। योजना का लाभ आकस्मिक दुर्घटनाओं के समय उठाया जा सकता है।

गर्ग ने कृष्णा कॉलोनी में इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने के काम की भी शुरुआत कराई। उन्होंने स्थानीय महिलाओं एवं बुजुर्गों से नारियल फुडवाकर विकास कार्य की शुरुआत कराई। गर्ग ने बताया कि इस पर करीब नौ लाख रुपये की लागत आएगी। यह काम डी प्लान के अंतर्गत किया जा रहा है। जिससे हजारों लोगों को लाभ मिलेगा। भाजपा अजरौंदा मंडल के पूर्व अध्यक्ष ललित सैनी, कृष्णा कॉलोनी के प्रधान अखिलेश कुमार, भगवान सिंह गोला, तुलसी प्रधान, आरसी शेखर, आरबी गौतम, जान मोहम्मद, नरेंद्र, डॉ इंद्रजीत, डॉ संजीत, विकास, रोहित, राहुल, सुनील, राधेश्याम, श्रीकांत, गिरिराज, सुभाष, प्रेम पाल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# फिरेस्टेशन इलेवन ने 139 रन से जीता मैच

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**21वें** रविंद्र फागना शनिवार क्रिकेट लीग मैच में फिरेस्टेशन इलेवन और कृष्णा नर्सिंग होम के बीच खेला गया। यह मुकाबला पाली रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी स्थित मैदान पर खेला गया।

इस मौके पर बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि यह मैच 20-20 ओवर का था और यह मैच फिरेस्टेशन इलेवन ने कृष्णा नर्सिंग होम को 139 रन से हराया। फिरेस्टेशन इलेवन ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। फिरेस्टेशन इलेवन टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 20 ओवर में चार विकेट पर 197 रन बनाए। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए वीरेंद्र भक्ता ने 59 रन, मोनू राजावत ने 41 रन, पुलकित चौहान ने 31 रन, इशांत ने 22 रन बनाए। कृष्णा नर्सिंग होम की ओर से गेंदबाजी करते हुए प्रदीप कुमार ने दो विकेट, अनुज और पवन ने एक-एक विकेट ली। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए कृष्णा नर्सिंग होम ने 15.4 ओवर में 10 विकेट में 58 रन बनाकर हार का समाना करना पड़ा। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए रोहित शर्मा ने 15 रन, बिजेन्द्र ने 14 रन, देवेंद्र ने 7 रन बनाए। फिरेस्टेशन इलेवन टीम की और से गेंदबाजी करते हुए गगन वर्मा ने पांच विकेट ली। परषोत्तम अग्रवाल ने तीन विकेट, पुलकित चौहान और सुनील पाल ने एक-एक विकेट ली। में मैन ऑफ द मैच पुरस्कार ने गगन वर्मा को दिया।




रविन्द्र फागना शनिवार क्रिकेट लीग मैच में गगन वर्मा को मैन ऑफ दा मैच का पुरस्कार देते आयोजक।

# चौटाला ने व्यापारी हितों पर की चर्चा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**व्यापार** मंडल मुख्यालय तिकोना पार्क फरीदाबाद में व्यापारी हितों की सुरक्षा और व्यापारिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रविवार को जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व सांसद अजय सिंह चौटाला का आगमन हुआ। व्यापारियों की भारी भीड़ देखते हुए अजय सिंह चौटाला ने व्यापारी हितों की रक्षा के लिए चर्चा की।

यह पहल व्यापार मंडल फरीदाबाद के इतिहास में व्यापारी समाज की खास अहमियत को प्रदर्शित करती है। व्यापार मंडल के प्रधान राजेश भाटिया द्वारा व्यापारी हित के सहयोग के लिए मानी जा रही है। व्यापारियों के जोश को देखते हुए अजय सिंह चौटाला से कई अहम मुद्दों पर विचार करते हुए प्रधान राजेश भाटिया व नीरज मिगलानी ने व्यापारियों की मूलभूत जरूरतों और समस्याओं को प्रस्तुत कर अजय सिंह चौटाला के सहयोग से जल्द से जल्द शासन - प्रशासन संग साझा कर उसका निस्तारण कराने के अपने संकल्प को पुन: दोहराया।



तिकोना पार्क स्थित व्यापार मंडल के कार्यालय पर डॉ. अजय चौटाला का माला पहना कर स्वागत करते व्यापार मंडल के प्रधान और अन्य।

व्यापारियों और टाउन की अन्य समस्याओं का विस्तृत आंकलन कर एक नौ सूत्रीय पत्र निस्तारण के लिए अजय चौटाला को सौंपा गया। उन के पूर्ण प्रयास से जल्द से जल्द बदलाव सामने आयेगा। अजय सिंह चौटाला, अध्यक्ष राजेश भाटिया, अजय सिंह, नीरज मिगलानी, बिट्टू पंजाबी, संजीव कुमार गोयल, जय भारद्वाज, राकेश मिगलानी, जगन शाह सिंह, वेद कुकरेजा, बंसी लाल कुकरेजा आदि सहयोगी गणों ने टाउन के समस्त व्यापारियों ने कई बिन्दु पर विचार विमर्श किया।

# एड्स के खिलाफ जागरूक करने को सेमिनार

### कुमाऊं सांस्कृतिक मंडल परिसर में हुआ कार्यक्रम

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**एड्स** की बीमारी के प्रति जागरुकता फैलाने के लिए जनता कॉलोनी स्थित कुमाऊं सांस्कृतिक मंडल के परिसर में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता सांस्कृतिक मंडल के अध्यक्ष नंदन सिंह कड़ाकोट्टी ने कि जब की संचालन वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने किया।

कार्यक्रम का आयोजन सामाजिक कार्यकर्ता चंदन सिंह अधिकारी, अर्था एनजीओ के हिमांशु चंद्रा और पुष्पेंद्र एडवोकेट के द्वारा मिलजुल कर कराया गया। कार्यक्रम के आरंभ में चंदन सिंह अधिकारी ने बताया कि एचआईवी ही एड्स का कारण बनता है। यह शरीर की रोगों से लड़ने की क्षमता कम कर देता है। हर साल भारत में 10 लाख से ज्यादा मामले एड्स के मिलते हैं।



कुमाऊ सांस्कृतिक मंडल के परिसर में आयोजित एड्स की बीमारी के प्रति जगरुकता सेमिनार में भाग लेते मंडल के सदस्य।

एड्स खून से जुड़े उत्पाद गंदी, सुई, या बिना जांच वाले खून से फैलता है। इसके अलावा योनि, गुद्दा, या मुंह से किए गए असुरक्षित सेक्स से भी एड्स की बीमारी होती है। इसके अलावा गर्भावस्था, प्रसव या देखभाल के दौरान मां से बच्चे को एचआईवी का कारण बनता है। एड्स शरीर की रोग से लड़ने की क्षमता कम करता है। एचआईवी संक्रमित व्यक्ति को कुछ हफ्तों के अंदर बुखार, गले में खराश और थकान जैसे फ्लू के लक्षण देख सकते हैं।

एड्स के लक्षणों में वजन घटना बुखार आना रात को पसीना आना थकान बार-बार बीमारी होना मुख्य है। एड्स का इलाज नहीं है। लेकिन एंटी रेट्रोवायरल रिजिम का सख्ती से पालन करने से काफी हद तक रोक का बढ़ना कम हो जाता है। आमतौर पर एचआईवी संक्रमित होने से 10 से 90 दिन के बाद संक्रमण का पता लगता है। पूरी दुनिया में एक दिसंबर को विश्व एड्स दिवस बनाया जाता है। इसका आरंभ 1 दिसंबर 1988 से हुआ है। इस सेमिनार को उमा दत्त भट्ट, डॉक्टर वालिया, धर्मवीर वैष्णव, दिल्ली सामाजिक कार्यकर्ता मुक्ता गुप्ता ने भी संबोधित किया।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट बल्लभगढ़ 9811477204
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**भला सूरज क्यूँ बाँचे भाग्य अब गहरे अँधेरों का**
**उसे तो साथ देना है फ़क़त उगते सवेरों का**
**ग़रीबी किसलिये उम्मीद रखती है व्यवस्था से**
**यहाँ अब योजनाएं साधती हैं हित कुबेरों का**

# पत्तेदार सब्जियों के सेवन से दूर करें एनिमिया: डीसी

### पाचन के लिए साथ में नींबू, मौसमी, आवंल और संतरा का भी करें सेवन

### लोहे से बने बर्तनों जैसे कढ़ाई का करें प्रयोग

### हरी सब्जियों को पहले धोएं फिर काटे

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**उपायुक्त** जितेंद्र यादव ने कहा कि एनीमिया अर्थात शरीर में खून की कमी की समस्या का यदि समय रहते निदान न किया जाए तो यह गंभीर रूप ले सकता है इसीलिए जरूरी है कि लोग इसके लक्षणों और कारणों की पहचान कर समय रहते इसका इलाज करवाएं।



उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि एनीमिया एक तरह की बीमारी है जो रक्त की कमी से पीड़ित व्यक्ति को शरीर में लाल रक्त कोशिकाएं और हिमोग्लोबिन की कमी से होता है। हिमोग्लोबिन रक्त की कोशिकाओं के लिए ऑक्सीजन की सप्लाई करने के लिए आवश्यक होता है। यह शरीर में आयरन की कमी से भी होता है। खून की कमी के लक्षण के बारे में उपायुक्त ने कहा कि यह सभी वर्ग के बच्चों एवं गर्भवत्ती महिलाओं में अधिक पाया जाता है, जिनको एनीमिया होने पर शारीरिक कमजोरी, थकान, सिर दर्द, चक्कर आना त्वचा का पीला होना, दिल की धड़कन का बढ़ना, नाखून और जीभ का सफेद होना आदि लक्षण दिखाई देते हैं। हिमोग्लोबिन की जांच भी करवानी चाहिए।

उपायुक्त ने कहा कि एनीमिया को दूर करने के लिए हरी पत्तेदार सब्जियों जैसे पालक, सरसों, मैथी, बथुआ और गाजर चुकंदर आदि का सेवन करना चाहिए। इनके साथ भोजन में विटामिन-सी0 एवं ए0 युक्त खाद्य पदार्थ जैसे नींबु, मौसमी, आवंला और संतरा आदि का सेवन करना चाहिए। इसके अलावा घर में लोहे से बने बर्तन जैसे कढ़ाई का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विशेषत: लोहे की बनी कढ़ाई में हरी पत्तेदार सब्जी बनानी चाहिए। पत्तेदार, हरी सब्जी को पहले धोना चाहिए। उसके उपरांत काटना चाहिए। खाना खाने के बाद गुड़ या गुड़ से बनी चीजें जैसे टिक्की या तिल से बनी गुड़ की पट्टी अवश्य खानी चाहिए। आयरन की कमी होने पर बच्चों को आयरन की गोलियां खिलाई जा सकती हैं। आयरनयुक्त आहार और गोलियां खाने वाले को दूध का प्रयोग कम से कम दो घंटे पहले या दो घंटे बाद में करना चाहिए।

# मानव भवन में मरीजों ने करवाई आंखों की जांच

**फरीदाबाद।** मानव सेवा समिति और लायंस क्लब फरीदाबाद हमदर्द के संयुक्त प्रयास से समिति के सेक्टर 10 स्थित कार्यालय मानव भवन में रविवार को लायन गवर्नर अशोक शर्मा, वॉइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन अनिल अरोड़ा, पास्ट गवर्नर लाइन तेजपाल सिंह खिल्लन, बृजमोहन शर्मा, मानव सेवा समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा, चेयरमैन अरुण बजाज, महिला मंडल चेयरमैन उषा किरण शर्मा ने आंखों की जांच, उपचार और मोतियाबिंद ऑपरेशन के चैरिटी क्लीनिक का उद्घाटन करके उसे जरूरतमंदों को समर्पित किया गया।

उद्घाटन के पहले दिन ही 52 मरीजों की आंखों की जांच और उपचार करके नि:शुल्क दवाई प्रदान की गई और आठ मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। समिति के महासचिव सुरेंद्र जग्गा और इस



मानव सेवा समिति के कार्यालय में लगे शिविर में नेत्र जांच करते डॉक्टर।

प्रोजेक्ट के कोऑर्डिनेटर लायन ललित कुमार झाम ने कहा है कि चयनित मरीजों का ऑपरेशन दिल्ली स्थित लायंस क्लब के नेत्र हॉस्पिटल में किया जाएगा। यह चैरिटी आई क्लीनिक फिलहाल प्रत्येक रविवार को सुबह 9 से 12 जनता को समर्पित रहेगा। लायन बृजमोहन शर्मा, संजीव शर्मा, राजेंद्र गोयनका, अरुण आहूजा, एम एल चावला, बांके लाल सितोनी, रघुवीर सिंह, राजेंद्र बंसल, डॉक्टर बनवारी लाल, नरेंद्र मिश्रा, राजराठी, सीमा मंगला, कमला वर्मा, सुष्मिता भौमिक, कुसुम बंसल और केदारनाथ अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# औद्योगिक नगरी की सड़कों पर पसरा रहता है अंधेरा

## स्ट्रीट लाइटें खराब, शाम होते ही अंधेरे में डूब जाते हैं औद्योगिक क्षेत्र

कविता। फरीदाबाद



सेक्टर-23-24 की सड़क पर एक किलोमीटर में लगी मात्र एक ही लाइट।

**ट्रैफिक** पुलिस कर्मी सड़कों पर पसरे अंधेरे और धुंध को देखते हुए रिफ्लेक्टर टेप ट्रक व अन्य वाहनों पर लगा रहे हैं। औद्योगिक नगरी में अंदरूनी और मुख्य सड़कों पर अंधेरा पसरा रहता है। उद्योगों द्वारा करोड़ों रुपये का टैक्स देने के बाद भी नगर निगम की लापरवाही से शाम ढलते ही औद्योगिक क्षेत्रों के ज्यादातर हिस्से अंधेरे में डूब जाते हैं। जिससे लाखों मजदूरों को हर रोज परेशानी हो रही हैं। आए दिन दुर्घटनाएं भी हो रही हैं, लेकिन इन इलाकों की तरफ नगर निगम अथवा स्मार्ट सिटी प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

सेक्टर-24, 25, 58 और 56, सरूरपुर में स्थापित उद्योगों में लाखों की संख्या में मजदूर काम करते हैं, लेकिन इन सेक्टरों में मौजूद ज्यादातर सड़कें रात होते ही अंधेरे में छिप जाती हैं। 24 घंटे चालू रहने वाले उद्योगों में काम करने वाले मजदूरों को अंधेरे में चलने को मजबूर होना पड़ता है। क्योंकि यहां स्ट्रीट लाइटें खराब होने से अंधेरा छाया रहता है। जिससे अक्सर घटनाएं हो जाती हैं।

### लाइट ही नहीं हैं

**स्मार्ट** सिटी लिमिटेड शहर की लाइटों को ऑटोमेटिक करने की योजना तो बना रही है, लेकिन जिन इलाकों में लाइट नहीं है, वहां लाइटें लगाने का ध्यान कोई नहीं दे रहा है। नगर निगम के दावों के बावजूद सड़कों से लाइटें गायब हैं। निगम की लापरवाही से सरकार को सबसे अधिक राजस्व देने वाली औद्योगिक नगरी पिछले काफी समय से रात के समय अंधेरे में डूब जाती है। एक किलोमीटर में एक ही लाइट जलने से यहां राहगीर परेशान होते नजर आते हैं।

### अंधेरे का सफर

**सर्दियों** के मौसम में रात को सड़कों पर अंधेरा होने से यहां काम करने वाले हजारों मजदूरों को पैदल चलने में भी परेशानी होती है। क्योंकि यहां न तो सड़क पर फुटपाथ है और न ही किसी तरह की कोई स्ट्रीट लाइट, जिससे वह वाहनों की चपेट में आकर घायल हो जाते हैं या फिर अपनी जान से हाथ धो बैठते हैं। सर्वाधिक परेशानी सेक्टर-24, 25, 58, 56, सरूरपुर और सोहना रोड के आसपास बने उद्योगों में काम करने वाले मजदूरों को हो रही है। स्ट्रीट लाइटें न होने से अंधेरे में यहां से गुजरते वाहनों की चपेट में आने से वह अपनी जान से हाथ धो रहे हैं। सड़कों पर पसरे अंधेरे से यहां रात का सफर काफी खतरनाक हो जाता है।

## खिलाड़ियों को करवाया विशेष अभ्यास

**फरीदाबाद।** किकबॉक्सिंग प्रशिक्षण केंद्र, एनआईटी, फरीदाबाद में 'फरीदाबाद जिला किकबॉक्सिंग संघ' द्वारा राष्ट्रिय प्रतियोगिता के लिए चयनित जिले के किक बॉक्सिंग खिलाड़ियों को आज विशेष अभ्यास कराया गया। फरीदाबाद जिला किकबॉक्सिंग संघ के संस्थापक महासचिव संतोष कुमार अग्रवाल ने बताया की पुणे में 21 से 25 दिसंबर 2021 तक आयोजित होने वाली कैडेट एवं जूनियर राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में हरियाणा प्रदेश की टीम में चयनित जिले के खिलाड़ियों को विशेष अभ्यास कराया गया। हरियाणा किकबॉक्सिंग संघ के संस्थापक महासचिव संतोष कुमार अग्रवाल ने बताया की प्रदेश किकबॉक्सिंग टीम में लगभग 80 खिलाड़ी शिरकत करेंगे।

# प्राइवेट स्कूलों में प्रवेश के लिए 3539 बच्चों ने दी परीक्षा

## जिले में 134ए की परीक्षा में 383 छात्र रहे अनुपस्थित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



परीक्षा स्थल के बाहर बच्चों का रोल नम्बर देखते अभिभावक।



134ए के तहत परीक्षा देने जाते बच्चे।

**जिले** में 134ए के तहत प्राइवेट स्कूलों में प्रवेश के लिए रविवार को हुई परीक्षा में कुल 3931 छात्रों में से 3539 विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस बारे में जानकारी देते हुए जिला शिक्षा अधिकारी रितु चौधरी ने बताया कि परीक्षा केन्द्रों पर 383 छात्र अनुपस्थित रहे। कुल उपस्थिति 90 प्रतिशत रही। कक्षा 9वीं में कुल 270 छात्रों में से 238 छात्र-छात्रा 87.7 प्रतिशत उपस्थिति रहे। 32 छात्र छात्रा अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार दूसरी से 8 वीं क्लास में कुल 3661 छात्रों में से 3301 छात्र छात्रा 90.16 प्रतिशत के साथ उपस्थित रहे। सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांति पूर्वक हुई।

जानकारी के मुताबिक हरियाणा के निजी स्कूलों में नियम 134ए के तहत नि:शुल्क दाखिलों हेतु प्रवेश के सभी जिलों में बच्चों ने परीक्षा दी। इसी कड़ी में जिले में आठ परीक्षा केंद्र बनाए गए। परीक्षा परिणाम का मैसेज 12 दिसंबर होने की सम्भावना जताई जा रही है। यह बात जिला शिक्षा अधिकारी रितु चौधरी ने कही। उन्होंने बताया कि बल्लभगढ़ के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बल्लभगढ़ में दूसरी से पांचवीं, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर-3 में छठी से नौवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों की परीक्षा हुई।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनआईटी -3 में तीसरी, राजकीय गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चौथी, राजकीय ब्वाज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चौथी, राजकीय गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनआईटी-5 में आठवीं व नौवीं, राजकीय गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राजकीय ब्वाज सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनआईटी-5 में छठी व सातवीं, राजकीय गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनआईटी-1 मट्टो में दूसरी और राजकीय ब्वाज सीनियर सेकेंडरी स्कूल तिकोना पार्क में पांचवी कक्षा तक के विद्यार्थियों की परीक्षा हुई। उन्होंने बताया कि इस बार नियम 134ए के तहत स्कूलों की खाली सीटों के लिए बहुत ही कम आवेदन आए थे। कुल सीटों के आधे आवेदन भी इस बार नहीं आए। अभिभावकों में भी नियम 134ए के तहत कोई उत्साह नहीं रहा। इसका एक कारण यह भी है कि बच्चे स्कूलों में दाखिला ले चुके हैं। स्कूल अगस्त महिने से खुले हुए हैं।

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि परीक्षा में कुल 3931 छात्रों में से 3539 विद्यार्थी उपस्थित रहे। कक्षा 9वीं में कुल 270 छात्रों में से 238 छात्र-छात्रा 87.7 प्रतिशत उपस्थिति रहे। 32 छात्र छात्रा अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार दूसरी से 8 वीं क्लास में कुल 3661 छात्रों में से 3301 छात्र छात्रा 90.16 प्रतिशत के साथ उपस्थित रहे।

# बिल्डर की बिजली संबंधित धांधलेबाजी को किया उजागर



नहरपार ग्रेटर फरीदाबाद में पत्रकारों से बातचीत करते सेव फरीदाबाद संस्था के अध्यक्ष पारस भारद्वाज साथ में अन्य।

**फरीदाबाद।** समाजसेवी संस्था सेव फरीदाबाद ने नहरपार (ग्रेफ) की ग्रुप हाउसिंग में वर्षों से चली आ रही बिल्डर द्वारा बिजली सम्बन्धित धांधलेबाजी को उजागर किया।

एक पत्रकार वार्ता करके संस्था के अध्यक्ष पारस भारद्वाज ने बताया कि ग्रेटर फरीदाबाद के सबसे बड़े कोलोनाइजर बीपीटीपी ने जनता की गाढ़ी कमाई के तकरीबन 200 करोड़ रुपये अपने निजी कोष में दबा रखे हैं। यह पैसा बीपीटीपी को दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम को देना था जिससे की ग्रेटर फरीदाबाद के लोगों तक बिजली पहुंचाने का मूलभूत ढांचा खड़ा किया जाना था। यही वजह है कि गर्मियों के दिनों में ग्रेटर फरीदाबाद में रहने वाले लाखों लोग बिजली की अनियमितताओं से जूझते हैं और नारकीय जीवन जीने के लिए मजबूर होते हैं। वार्ता में कहा गया कि जिस शहर का सांसद केंद्र में राज्य ऊर्जा मंत्री हो और वहां के निवासियों को पैसे देने के बावजूद बिजली जैसी मूलभूत आवश्यकता के लिए कोर्ट में धक्के खाने पड़ रहे हों, इससे ज्यादा शर्मनाक बात नहीं हो सकती। वर्ष 2012 से लड़ाई लड़ रहे समाजसेवी उमेश प्रभाकर को बिजली विभाग के उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम (सीजीआरएफ) को हाल ही में राहत मिली। केस की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि बीपीटीपी ने ग्रेटर फरीदाबाद के सेक्टर 75 -89 के उपभोक्ताओं से करीब करीब 200 करोड़ रूपये इकट्ठे किये। यह पैसा नवादा स्थित सबस्टेशन से विभिन्न सोसाइटियों तक बिजली पहुंचाने के लिए बाह्य मूलभूत व्यवस्था को विकसित करने के लिए लिया था। परन्तु पिछले एक दशक में न तो बिजली पहुंचाने की कोई व्यवस्था ही बनी और न ही भविष्य में इसे विकसित करने का कोई रुझान दिखाई दे रहा है। बल्कि बिल्डर ने अपने निजी हितों के लिए आवश्यकता से कई गुना कम लोड स्वीकृत करा रखा है जो कि ग्रेटर फरीदाबाद के लोगों के प्रति सरासर अन्याय है। सेव फरीदाबाद की आशा तोमर, मुकेश शर्मा, दीपा सक्सेना, अरुण यादव, संजय कुमार, रमेश गुलिया, विकास दुबे मौजूद थे।

# अवैध हथियार के साथ एक गिरफ्तार



अवैध हथियार रखने के आरोप में गिरफ्तार बलजीत।

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने फरीदाबाद में अवैध हथियार रखने वाले आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए हैं जिनपर कार्रवाई करते हुए क्राइम सेंट्रल की टीम ने आरोपी बलजीत को देसी कट्टा सहित काबू किया है। गिरफ्तार आरोपी बलजीत फरीदाबाद के गांव छायंसा का रहने वाला है।

पुलिस प्रवक्ता सुबह सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि क्राइम ब्रांच सेंट्रल की टीम गश्त पर थी गश्त के दौरान खुफिया जानकारी से पता चला कि आरोपी देसी कट्टा को लेकर घूम रहा है आरोपी को थाना छायंसा के कोजीपी रोड से काबू किया है। आरोपी के खिलाफ थाना छायंसा में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि आरोपी गांव छायंसा से जाने वाली यमुना नदी में नाव चलाने का काम करता है। आरोपी लोगों को एक किनारे से दूसरे किनारे तक ले जाने का काम करता है आरोपी ने एक व्यक्ति को यमुना नदी पार कराई थी जिससे आरोपी ने देसी कट्टा को 2500 रुपये में शौकिया तौर पर रखने के लिए खरीद लिया था। आरोपी को पेश अदालत कर जेल भेज दिया गया है।

# पार्षद के खिलाफ फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

## बुढ़ैना गांव में हुई पंचायत में ग्रामीणों ने पार्षद के बहिष्कार का निर्णय किया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



पार्षद नरेश नंबरदार के खिलाफ नारेबाजी कर रोष प्रकट करते गांव बुढ़ैना के निवासी।

**बुढ़ैना** गांव में पिछले कई वर्षो से अपनी मूलभूत सुविधाओं से वंचित ग्रामीणों ने छेदी मास्टर के घर पंचायत की। पंचायत का आयोजन मनोज चंदीला ने किया। जबकि अध्यक्षता वासुदेव चंदीला ने की। इस मौके पर किशन चंदीला, भंवरलाल, राजबीर, बाबूराम, राजेश नंबरदार, कालू, लाला, सुरेन्द्र शर्मा बबली, विजेन्द्र बाल्मीकि व जैजू ठाकुर मुख्य रूप से मौजूद थे। पंचायत में वार्ड-28 के पार्षद नरेश नंबरदार के खिलाफ ग्रामीणों का गुस्सा फूटा। ग्रामीणों का आरोप था कि गांव का पार्षद होने के बावजूद हम नारकीय जीवन जी रहे हैं। गलियों में सीवरेज का गंदा पानी बह रहा है, बच्चों के खेलने के लिए पार्क नहीं है, लाइटें खराब पड़ी हैं, सड़कें टूटी हैं, गांव में सामुदायिक भवन तक नहीं है। किशन चंदीला ने कहा कि हमने पार्षद इसलिए बनाया था कि हमें कोई समस्या नहीं आएगी। लेकिन पांच वर्ष बीतने के बाद भी हम जहां खड़े थे आज भी वहीं खड़े है। मनोज चंदीला ने कहा कि हमें उम्मीद थी कि पार्षद गांव के लिए कुछ अच्छा करेगा। लेकिन उसे नहीं लेना देना गांव के विकास से। वासुदेव चंदीला ने कहा कि वैसे तो पार्षद मिलता नहीं और जब मिलता है तो एक दो काम कराने के बात करके टरका देता है। उन्होंने कहा कि सारा गांव पार्षद से परेशान है और जल्दी ही आने वाले चुनाव में उसे इसका खमियाजा भुगताना पड़ेगा। गांव वालों ने कहा कि वे जल्दी ही विजेन्द्र बाल्मीकि के साथ मिलकर मंत्री कृष्णपाल गुर्जर से मिलेंगे और आग्रह करेंगे कि हमारे गांव का भी विकास कराया जाए। सभी गांव के लोगों ने एक सुर में कहा कि वे पार्षद नरेश नंबरदार का बहिष्कार करेंगे और इस बार यदि टिकट विजेन्द्र बाल्मीकि को मिलेगी तो पूरा सहयोग करेंगे।

## उत्कृष्ट कार्य कर रही महिलाओं से पुरस्कारों को आवेदन आमंत्रित

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं से हरियाणा राज्य स्तरीय महिला पुरस्कारों के लिए 10 दिसंबर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन पुरस्कारों के बारे में अधिक जानकारी के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग की वेबसाइट पर सपंर्क किया जा सकता है।

उपायुक्त ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं को विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया जाता है। यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आठ मार्च को प्रदान किया जाते हैं। पुरस्कारों में इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार के तहत एक लाख 50 हजार और प्रशस्ति पत्र, कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार के तहत एक लाख रुपये और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

## इंदौर की तर्ज पर चलाया जा रहा है स्वच्छता अभियान : यशपाल यादव

# दावा : फरीदाबाद बनेगा प्रदेश का नंबर वन शहर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



पत्रकारों से बातचीत करते निगमायुक्त यशपाल यादव।

**फरीदाबाद** नगर निगम के कमिश्नर यशपाल ने कहा कि फरीदाबाद को स्वच्छता के क्षेत्र में प्रदेश में नंबर वन शहर बनाया जाएगा। फरीदाबाद शहर में इंदौर की तर्ज पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। फरीदाबाद एमसीएफ क्षेत्र में किसी भी एंक्रोचमेंट को नहीं छोड़ा जाएगा।

एमसीएफ के कमिश्नर यशपाल ने रविवार को यह जानकारी एमसीएफ कार्यालय के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि गत अगस्त माह से एमसीएफ में फरीदाबाद एमसीएफ क्षेत्र में स्वच्छता अभियान के क्रियान्वयन के लिए प्लानिंग तैयार की जा रही है। फरीदाबाद के 40 वार्डों में अलग-अलग नोडल अधिकारी लगाए गए। इनमें जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी संगठनों, एनजीओ का सहयोग लिया गया। ट्रैनरों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। आज इस कार्य को धरातल पर उतार दिया है और अब हर शुक्रवार और शनिवार को शहर के 40 के 40 वार्डों के प्रत्येक 6 हिस्सों में बांट कर उन पर एंक्रोचमेंट का कार्य भी दिया जाएगा। आने वाले छह सप्ताह में यह गतिविधियां फरीदाबाद शहर में निरंतर चलेंगी। स्वच्छता अभियान के तहत अब एमसीएफ के कूड़ा करकट उठाने वाले कर्मचारी हर घर में दस्तक देंगे और जो घर कूड़ा नहीं डाल रहे उनकी यह निगरानी की जाएगी कि वह घर का गिला और सूखा कूड़ा कहां डाल रहे हैं। फरीदाबाद को स्वच्छ एवं सुन्दर और वायु प्रदूषण मुक्त बनाने में जागरूकता अभियान में हर फरीदाबाद वासी को भागीदार बनाया जा रहा है। अब स्वच्छता अभियान में आमजन के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

एमसीएफ कमिश्नर ने बताया कि इनक्रोचमेंट के सहयोग के लिए भी लोग सामने आ रहे हैं और खाली नोटिस पर ही अपनी एंक्रोचमेंट स्वयं ही लोग हटा रहे हैं। एमसीएफ कमिश्नर यशपाल ने कहा कि नई बुनियादी सुविधाओं को बेहतर करने के साथ-साथ जो बुनियादी सुविधाएं एमसीएफ के पास हैं।

## विकास से अछूता नहीं रहेगा तिगांव का कोई क्षेत्र : राजेश नागर

**फरीदाबाद।** तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर का सूर्या विहार पार्ट दो में स्थानीय लोगों ने जोरदार अभिनंदन किया। विधायक ने कहा कि हमारे तिगांव विधानसभा का कोई भी क्षेत्र विकास कार्यो से अछूता नहीं रहेगा। श्री नागर ने कहा कि भाजपा का मूल मंत्र अंत्योदय है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल समाज में पिछड़ गए लोगों को भी मुख्यधारा में लाने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने स्थानीय समस्याओं को भी जल्द ही दूर करने का आश्वासन दिया। श्री नागर ने कहा कि पहले कच्ची कॉलोनियों के लिए फंड नहीं मिल पाता था लेकिन अब मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सभी कॉलोनियों को पक्का करने का कानून बना दिया है। अब यहां विकास के लिए फंड की समस्या नहीं रह जाएगी। श्री नागर ने मौके पर मौजूद एसडीओ से बिजली तारों आदि की समस्या को जल्द दूर करने का वचन दिलवाया।

# सैकड़ों महिलाओं ने आम आदमी पार्टी का दामन थामा

**फरीदाबाद।** आम आदमी पार्टी के जोन कोषाध्यक्ष हरेन्द्र भाटी के नेतृत्व में रविवार को सैकड़ों महिलाओं ने पार्टी का दामन थामा। बल्लभगढ़ आजाद नगर में आयोजित कार्यक्रम में महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष गीता शर्मा ने सभी महिलाओं को टोपी पहनाकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई।

व्यापारी प्रकोष्ठ के दक्षिण हरियाणा अध्यक्ष अमन गोयल, एनआईटी विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष संतोष यादव, बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल और व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष तेजवंत सिंह बिट्टू उपस्थित रहे। हरेन्द्र भड़ाना ने सभी महिला कार्यकर्ताओं को विधिवत रूप से पार्टी में शामिल कराया। कहा कि पार्टी में शामिल प्रत्येक कार्यकर्ता का पूरा मान सम्मान किया जाएगा। आप पार्टी प्रदेश में लगातार मजबूत होती जाती जा रही है। हमारी माता-बहनों को अपनी शक्ति को समझना चाहिए और जिस दिन यह झाड़ू चलेगी। प्रदेश से भाजपा का सूपड़ा साफ हो जाएगा। बल्लभगढ़ में सिर्फ नारियल फोड़ने का काम किया जा रहा है, धरातल पर काम जीरो है। इस अवसर पर व्यापारी प्रकोष्ठ के दक्षिण हरियाणा अध्यक्ष अमन गोयल ने कहा कि भाजपा की नीतियों से आज हर वर्ग दुखी है।

आज बिजली, पानी और शिक्षा इतनी महंगी हो चुकी है कि लोगों का जीना दुभर हो चुका है। महिला कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए एनआईटी विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष संतोष यादव ने कहा कि हरियाणा में आम आदमी पार्टी की सरकार आने पर लोगों को फ्री बिजली, पानी दिल्ली की तर्ज पर किया जाएगा। सभी निगम की सीटों पर प्रत्याशी तैयार किए जा रहे हैं, निगम चुनावों में मजबूती के साथ पार्टी वापिस करेगी। लोकेश अग्रवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी में सभी को पूरा मान सम्मान मिलता है। आज हमारी सैकड़ों माता बहनों ने पार्टी में अपनी आस्था व्यक्त की है।

# संक्षिप्त समाचार

## कोरोनाः सात पॉजिटिव से एक्टिव केस हुए 34



स्वास्थ्य कर्मी आशा से कोविड जांच कराता युवक।

**फरीदाबाद।** जिले में रविवार को कोरोना के सात नए मामले सामने आए हैं। वहीं दूसरी तरफ जिले में एक मरीज ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले में 28 से एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 34 पर पहुंच गया। वहीं जिले में रिकवरी रेट 99.25 प्रतिशत पर पहुंच गया। जिले में पिछले 24 घंटे में 2199 सैम्पल जांच किए। जिसमें अभी 2331 सैम्पलों की रिपोर्ट आनी शेष है। पॉजिटिव मरीजों में सेक्टर-21 से एक और समर पाल्मस सोसायटी में 6 मरीज सामने आए हैं। एक ही सोसायटी से एक साथ छह मरीज सामने आने से वहां के निवासियों में भय का माहौल पैदा हो गया है। जिले में अब तक 1244911 सैम्पल जांच किए गए। जिसमें 1142611 की रिपोर्ट नेगेटिव आई है। इसमें 99969 की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। वहीं जिले में अब तक 717 की मौत हो चुकी है। वहीं 99218 लोगों ने कोरोना की जंग जीत ली है।

## जिले में 7180 को लोगों ने लगवाया टीका



अमोलिक हाइट्स में टीका लगवाते लोग।

**फरीदाबाद।** जिले में रविवार को 7180 लोगों ने कोरोना से बचाव का टीका लगवाया। जिसमें ग्रेटर फरीदाबाद की सोसायटियों में भी कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण कैम्प लगाए गए। जिसमें अमोलिक हाइट्स में वैक्सीनेशन कैम्प लगाए गए। इस बारे में जानकारी देते हुए एएमओ डॉ. गजेन्द्र अधाना ने बताया कि इस दौरान 211 को कोविशिल्ड और 111 को कोवैक्सीन का टीका लगाया गया। इस मौके पर डॉ. गजेन्द्र अधाना के अलावा सचिन गुप्ता, बी. पारिक, विनोद कुमार, सुनील दीक्षित, सौरभ गर्ग, राजीव खरेरा, अनील वर्मा, एएनएम रजनी, प्रीति, विजय पाल, कृष्णा मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## सीएम परिवार उत्थान मेला सोमवार को तिगांव में

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि तिगांव खंड के लिए मुख्यमंत्री परिवार उत्थान मेला सोमवार छह दिसंबर को शहीद स्मारक राजकीय कालेज तिगांव में आयोजित किया जाएगा। प्रातः 10:00 बजे शुरू होने वाले मेले में मुख्य अतिथि विधायक राजेश नागर होंगे। मेले में सभी विभाग अपने-अपने विभागों से संबंधित योजनाओं के स्टाल लगाएंगे और जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ देंगे।

## पारा स्विमिंग में दिवांशी ने जीता सिल्वर



एशियन यूथ पारा गेम्स में विजेता खिलाड़ी अथिति के साथ।

**फरीदाबाद।** एशियन यूथ पारा गेम्स में फरीदाबाद के दिवांशी सतीजा ने सिल्वर मेडल जीता है। वह 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक इवेंट्स में सिल्वर मेडल जीतकर सफल हुई हैं। जिला तैराकी संघ फरीदाबाद के प्रधान मनमोहन गुप्ता ने जानकारी देते हुए कहा कि (2 से 6) दिसंबर तक बहरीन मे एशियन यूथ पारा गेम्स हो रहे हैं। जिला तैराकी संघ फरीदाबाद के महासचिव एके पंडित ने बताया एशियन यूथ पारा गेम्स में सिलेक्शन पारा ओलिंपिक कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा किया जा रहा है।

## जन सरोकार रैली में पहुंच पार्टी को करें मजबूत : डॉ. चौटाला



राजीव कॉलोनी में कार्यकर्ताओं की बैठक में शिरकत करते जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय चौटाला।

**बल्लभगढ़।** जन नायक जनता पार्टी नौ दिसंबर को झज्जर में अपना तीसरा स्थापना दिवस जन सरोकार के रूप में मना रही है जिसको लेकर जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर अजय सिंह चौटाला जिला फरीदाबाद के एनआईटी की राजीव कॉलोनी में कार्यकर्ताओं को निमंत्रण देने पहुंचे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. अजय सिंह चौटाला ने कहा कि जननायक जनता पार्टी प्रदेश में जनहित के कार्य कर रही है। हरियाणा प्रदेश में रोजगार में स्थानीय युवाओं को 75 प्रतिशत रोजगार देने का वादा उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने पूरा किया है। इसके अलावा हरियाणा की पंचायत महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने का काम भी जननायक जनता पार्टी कर रही है। उन्होंने बताया कि उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के प्रयासों से आज प्रदेश में स्कूल व कॉलेज में पढ़ने वाली छात्राओं के लिए हरियाणा रोडवेज में फ्री पास की सुविधा उपलब्ध कराई है। डॉक्टर अजय सिंह चौटाला का स्वागत करते हुए पूर्व मंत्री चौधरी हर्ष कुमार प्रभारी फरीदाबाद और राव रमेश पालड़ी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष आश्वासन देते हुए कहा कि फरीदाबाद जिले की संख्या जन सरोकार रैली में पहुंचने वालों में सर्वाधिक होगी।

## नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर किया आयोजित



एनआईटी पांच स्थित राम मंदिर में आयोजित शिविर में रक्तदान करते समाज सेवी।

**फरीदाबाद।** वूमेन्स पावर संस्था और रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद सिटी द्वारा नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। साथ ही रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया। एनआईटी 5 एन ब्लॉक के निवासियों के लिए राम मन्दिर में यह शिविर लगाया गया। इसमें मन्दिर के प्रधान गौरव कथुरिया और उनकी पूरी टीम सुमित कथुरिया, किटी कथुरिया, मनोज कथुरिया, गुरुध्यान अदलक्खा, अमर चग, प्रकाश सचदेवा, विक्की सचदेवा, रमेश डुडेजा, विपिन डुडेजा, सरदार कुलजीत सिंह, यश कुकरेजा, उमेश अरोड़ा, वरुण कथुरिया, संदीप कथुरिया, सरदार परमजीत सिंह, सरदार हरजीत सिंह ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। वुमेन पावर की फाउंडर प्रेसीडेंट चांदनी आजाद अली का कहना है कि ऐसे लोगों का उत्साह देखकर समाज हित में कार्य करने के लिए उनका उत्साह और बढ़ जाता है। वुमेन्स पावर की टीम से जो मुख्य भूमिका रही। वह डौली कपूर की थी। साथ ही अमन, उमंग, श्वेता, स्नेहा, कल्पना, दीपांशु, अंजलि गुप्ता, सुधा, कपिल मौजूद रहे।

## आज होगा सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि हरियाणा के परिवहन, खनन एवं कौशल विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा सोमवार छह दिसंबर को गांव सीकरी में पौधारोपण व सौंदर्य कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। उपायुक्त ने बताया कि सर्विस लेन पर पीर बाबा के नजदीक प्रातः 11 बजे कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा इस कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे।

# आपदाओं के समय फ्रंट लाइन में काम करती है सिविल डिफेंस टीम

### छह दिसम्बर स्थापना दिवस पर विशेष

### गुरुग्राम में सिविल डिफेंस के हैं करीब 850 वॉलंटियर

### वर्ष 2005 में सिविल डिफेंस को फ्रंट लाइन में किया गया शामिल

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**तन** पर हरी जैकेट पहने फौजियों की तरह मुस्तैद नौजवान प्राकृतिक आपदाओं, हादसों में जान-माल को बचाने में जुटे नजर आएं तो समझ जाएं कि ये उस टीम के सदस्य हैं, जो बिना किसी लोभ-लालच, बिना किसी वेतन के काम करने वाले सिविल डिफेंस के वॉलंटियर हैं। वर्ष 2005 में फ्रंट लाइन में शामिल किए गए सिविल डिफेंस गुरुग्राम में भी बेहतरीन सेवाएं देती रहती हैं। यहां करीब 850 सदस्य अपने-अपने प्रोफेशन के साथ इसमें अपनी सेवाएं देते रहते हैं।


सिविल डिफेंस की टीम।

## कोरोना काल में किए बेहतरीन काम

**गुरुग्राम** सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन मोहित शर्मा के मुताबिक कोरोना काल में भी सिविल डिफेंस ने बेहतरीन काम किए हैं। तब से अब तक सिविल डिफेंस स्वयंसेवक लगातार सेवारत हैं। प्रशासन का प्रमुख चेहरा बनकर विश्वास जगाया है कि हम हैं। वैक्सीनेशन, राशन बांटने, लेबर को सहायता में सदैव खड़े रहे हैं। प्रशासन की तरफ से इन स्वयंसेवकों का धन्यवाद किया गया है। उनके कार्यों को मुख्यमंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने सराहा है। सिविल डिफेंस विश्वास दिलाता है कि भविष्य में भी स्वंयसेवक उत्तम सेवाएं दते रहेंगे। प्रशासन का प्रमुख चेहरा बनकर नि:शुल्क सेवा करते रहेंगे।

वर्ष 1968 में लोकसभा में एक एक्ट पास किया गया था। इसमें कहा गया था कि समाज में स्वयंसेवकों को प्रशासन के साथ फ्रंट लाइन में जोड़ा जाए। उन्हें आपातकालीन स्थितियों, आपदाओं के समय में सेवा में लगाया जाए। स्थानीय स्तर पर उनकी मदद ली जाए। उस समय भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ था। उस समय सिविल डिफेंस को पुलिस के साथ अटैच करके काम लिया गया। वर्ष 2005 में नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी बनी थी, तब भी सिविल डिफेंस को फ्रंट लाइन में शामिल किया गया। जहां भी आपदा हो, हादसे हों तो सिविल डिफेंस की टीम बिना देरी के वहां पहुंचे, यही उद्देश्य है।

सिविल डिफेंस का स्थापना दिवस छह दिसम्बर को मनाया जाता है। गुरुग्राम में सिविल डिफेंस वर्ष 1968 से काम कर रही है। यहां जिला परिषद में कार्यालय है। सिविल डिफेंस गृह मंत्रालय के अधीन आता है। राज्य स्तर पर होमगार्ड के डीजी सिविल डिफेंस के निदेशक हैं। जिला स्तर पर जिला उपायुक्त इस शाखा के नियंत्रक हैं। उनके तत्वाधान में ही सिविल डिफेंस काम करती है। एसडीएम नॉर्थ अंकिता डिप्टी कंट्रोलर हैं। गुरुग्राम मेट्रो सिटी है। इसलिए यहां पर कई स्तर पर इसके अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। यहां सीनियर चीफ वार्डन रिटायर्ड विंग कमांडर हैं, जबकि दो चीफ वार्डन राजेश दुआ व मोहित शर्मा हैं। सिविल डिफेंस के लिए पूरे गुरुग्राम को 20 डिवीजन में बांटा है। किसी भी आपातकाल स्थिति में आग लगने, डूबने आदि में सिविल डिफेंस आगे आती है। कम से कम जान-माल का नुकसान होने का प्रयास रहता है।


गुरुग्राम में इस बदलाव की ओर देख रहा भारत नामक पुस्तक का विमोचन करते अतिथि।

# इस बदलाव की ओर देख रहा भारत पुस्तक बताएगी कैसे दूर करें समस्याएं

### इस बदलाव की ओर देख रहा भारत नामक पुस्तक का हुआ विमोचन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**प्रदेश** के राजनीतिक विशेषज्ञ एवं समाजसेवी महेश गोयल ने इस बदलाव की ओर देख रहा भारत नामक पुस्तक लिखी है। रविवार को क्षेत्र के विभिन्न समाजसेवियों के मौजूदगी में इस पुस्तक का विमोचन किया गया।

मौजूदा स्थिति में देश किस तरफ देख रहा है, देश के लोगों को मुख्य आवश्यकताएं क्या है, इन सब बातों को किताब के माध्यम से सरकार तक लोगों की बात पहुंचाने का कार्य किया है। लेखकर महेश गोयल ने बताया कि आजादी के बाद से हमने अलग-अलग प्रदेशों में और देश में विभिन्न पार्टियों की सरकारें देखी है। जब चुनाव का समय आता है तो हर पार्टी अपने अलग-अलग मुद्दे लेकर जनता के बीच आ जाती है। आज जनता को किस चीज की जरूरत है या नहीं है, यह सब जाने बगैर विभिन्न पार्टियों द्वारा जनता को गुमराह करने के लिए लोक लुभावने वायदे कर दिए जाते हैं। जनता को असलियत में आवश्यकता क्या है जनता चाहती क्या है, इसके बारे में शायद ही कोई पार्टी पूछती हो।

महेश गोयल ने कहा कि हमने किताब के माध्यम से जनता की जरूरतों को बताया है। महेश गोयल ने कहा कि उन्होंने देश के सभी प्रदेशों का भ्रमण किया है। सभी आम नागरिकों से बात की उसके बाद देश की स्थिति को इस किताब के माध्यम से सबके सामने रख रहा हूं। इस मौके पर अखिल भारतीय वैश्य समाज के उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता, बार एसोसिएशन के सीनियर एडवोकेट सतीश शर्मा, समाजसेवी तेजपाल गोयल, मुकेश गोयल, ग्राम कासन निवासी देवेंद्र कुमार, प्रेमपाल चौहान, सेंट्रल पार्क रिजॉर्ट रेजिडेंट एसोसिएशन व ऑर्चिटपेटल आरडब्लूए के पदाधिकारी और शहर के अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त-समाचार

### 134ए की परीक्षा में बैठे 281 परीक्षार्थी, 21 गैरहाजिर


सोहना में 134ए के तहत परीक्षा देते हुए परीक्षार्थी।

**सोहना।** रविवार को हुई 134ए के तहत परीक्षा में 21 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। परीक्षा में कक्षा 2, 3, 4 और 7 में 4-4 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। कक्षा नौ में सभी 23 परीक्षार्थियों ने पेपर दिया। शहर के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में 134ए की परीक्षा का पेपर हुआ। परीक्षा में कक्षा 2 से 9वीं के विद्यार्थियों ने 134ए का पेपर दिया। परीक्षा में 302 में से 281 परीक्षार्थी ही हाजिर रहे। कक्षा 5 व 6 में दो-दो परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। कक्षा 8 वीं में एक तथा नौंवी में सभी 23 परीक्षार्थी पहुंचे। परीक्षा केन्द्र पर गठित की गई कमेटी सदस्यों में सीनियर सैकेंडरी स्कूल अभयपुर की प्रधानाचार्य रेखा मलिक, स्थानीय स्कूल की प्रधानाचार्य और कार्यवाहक बीईओ सुनील कुमारी, राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल प्रधानाचार्य बिन्दु, राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल बादशाहपुर की प्रधानाचार्य अम्बिका, जखोपुर से निजी स्कूल संचालक तेजपाल सैनी, कादरपुर से ओमबीर सिंह और बीईओ कार्यालय से हैड क्लर्क जसवंत सिंह के निरिक्षण में परीक्षा पूर्ण कराई। सुनील कुमारी ने बताया कि परीक्षा शांतपूर्ण वातावरण में कराई गई। परीक्षा में गैरहाजिर रहने वाले परीक्षार्थियों की सूचना उच्चाधिकारियों को दे दी गई।

### गंदगी और सूअरों से परेशान हैं सेक्टर-9 वासी



**गुरुग्राम।** कहने तो तो यह सेक्टर है, लेकिन यहां जगह-जगह गंदगी फैली रहती है। गंदगी में मुंह मारते सूअरों के कारण दुर्गंध दूर तक फैलती है। इससे क्षेत्र के लोग काफी परेशान हैं। बार-बार शिकायतें करने के बाद भी यहां सफाई नहीं की जाती। हम बात कर रहे हैं सेक्टर-9 क्षेत्र की। यहां लोगों के प्लॉट्स भी हैं। उनमें कोठियां भी बनी हैं और किसी क्षेत्र में सोसायटियां भी बनी हैं। यहां की निवासी रीना झा एडवोकेट का कहना है कि गंदगी के कारण लोगों को जीना दुभर हो गया है। ना तो ठीक से खा-पी सकते हैं और ना ही घर में रह पाते हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सूअरों की भी संख्या काफी है। जिस कारण समस्या और भी बढ़ रही है। गंदगी से निकलकर सुअर सड़क तक आ जाते हैं और सड़क पर विचरते रहते हैं। इस कारण यहां दुर्घटनाएं भी होने का अंदेशा रहता है। उन्होंने नगर निगम से मांग की है कि क्षेत्र की इन समस्याओं को दूर करे, ताकि यहां लोग चैन से रह सकें।

### बिजली की दुकान से सामान चोरी

**सोहना।** हार्डवेयर की दुकान में ग्राइंडर से दरवजा काटकर हजारों रुपये के बिजली का सामान चोरी हो गया। पुलिस ने दुकानदार की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरी करने वाले चोरों की खोज में जुट गई है। शहर के बिजली निगम एसडीओ कार्यालय के सामने बिजली की दुकान में शनिवार-रविवार की रात में अज्ञात चोरों ने पहली मंजिल पर लगा लोहे के दरवाजे को पहले ग्राइंडर से काटा। उसके बाद अंदर लगा शटर तोड़ चोर अंदर घुसे और बिजली का सामान चोरी किया। जिसमें 35 से 40 तारों के मंडल शामिल है। जिनकी कीमत 15 से 20 हजार रुपये बताई जा रही है। एसआई अशोक कुमार ने बताया कि दुकान मालिक की शिकायत के आधार पर मौके की जांच की गई। सीसीटीवी कैमरों को तोड़ गए।

# डेरा सच्चा सौदा की संगत ने जराऊ गांव में लेबर को बांटे गर्म वस्त्र

### गुरुग्राम से काफी संख्या में संगत पहुंची जराऊ गांव

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**सर्दियों** का मौसम आ गया है। सुविधाओं से वंचित लोगों की चिंता करना भी जरूरी है। इसी कड़ी में रविवार को डेरा सच्चा सौदा के अनुयायियों ने ईंट-भट्टा लेबर को गर्म वस्त्र, कंबल वितरित किए। लेबर को अलग-अलग स्थानों से एकत्रित करके गांव में एक स्थान पर इकट्ठा किया गया। वहां पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिला परिषद के उपाध्यक्ष संजीव कुमार यादव ने सेवादारों के साथ मिलकर वस्त्र दिए।

ग्रीन एस. वेलफेयर विंग की ड्रेस में सेवादारों ने नारा लगाकर इस कार्य की शुरुआत की। लेबर में महिला, पुरुषों के अलावा उनके बच्चों को भी साइज के हिसाब से गर्म वस्त्र दिए गए। करीब 500 सदस्यों को यहां सामान वितरित किया गया। इससे पूर्व संगत के जिम्मेदारों की ओर से क्षेत्र में एक सर्वे कराया गया था। उसी के आधार पर यहां सामान दिया गया। यहां कपड़ों के अलावा परिवारों को ब्लैंकेट (कंबल) भी दिए गए, ताकि वे ठंड से बच सकें। गर्म कपड़ों के साथ मास्क भी सभी को दिए गए।


फर्रूखनगर के गांव जराऊ में डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों की तरफ से जरूरतमंदों को सर्दियों के वस्त्र वितरित करते जिला परिषद उपाध्यक्ष संजीव कुमार यादव।

मुख्य अतिथि जिला परिषद के उपाध्यक्ष संजीव कुमार यादव ने कहा कि डेरा के सेवादारों ने यह परोपकार का कार्य किया गया है। परोपकार में पौधे लगाने की बात हो, कपड़े बांटने की बात हो या गरीब कन्या की शादी की बात हो, डेरा सच्चा सौदा के अनुयायी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। मैं इनकी आस्था का कायल हूं। इनके देने की भावना की वे सराहना करते हैं। उन्होंने कहा कि कभी भी उनके लायक कोई सेवा हो तो नि:संकोच बता सकते हैं। वे सदा तैयार मिलेंगे।

जजपा नेता अमरनाथ ने कहा कि 135 मानवता भलाई के कार्य लगातार किए जाते हैं। डेरा के सेवादार गरीबों, मजदूरों की चिंता करते हुए उनके लिए यहां सामान दे रहे हैं। भंगीदास श्याम सुंदर इंसा ने कहा कि डेरा सच्चा सौदा की संगत नियमित तौर पर मानवता भलाई के कार्य करते रहते हैं। बीमारों को दवाई, राशन आदि दिया जाता है। अति गरीब परिवारों को मकान बनाकर भी देते हैं। इस साल दो परिवारों को मकान बनाकर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि संत गुरमीत डा. राम रहीम सिंह जी इंसा के दिखाए गए मानवता भलाई के मार्ग पर चलते हुए संगत का हर सेवादार सेवा में जुटा रहता है।

## गुरुजी ने दिखाया इंसानियत का रास्ता

**ग्रीन** एस वेलफेयर फोर्स विंग से बहन निर्मला इंसा ने कहा कि गुरुजी ने जो इंसानियत का रास्ता हमें दिखाया है, उस पर सदा चलते रहेंगे। हर उस जरूरतमंद तक वह सेवा पहुंचाएंगे, जो सेवा उसे चाहिए। चाहे बीमार को दवा देनी हो या आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को राशन देना हो। दिन-रात सेवादार इस काम में जुटे हैं। इस अवसर पर श्याम सुंदर इंसा, राजेंद्र सिरोही इंसा, मुकेश इंसा, नरेंद्र इंसा, कृष्ण इंसा, देवकरण इंसा, 45 मेंबर अनीता, सुजान बहन बाला, बबीता समेत काफी संख्या में साध-संगत मौजूद रही।

# घाटी में टूटी सुरक्षा दीवार दे रही हादसों को न्योता

### इस वर्ष हुए छह वाहन हादसे का शिकार

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**सोहना** घाटी में सड़क किनारे बनी रिटर्निंग दीवार (सुरक्षा के लिए बनी दीवार) करीब एक किलोमीटर की दूरी में आठ से 10 स्थानों पर पिछले छह माह से टूटी हुई है। टूटी हुई दीवार जानलेवा हादसों को दावत दे रही है। स्थानीय निवासी जल्द ही टूटी दीवारों को बनाए जाने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को लिखित में शिकायत देकर मांग करेंगे।

सोहना से तावडू मार्ग की घाटी में सड़क के एक तरफ बनी रिटर्निंग दीवार करीब छह ऐसे स्थानों पर टूटी हुई है। जहां पक्के मकान बनाकर शहरवासी रह रहे हैं। यदि घाटी से टूटी हुई दीवार के स्थान से वाहन नीचे गिर गया तो कई परिवारों के लिए जान का खतरा बन सकता है। करीब एक माह पहले भी 22 टायर वाला ट्रॉला घाटी से करीब 30 फुट गहराई में बने पक्के मकानों के पास रिटर्निंग दीवार तोड़कर गिर गया था। हादसे में झोपड़ी में सो रही महिला बाल-बाल बच थी। ट्रॉला के गिरने से आस-पास बने मकानों की दीवारें फट गईं। स्थानीय निवासी तेजराम का कहना है कि लोगों को रात में नींद तक नहीं आती है। उन्हें घाटी से कब कौन से वाहन टूटी दीवार से कूदने डर हमेशा ही बना रहता है।


सोहना घाटी में तावडू मार्ग पर टूटी हुई दीवार। (लाल घेरे में)

## कोहरे में अधिक खतरा

**वार्ड-13** के निवासी भजनलाल ने बताया कि घाटी के साथ-साथ कॉलोनी के 250 से 300 मकान आते हैं। जिनमें एक हजार से 1200 लोग निवासी करते हैं। मकानों की घाटी से 10 से लेकर 80 फुट तक की गहराई है। सर्दी के मौसम में पड़ने वाला कोहरे में वाहनों के गिरने का खतरा अधिक रहता है। वैसे भी कब कौन से वाहन कहां गिर जाए। यह खतरा 24 घंटे पूरे साल स्थानीय निवासियों के सिर मंडराता रहता है।

**प्रशासनिक अधिकारियों को करेंगे शिकायत :** स्थानीय निवासी पार्षद अनिल कुमार का कहना है कि यह सोहना से तावडू जाने वाला मार्ग पलवल जिले के अधीन आता है। स्थानीय लोग पलवल जा नहीं सकते। उसके लिए कॉलोनी के निवासी एसडीएम को शिकायत देकर टूटी हुई दीवारों को बनाए जाने की मांग करेंगे।

**छह वाहन खाई में गिरे :** वर्ष 2021 में घाटी से नीचे उतरते समय इस साल छह वाहन घाटी की दीवार तोड़ते हुए 20 से 30 फुट गहराई में गिरकर हादसे का शिकार हुए हैं, लेकिन किसी भी हादसे में जनहानि नहीं हुई है। चालक -परिचालक चोटिल हुए। मकान और अन्य वाहनों को क्षति पहुंची थी।

# एक आवाज के वॉलंटियर्स ने खुद संभाली कमान

### एक आवाज संस्था की ओर से की गई सेक्टर -14 मार्केट की सफाई

### पता चलने पर प्रशासन ने भेजे सफाईकर्मी और हॉर्टिकल्चर से ट्रैक्टर-ट्रॉली

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**एक** आवाज संस्था की आदत में यह शुमार हो गया है कि जब भी प्रशासन की ओर से कोई सहायता नहीं दी जाती तो वे स्वयं कमान संभालते हैं। ऐसा ही सेक्टर-14 में साफ-सफाई के लिए रहा। संस्था सदस्यों ने दीवाली से पहले यहां की सफाई की शिकायत दी तो कोई सफाई करने नहीं पहुंचा। तो स्वय संस्था ने कमान सम्भाली और संस्था के पहुंचते ही प्रशासन की भी नींद खुली।


गुरुग्राम की सेक्टर-14 मार्केट में सफाई करने के साथ आंधी में टूटे पेड़ हटाते एक आवाज संस्था के सदस्य।

एक आवाज संस्था के संस्थापक राज सैनी बिसरवाल के मुताबिक संस्था की ओर से दीवाली से पहले सेक्टर-14 मार्केट में सफाई के लिए ट्विटर के माध्यम से अवगत कराया गया था। उस शिकायत पर कोई संज्ञान संज्ञान नहीं लिया गया। जिसके लिए एक बार फिर अवगत कराया, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ पहले भी कई बार ऐसा हो चुका है। पर्यावरण को सही रखने का जिम्मेदारी समझते हुए एक आवाज संस्था के सदस्यों ने निर्णय लिया कि वे खुद ही इस काम को करेंगे। रविवार को संस्थापक अध्यक्ष राज सैनी बिसरवाल, चेयरमैन विकास गुप्ता, महासचिव आशीष गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजेश सैनी अपने पर्यावरण सैनिकों के साथ सेक्टर-14 मार्केट में सफाई करने पहुंच गये। इस बात की सूचना जे. ई को मिलने पर प्रशासन की भी नींद खुली और आनन-फानन में सफाईकर्मी और हॉर्टिकल्चर विभाग की ओर से ट्रेक्टर-ट्रॉली मौके पर भेजे गये।

संस्था प्रशासन से एक बार फिर अपील करती है। की सेक्टर 14 की एक नामी मार्केट है, इसका सही से रख रखाव किया जाए। यहा चारों तरफ अब भी मिट्टी के ढेर पड़े हैं, जिसके कारण प्रदूषण व गंदगी बढ़ती है व आवारा जानवर का वास होता है। इस लिए यहां जेसीबी के माध्यम से फालतू मिट्टी उठवाई जाए। और सही तरीके से ग्रीन बेल्ट बनवाई जाए। इस मौके पर पर्यावरण सैनिक हितेश, डॉक्टर संदीप, प्रदीप, शिव मौर्या, कर्मजीत सिंह, जय अत्री, विशु मनोज सरहौल, मोनु सरहौल, अंकित सिंह, विशु आदि मौजूद रहे।

# पेड़ों के चारों ओर खींचा सुरक्षा घेरा

एन रोहिल्ला। सोहना

**पायनियर** समाचार पत्र में छपी खबर का असर देखने को मिला। गुरुग्राम-सोहना के बीच निर्माणाधीन एलिवेटेड मार्ग पर ठेकेदार ने सड़क के बीचों बीच खड़े पेड़ों के चारों ओर सुरक्षा की दृष्टि से टिनशेड लगाते हुए हादसे की संभावना को कम कर दिया। ठेकेदार द्वारा पेड़ों को काटे बिना सड़क का निर्माण कर गया दिया था। जिससे जानलेवा हादसे होने की संभावना को लेकर खबर प्रकाशित की गई थी। ठेकेदार वन विभाग से पेड़ों की कटाई करने के लिए अनुमति लेने के प्रयास में जुट गया है।



एलिवेटेड मार्ग के बीच में आ रहे पेड़ों के चारों और लगाए गए सुरक्षा के घेरे।

एक दिसंबर को पायनियर समाचार पत्र में गुरुग्राम-सोहना के बीच निर्माधीन एलिवेटेड मार्ग की शुरुआत में शहर के दमदमा मोड़ पर करीब आधा दर्जन पेड़ों को काटे बिना बनाई गई सड़क की समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। जिसका असर ठेकेदार और एचजी इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के अधिकारियों पर देखने को मिला है। ठेकेदार ने सड़क के बीच में आ रहे पेड़ों के चारों और रिफलेक्टर वाली टिनशेड़ लगा दी है। जिससे दिन ही नहीं रात के समय में भी वाहन चालकों को सड़क के बीच में खड़े पेड़ दूर से नजर आएंगे। ठेकेदार द्वारा ऐसा किया जाने से पेड़ों से वाहन टकराने की संभावनाएं कम हो गई है।

**एसडीएम को की थी शिकायत :** सड़क का निर्माण पेड़ों के काटे बिना किए जाने का मामला वन विभाग के स्थानीय अधिकारियों के संज्ञान में आया था। वैसे ही विभाग के अधिकारी ने भी सड़क हादसा होने की संभावना को देखते हुए एसडीएम को शिकायत कर ठेकेदार को पत्र लिखते हुए तीन दिन में जवाब मांगा था। जानकार सूत्रों के अनुसार एचजी इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने अभी तक वन विभाग के पत्र का जवाब नहीं दिया है। ठेकेदार सोमवार या मंगलवार को पेड़ों की कटाई के लिए फाइल लगाने की तैयारी कर रहा है।

**क्या कहते हैं वन विभाग अधिकारी :** वन विभाग के स्थानीय अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि एचजी इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड़ कंपनी के ठेकेदार ने अभी तक न तो उनके द्वारा लिखे पत्र का जवाब दिया है। न ही पेड़ों की कटाई को लेकर अनुमति मांगी है।

# क्यू आर कोड स्कैन करते ही मोबाइल पर होगी भागवत गीता

### गुरुग्राम की दो छात्राओं ने तैयार की महाभारत पर पेरियोडिक टेबल

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**हरियाणा** में सरकारी स्कूलों में शिक्षा के स्तर को लेकर अक्सर नकारात्मक बातें उठती रहती हैं। चाहे वह पढ़ाई के स्तर पर हो या फिर इंफ्रास्ट्रक्चर की। इन सब नकारात्मक बातों के बीच गुरुग्राम के बजघेड़ा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की दो छात्राओं ने बड़ा सकारात्मक काम किया है। उन्होंने महाभारत के पात्रों और श्रीमद्भागवत गीता के क्यू आर कोड तैयार किए हैं। अब उन्हें अपने मोबाइल से स्कैन करके कोई भी जानकारी हासिल की जा सकती है। इसे नाम दिया गया है पेरियोडिक (सामयिक) टेबल ऑफ महाभारत इन क्यू आर कोड।

इन क्यूआर कोड को स्कैन करने पर महाभारत के पात्रों के बारे में तो जानकारी मिलेगी ही, साथ में गीता के 18 अध्यायों की वीडियो भी यहां देखी जा सकती है। संस्कृत और अंग्रेजी भाषा में श्रीमद्भागवत गीता होगी। अध्यायों की पीडीएफ कॉपी डाउनलोड कर सकते हैं। इस प्रियोडिक टेबल को विद्यालय की कक्षा नौवीं की दो छात्राओं साक्षी व स्नेहा ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित मौलिक मुख्य अध्यापक मनोज कुमार लाकड़ा के मार्गदर्शन में बनाया है। प्रियोडिक टेबल में महाभारत के विशिष्ट पात्रों को क्यूआर कोड में दर्शाया गया है। इसके साथ-साथ श्रीमद्भागवत गीता के सभी 18 अध्यायों की वीडियो, गीता के 18 अध्यायों की पीडीएफ कॉपी, संस्कृत व अंग्रेजी भाषा में गीता के भी क्यू कोड तैयार किए हैं।



महाभारत व श्रीमद् भागवत गीता के तैयार पेरियोडिक टेबल के साथ छात्राएं साक्षी व स्नेहा व मौलिक मुख्याध्यापक मनोज कुमार लाकड़ा।

## अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव से ली प्रेरणा

**विद्यालय** के मौलिक मुख्याध्यापक मनोज कुमार लाकड़ा के मार्गदर्शन में बजघेड़ा स्कूल की कक्षा नौवीं की दो छात्राओं साक्षी और स्नेहा ने कुरुक्षेत्र में चल रहे अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव से प्रेरणा लेकर महाभारत के विशिष्ट पात्रों व श्रीमद्भागवत गीता को क्यूआर कोड देने की अनोखी पहल की है। कोई भी व्यक्ति बड़ी आसानी से अपने मोबाइल फोन के क्यूआर कोड स्कैनर ऐप के माध्यम से इन कोड को स्कैन कर जानकारी प्राप्त कर सकता है। कोड स्कैन करते ही सारी जानकारी मोबाइल स्क्रीन पर होगी।

## पुस्तकों व पेड़ों के बनाए जा चुके हैं क्यूआर कोड

**अध्यापक** मनोज कुमार लाकड़ा पिछले दो वर्षों से मोबाइल लर्निंग व क्यूआर कोड्स पर कार्य कर रहे हैं। इससे पहले उनके छात्र हिमांशु व सोनु ने प्रियोडिक टेबल ऑफ बुक्स इन क्यूआर कोड्स बनाया था। पाठ्यक्रम की कक्षा पहली से दसवीं तक की सभी पुस्तकों (अंग्रेजी व हिंदी) तथा हिंदी व्याकरण पुस्तक को क्यूआर कोड का 130 पुस्तकों का प्रियोडिक टेबल बनाया था। इसके बाद विद्यालय के हर पेड़-पौधों की विशिष्ट जानकारियों का क्यूआर कोड बनाकर हर पेड़-पौधों पर लगाया गया था। बजघेड़ा का यह विद्यालय प्रदेश का पहला क्यूआर कोडेड पेड़-पौधौं वाला विद्यालय बना था। इसके बाद इन्हीं छात्रों ने क्यूआर कोडेड चार्ट बनाए, जिसे कई दूसरे सरकारी विद्यालयों की दीवारों व कक्षा कक्ष में मुफ्त में लगाया गया।

## स्मार्ट युग में सबको स्मार्ट होना जरूरी : मनोज कुमार

**मनोज** कुमार लाकड़ा का कहना है कि आज के स्मार्ट युग में सबका स्मार्ट होना जरूरी है। साथ ही कहा कि रामायण, महाभारत व श्रीमद्भागवत गीता को बच्चों को अवश्य पढ़ायी जाना चाहिए। इस प्रियोडिक टेबल को बनाने का मुख्य उद्देश्य भी यही है कि बच्चे इन क्यूआर कोड को स्कैन कर महाभारत व गीता से सम्बन्धित सारी जानकारी प्राप्त कर सकें। क्योंकि उनके पास स्मार्टफोन उपलब्ध है। इसका मुख्य उद्देश्य समय और धन बचाना है। विद्यालय की प्रधानाचार्य अंजू कपूर ने दोनों छात्राओं साक्षी व स्नेहा को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## क्या हैं क्यू आर कोड

**क्यूआर** कोड (क्विक रिस्पांस के लिए संक्षिप्त) बार कोड हैं, जिन्हें मोबाइल फोन (स्मार्टफोन) कैमरों द्वारा पढ़ा जा सकता है। तकनीक के दौर में आजकल लगभग हर दुकान, स्टोर, मॉल आदि में क्यूआर कोड स्कैन करके ही पेमेंट आदि की जाती है। अनेक कंपनियों के क्यूआर कोड स्कैन करके हम पेमेंट करते हैं।

# पांचवीं मेवात प्रो कबड्डी लीग प्रतियोगिता: ताबडू ने घासेड़ा को हराया

## जिला पलवल के हथीन उपमंडल के ऐतिहासिक गांव आली मेव में हुई कबड्डी

रिजवान कासिम। मेवात

**रविवार** को प्रथम मुकाबले में हसनपुर तावडू की टीम ने सालाहेड़ी की टीम को 33 के मुकाबले 21 अंकों से हराकर जीत प्राप्त की, द्वितीय मुकाबले में सराय तावडू की टीम ने टपकन व तीसरे मुकाबले में लुहिंगा कलां की टीम ने मेवात राइडर्स की टीम हराया 7 मेवात राइडर्स की टीम नॉक आउट मुकाबलों में बाहर हुई टीमों के खिलाड़ियों में से अच्छे खिलाड़ियों को चुन कर बनाई गई थी। तावडू व तीन बार के लीग चैंपियन घासेड़ा के बीच हुए मुकाबले में तावडू विजयी रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख इतिहासकार सिद्दीक अहमद मेव ने शिरकत की। उनके साथ वालीबाल खिलाड़ी मुबारिक बीसरू व मेवात विकास सभा के अध्यक्ष एडवोकेट सलामुद्दीन नोटकी, स्कॉलर्स पब्लिक स्कूल बीसरू के संचालक तारीफ, बाबा देव खां पब्लिक स्कूल पुन्हाना के मैनेजर तौफीक सहित मेवात प्रो कबड्डी लीग आयोजन समिति के सदस्यों में एबीएस फाउंडेशन कार्यक्रम अधिकारी नवीन लाठर, लीग आयोजन समिति के अध्यक्ष मास्टर सूबेदार, प्राध्यापक अशरफ मेवाती, खान मौहम्मद रिठौडा, अमरू पहलवान सालाहेडी, मास्टर अरशद, शफी मौहम्मद, इकबाल, वसीम, कमालुद्दीन, जलालुद्दीन, नाजिम आजाद, सहित हजारों खेल प्रेमी मौजूद रहे। इस अवसर आली गांव में लीग आयोजन के मुख्य सदस्य हाजी अल्ताफ हुसैन ने बताया कि 2016 से शुरू हुए आलीमेव रत्न व आलीमेव गौरव आज सर्कल कबड्डी के मशहूर खिलाड़ी रहे स्वर्गीय जान मौहम्मद को तथा आलीमेव गौरव ज इम्तियाज अहमद व पूर्व कैचर उस्ताद बशीर को प्रदान किया गया।

मैचों के दौरान निर्णायक की भूमिका कोच वेद शर्मा, भोला व योगेश मंढनाका तथा मांमचन्द इण्डरी ने निभाई। मेवात प्रो कबड्डी लीग का आयोजन एओवी एग्रो फूड लिमिटेड एवं एबीएस फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है।



आली मेव गांव में प्रो कबड्डी का मैच खेलते खिलाड़ी एवं कबड्डी का लुत्फ उठाते दर्शक।

# शिक्षकों ने रक्त से लिखा मांग पत्र विधायक को सौंपा

## वोकेशनल टीचरों ने मांगों को लेकर सरकार पर लगाया अनदेखी का आरोप

### समान कार्य, समान पद के बावजूद असमान वेतन देने का है आरोप

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**रविवार** को वोकेशनल टीचर एसोसिएशन हरियाणा मेवात की ओर से रक्त से लिखा एक मांग पत्र सोहना तावडू विधायक कुंवर संजय सिंह को उनके कार्यालय पर सौंपा गया। इस पर विधायक संजय सिंह ने उनकी मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखने का आश्वासन उन्हें दिया।

वोकेशनल टीचर एसोसिएशन हरियाणा मेवात के प्रधान भूपेंद्र सिंह लड़ान ने बताया कि प्रदेश के वोकेशनल टीचर अपनी मांगों को लेकर 25 अक्टूबर 2021 से पंचकूला के सेक्टर-5 में धरने पर बैठे हुए हैं। वोकेशनल टीचर अपनी 3 सूत्री मांगों को लेकर लगातार आंदोलन कर रहे हैं। रविवार को आंदोलन का 42वां दिन है। उनकी मांग हैं कि वोकेशनल टीचरों को शिक्षा विभाग में अनुबंध आधार पर कार्यरत 157 वोकेशनल टीचर्स की तरह समाहित किया जाए। उनके के समान ही वेतन अन्य नियमों को लागू किया जाए। उन्होंने बताया कि 2278 वोकेशनल टीचर्स को मात्र 23241 रुपये वेतन के दिए जाते हैं, वहीं 157 वोकेशनल टीचर्स को 48112 रुपये दिए जाते हैं। समान काम समान योग्यता और समान पद होने के बाद भी वेतन में भारी असमानता है। उन्होंने सरकार पर अनदेखी और लापरवाही करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वोकेशनल टीचर्स पर 25 अक्टूबर को पंचकूला में सरकार तथा प्रशासन के द्वारा जबरदस्त लाठीचार्ज किया गया था। जिसमें भारी संख्या में वोकेशनल टीचर्स घायल हुए थे और उन पर मुकदमे दर्ज किए गए थे। वोकेशनल टीचर्स की सरकार तथा शिक्षा विभाग के साथ 12 दौर की वार्ता हो चुकी है। 12वें दौर की वार्ता में 25 नवंबर 2021 को 3 दिन के महाआंदोलन में शिक्षा विभाग के साथ वोकेशनल टीचर्स की सहमति बन गई थी। लेकिन सरकार ने अपने पैर वापस खींच लिए और प्रस्ताव को खारिज कर दिया।

जिसको लेकर पूरे हरियाणा के 2278 वोकेशनल टीचर्स में भारी रोष है। सत्ता पक्ष के विधायकों और सांसदों को वोकेशनल टीचर अपने रक्त से पत्र लिखकर अपनी मांग पत्र सौंप रहे हैं। इसी प्रकार रविवार को जिला प्रधान भूपेंद्र सिंह लड़ान के नेतृत्व में भाजपा विधायक कुंवर संजय सिंह को रक्त से लिखा हुआ मांग पत्र सौंपा गया। इस दौरान जिला उपप्रधान सपना, जिला महिला प्रधान यशोदा, फरीदाबाद जॉन सह प्रभारी रजत, जिला कोषाध्यक्ष कामिल खान, ब्लाक तावडू प्रधान मोहित, ब्लॉक नुह प्रधान असगर हुसैन, फिरोजपुर झिरका ब्लॉक प्रधान रमेश, अन्नू, संजू मजोका, अंकित शर्मा, जोगिंदर कल्याण, प्रदीप, मोहम्मद शाहिद आदि वोकेशनल टीचर्स उपस्थित रहे।



विधायक संजय सिंह को मांगपत्र सौंपते हुए वोकेशनल टीचर।



# उधार के सिंदूर पर सुहागिन बनने की कर रहे हैं कोशिश : प्रवीण

### जिला भाजपा कार्यालय में में दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का हुआ समापन

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

**जिला** भाजपा कार्यालय में जारी भाजपा के दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का रविवार को समापन किया गया। इस मौके पर प्रवक्ता प्रवीण अत्रे ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित दल है। उन्होंने कहा कि भाजपा अन्य दलों की तरह वंशवाद व भाई-भतीजावाद की सोच पर ना चलते देशहित व राष्ट्रवाद की सोच रखती है। उन्होंने कहा कि मीडिया की आवाज दबाकर संविधान संशोधन करने वाले उधार के सिंदूर पर सुहागिन बनने की आज कोशिश कर रहे है। लेकिन जनता आज सबकी हकीकत जानती है।

दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के दौरान वक्ताओं ने भाजपा इतिहास, विकास, केंद्र सरकार की सात वर्ष की उपलब्धियां, प्रदेश सरकार की उपलब्धियां, सोशल मीडिया सहित 11 विभिन्न मुद्दों पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया। समापन समारोह के दौरान मुख्यअतिथि के तौर पर किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुखविंद्र मांढ़ी ने किसान व खेती मुद्दे पर, प्रवक्ता प्रवीण आत्रे ने सोशल मीडिया पर, पानीपत से विधायक महिपाल ढ़ांडा ने पंचायत एवं नगर परिषद चुनाव विषय पर, जिला प्रभारी व प्रदेश सचिव मनीष मित्तल ने जिला संगठन विस्तार एवं सुदृढीकरण विषय पर एवं जिला अध्यक्ष शंकर धूपड़ ने जिला कार्यकारिणी एवं मंडल योजनाओं धन्यवाद ज्ञापन विषय पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया। इस मौके पर किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सुखविंद्र मांढ़ी ने कहा कि भाजपा का यह प्रशिक्षण शिविर प्रदेश के 22 जिलों में आयोजित किया गया है। इस प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को विभिन्न माध्यमों में प्रशिक्षित करना है, ताकि वे जनता के बीच जाकर इन माध्यमों से भाजपा का प्रचार-प्रसार कर सकें। किसान आंदोलन पर बोलते हुए मांढ़ी ने कहा कि हर सरकार में किसानों का आंदोलन होता रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों को विकल्प के तौर पर किसानों के समक्ष तीन कृषि कानून रखे थे, जिन्हें नापसंद किए जाने पर उनको वापस ले लिया।

# 75 विद्यालयों में नि:शुल्क योग साधना शिविर शुरू

### हरियाणा योग आयोग के तत्वावधान में हो रहे शिविर

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**हरियाणा** योग आयोग, पंचकूला के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव एवं स्वाधीनता की 75 वीं वर्षगांठ पर आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में कुरुक्षेत्र की विशिष्ट योग संस्थाओं के सहयोग से जिला के 75 विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए पांच दिवसीय नि:शुल्क योग साधना शिविरों का शुभारंभ हुआ।

आयोग के चेयरमैन डॉ. जयदीप आर्य की प्रेरणा, रजिस्ट्रार डॉ हरीश चंद्र के मार्गदर्शन व कार्यक्रम के स्थानीय संयोजक भारतीय योग संस्थान के पूर्व संगठन मंत्री डॉ. मनीष कुकरेजा के योजनाबद्ध संचालन में यह योग साधना शिविर 9 दिसंबर तक चलेंगे। इन शिविरों के आयोजन में पतंजलि योग समिति, भारतीय योग संस्थान, आर्ट ऑफ लिविंग तथा प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय व इन सभी संस्थाओं के प्रबुद्ध योग शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता रही। सभी विद्यालयों में योग शिविरों का प्रारंभ ओम ध्वनि एवं गायत्री मंत्र उच्चारण के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों को गर्दन, कंधे, बाजू, टांग इत्यादि की सूक्ष्म क्रियाएं, सूर्य नमस्कार, पद्मासन, वज्रासन इत्यादि करवाए गए। हास्य आसन करवाने के साथ-साथ विद्यार्थियों को इसके लाभ भी विस्तार से बताए गए।

## चोरी कार सालाका-मालका के रास्ते से हुई बरामद

**तावडू।** उपमंडल के गांव ग्वारका बुराका कॉलोनी से चोरी हुई कार को सदर थाना पुलिस ने सालाका-मालाका गांव की ओर जाने वाले रास्ते से बरामद कर लिया है।

पुलिस मामले की आगामी कार्रवाई में जुटी है। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल सुनील ने बताया 3 व 4 दिसंबर की रात्रि गवारका कॉलोनी निवासी अशोक कुमार की कार को किसी अज्ञात ने चुरा लिया। पीड़ित अशोक की शिकायत पर शनिवार को सदर थाने में चोरी का मुकदमा दर्ज किया था। छानबीन में जुटी पुलिस ने शनिवार को ही सालाका-मालाका गांव की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते में लावारिस हालत में खड़ी कार को बरामद कर लिया। पुलिस मामले की आगामी कार्रवाई में जुटी है।

# तावडू खंड में पिछले हफ्ते कई देशों से आए हैं पांच स्थानीय लोग

### विदेश से आये यात्रियों को लेकर स्वास्थ्य विभाग आया अलर्ट मोड पर

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**उपमंडल** के अंतर्गत बीते हफ्ते में पांच लोग विदेश से लौटे हैं। विदेश से आए लोगों पर स्वास्थ्य विभाग की नजर है। विभाग की ओर से बताया गया कि सभी के जांच नमूने ले लिए गए हैं। जिनमें दो की रिपोर्ट नेगेटिव है। वही 3 की रिपोर्ट आना बाकी है।

तावडू प्रवर चिकित्सा अधिकारी डॉ जगमिंदर सिंह के मुताबिक 28 नवंबर को यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका और कुवैत से एक-एक व्यक्ति तावडू शहर व गांव डालाबास में आया था, दोनों के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए थे जिनकी रिपोर्ट नेगेटिव आई है। इसके अलावा गत 2 दिसंबर को गांव हसनपुर में एक महिला और पुरूष मालदीव से आए तो वहीं उसी दिन गांव भाजलाका मे भी एक व्यक्ति सऊदी अरब से लौटा।सभी के सैंपल ले लिए गए हैं, इनकी रिपोर्ट आना बाकी है। विदेश से आए सभी लोगों को होम क्वारंटाइन किया गया है।

प्रवर चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि ओमीक्रोन वेरियंट को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट है। हालांकि अभी तक अभी तक प्रदेश में भी ऐसा कोई मामला सामने नहीं आया है। फिर भी विदेश खासतौर पर साउथ अफ्रीका क्षेत्र से आने वालों पर विशेष नजर रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि ओमीक्रोन वेरिएंट बहुत तेजी से फैलता है इसलिए इसे घातक माना गया है। पूर्व चिकित्सा अधिकारी के मुताबिक तावडू खंड में 2 दिसंबर तक 1 लाख 495 लोगों को कोराना वैक्सीन पहली डोज लगाई जा चुकी है। जिसमें मोहम्मदपुर अहिर और जौरासी के स्वास्थ्य केंद्रों में 95 फीसदी, तावडू में 75 फीसदी तो पढेनी में 89 फीसदी टीकाकरण हुआ है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि वह वैक्सीन लगवा कर अपने आप को सुरक्षा के दायरे में लाएं। इसके अलावा सरकार के दिशा-निर्देशों के मुताबिक कोविड-नियमों पालन कर मास्क जरूर पहनें। भीड़ भाड़ में जाने से परहेज करें।

# नए वैरियंट को लेकर मंत्री ने दिए अफसरों को दिशा-निर्देश

### सहकारिता मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के अफसरों की बैठक ली

पायनियर समाचार सेवा। रेवाड़ी

**कोरोना** के नए वैरियंट को लेकर चिंतित सरकार की ओर से रविवार को सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारीलाल ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। कहा कि वह अपनी सभी मशीनों व टेस्टिंग में प्रयोग होने वाले उपकरणों की अच्छी प्रकार से चैकिंग कर लें। कर्मचारियों को अच्छी तरह प्रशिक्षित कर पूरी सजगता से कार्य करें।

स्थानीय विश्राम गृह में अधिकारियों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि वे टेस्टिंग पर विशेष ध्यान दें। विदेश से आने वाले प्रत्येक नागरिक की टेस्टिंग करें। उन्होंने अधिकारियों से जिले में आईसीई एक्टिविटी को बढ़ाने की बात कहने के साथ ही यह भी कहा कि सभी कार्यालयों, सार्वजनिक स्थानों, विवाह समारोह में मास्क, सैनेटाइजर, सामाजिक दूरी व अन्य नियमों की पालना कराएं। उन्होंने आईएमए के अध्यक्ष को निर्देश दिए कि कोविड मरीजों का उपचार करने वाले चिकित्सक निर्धारित शर्तों को पूरा करते हुए एस-थ्री पोर्टल पर अपना पंजीकरण अवश्य कराएं तथा क्षमता से अधिक मरीजों का अस्पताल में भर्ती नहीं करें। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों से कहा कि अस्पतालों में ऑक्सीजन की उपलब्धता सुनिश्चित करें।



रेस्ट हाऊस में प्रशासनिक अधिकारियों से कोरोना के नए वैरियंट को लेकर चर्चा करते मंत्री डॉ. बनवारीलाल।

#### 57 प्रतिशत लोगों को लग चुकी है दूसरी डोज

उपायुक्त यशेंद्र सिंह ने बताया कि जिले में 97 प्रतिशत लोगों को जहां पहली डोज लग चुकी है, वहीं 57 प्रतिशत लोगों को दूसरी डोज भी दी जा चुकी है। जिले में वैक्सीनेशन का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है।

## लोगों को रक्तदान के लिए किया प्रेरित

**कुरुक्षेत्र।** जिला रेडक्रॉस सोसाएटी की तरफ से अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में ब्रह्मसरोवर के तट पर शिविर लगाकर महोत्सव में आने वाले पर्यटकों को रक्तदान के लिए जागरूक कर रहे है।

रेडक्रॉस की तरफ से अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में बच्चों द्वारा ब्रह्मसरोवर की चारों दिशाओं में घूम-घूम कर महोत्सव में आने वाले पर्यटकों और स्थानीय लोगों को भी रक्तदान करने के लिए जागरूक कर रहे है। इतना ही नहीं अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में बच्चे अपने साहस और जज्बे के साथ घूम-घूम कर लोगों को कोरोना महामारी के संक्रमण से बचाने के लिए लोगों को मास्क भी वितरित कर रहे है।

# संक्षिप्त समाचार

## कृषि वैज्ञानिकों ने मृदा के प्रति किसानों को किया जागरूक



विश्व मृदा दिवस कार्यक्रम में मौजूद किसानों के साथ कृषि विशेषज्ञ।

**तावडू।** उपमंडल के गांव मोहम्मदपुर अहिर में रविवार को एक खाद वितरण केंद्र परिसर में विश्व मृदा दिवस मनाया गया। इस मौके पर एकत्रित क्षेत्र के किसानों को कृषि वैज्ञानिकों द्वारा मृदा से संबंधित विस्तार पूर्वक जानकारी देकर जागरूक किया गया।विश्व मृदा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का संचालन कर रही डॉ रितु नागदेव ने बताया कि रविवार का यह आयोजन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद व राष्ट्रीय मृदा संरक्षण एवं भूमि उपयोग नियोजन ब्यूरो द्वारा किया गया। इस दौरान दिल्ली से आए कृषि वैज्ञानिक डॉ राजेश मीणा व सुनील कुमार आदि ने उपस्थित किसानों को मृदा परीक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने संयुक्त तौर पर मृदा लवणता के बारे में किसानों को बताया। साथ ही उन्होंने किसानों को मृदा परीक्षण की विधि बताते हुए समय-समय पर खेतों की मृदा की जांच कराने का भी आह्वान किया। उन्होंने पराली और जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव के बारे में भी बताते हुए प्रलय नहीं जलाने का नहीं जलाने व पर्यावरण को सुरक्षित और साफ सुथरा बनाने में सहयोग करने का भी आह्वान किया। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा मंडल से जुड़े सदस्यों सहित सैकड़ों की संख्या में क्षेत्र के किसान भी मौजूद रहे।

## कांग्रेस छोड़ रही है विपक्ष का स्पेस : अशोक तंवर



**भिवानी।** पूर्व सांसद और हाल ही में तृणमूल कांग्रेस में शामिल डाक्टर अशोक तंवर ने कहा कि कांग्रेस विपक्ष का स्पेस छोड़ रही है। पार्टी का नेतृत्व ही उसके लिए जिम्मेदार है। पार्टी का स्तर नीचे जा रहा है। पार्टी के कुछ नेताओं द्वारा गलत काम करने के कारण ऐसा हो रहा है। इसके कारण ही कांग्रेस के हालात बुरे हुए है। डाक्टर तंवर यहां एक शादी समारोह में भाग लेने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि टीएमसी देश की अलग से पार्टी बनकर उभरेगी। देश पार्टी प्रमुख एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तरफ देख रहा है। पार्टी को मजबूती देने के लिए ममता बैनर्जी राज्यों में राजनीतिक दलों से मिल रही है। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र सहित अनेक राज्यों में वह नेताओं से मिली। देश बदलाव की और है। इसकी शुरूआत पांच राज्यों के चुनाव से होगी। गोवा में टीएमसी की पूर्ण बहुमत से सरकार बनेगी और बाकी राज्यों में दूसरी पाटियों से अलायंस करके सरकार बनाई जाएगी। सभी पार्टियां मिलकर मोदी सरकार को पूर्ण रूप से टक्कर देंगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही कार्यकारिणी का गठन होगी और जनवरी में पार्टी की तरफ से प्रदेश में यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा के समापन पर रैली होगी जिसमें ममता बैनर्जी को बुलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी देश में गुलाम नहीं सहयोगी ढूंढ रही है। टीएमसी लोगों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाएगा और जमीनी स्तर पर विरोध करेगा। उन्होंने कहा कि देश में टीएमसी रूझान तेजी से बढ़ रहा है। पार्टी की कुछ दिन पहले कलकता में वर्किंग कमेटी की बैठक हुई थी। उसमें पार्टी संविधान के अनिवार्य बदलाव करने पर सहमति बनी। राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी को मजबूत करने पर बल दिया गया।

## शिल्पकारों की शिल्पकला ने बदला महोत्सव का रंग



**कुरुक्षेत्र।** अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर जहां एक ओर पर्यटक इस भव्य आयोजन का लुफ्त उठा रहे है, वहीं दूसरी ओर ब्रह्मसरोवर के इस पावन तट पर दूसरे प्रदेशों से आए हुए शिल्पकारों की अदभुत शिल्पकला ने इस भव्य आयोजन की फिजा में रंग भरने का काम किया है। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में दूर-दराज से आए हुए शिल्पकारों ने ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर लगने वाले अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के क्राफ्ट और सरस मेले में अपने हाथों की कारागिरी से महोत्सव में आने वाले पर्यटकों को आत्मविभोर होने पर मजबूर कर दिया है। शिल्पकारों के हाथों से बनी सुंदर-सुंदर आकृतियों की शिल्पकला पर्यटकों के मन को बहुत ही लुभा रही है। ऐसे ही पलवल से आए कमलेश ने बताया कि वे पलवल के गांव उटावड से आए है और वे अपने साथ पहाडी मिट्टी, चिकनी मिट्टी से बनी हुई सुंदर-सुंदर आकृतियां लेकर आए है। उन्होंने बताया कि वे इस महोत्सव में पिछले कई वर्षों से आ रहे हैं। हाथ से बनी हुई मिट्टी की सुंदर-सुंदर आकृतियां पर्यटकों के मन को बहुत लुभा रही है।

## तीन गिरफ्तार, 11 अन्य चोरी की घटनाओं का किया खुलासा

**सोनीपत।** थाना कुण्डली की पुलिस ने कम्पनी में घुसकर चोरी करने के प्रयास की घटना में शामिल तीन और शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपी जीशान निवासी रफियाबाद जिला बरेली यूपी हाल नाथूपुर जिला सोनीपत, नवाब हसन निवासी खुर्दबैतुन जिला बरेली यूपी हाल बवाना दिल्ली व जाहिद निवासी रफियाबाद जिला बरेली यूपी हाल नाथूपुर जिला सोनीपत के रहने वाले है। पुलिस प्रवक्ता जगजीत सिंह ने बताया कि गत एक दिसम्बर को राजकुमार निवासी सीसी कालोनी दिल्ली ने थाना कुण्डली में शिकायत दी थी कि राजेश उर्फ राजू निवासी सेरसा व अज्ञात व्यक्तियों ने सबौली स्थित कम्पनी में घुसकर चोरी करने का प्रयास किया है। अनुसंधान टीम ने घटना में शामिल आरोपी राजेश उर्फ राजू निवासी सेरसा को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी से विश्लेषणात्मक पूछताछ करने पर अपने किये अपराधों की स्वीकारोक्ति करते हुए बताया था कि अपने साथियों के साथ मिलकर थाना कुण्डली क्षेत्र में अलग-अलग 6 चोरी करने की घटनाओं को अन्जाम दिया था।

मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए
कासिम खान
ब्यूरो प्रमुख ( साउथ हरियाणा )
9050976800
9416103259
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मत्री मार्केट पिनगवां, मेवात।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# ओमिक्रान संक्रमण
## भयभीत दुनिया

**कोरोना** के ओमीक्रान स्वरूप ने दुनिया में वैश्विक महामारी का भय वापस ला दिया है, लेकिन ऐसा लगता है कि दुनिया ने पिछली लहरों और लाकडाउनों से कोई सबक नहीं सीखा है। दुनिया ने डेल्टा स्वरूप से पैदा विभीषिका देखी है और ओमीक्रान ने अभी अपना विस्तार शुरू ही किया है। अभी निश्चित रूप से नहीं पता कि इसकी संक्रमित करने तथा इसका संक्रमण फैलने की क्षमता कितनी है। लेकिन इससे लड़ने के वैश्विक दृष्टिकोण का स्पष्ट रूप से अभाव है। दक्षिण अफ्रीका ने बिना कोई समय गंवाये दुनिया को ओमीक्रान से संक्रमित मरीजों की जानकारी दी है। उसने इस बात की पुष्टि करने में भी समय नहीं गंवाया कि नए स्वरूप का वास्तव में जन्म कहां हुआ। इसके फौरन बाद दक्षिण अफ्रीका तथा कई अन्य अफ्रीकी देशों पर अमेरिका, यूरोपीय संघ, ब्रिटेन व एशिया के बड़े हिस्सों ने यात्रा प्रतिबंध लगा दिए। इस स्वरूप का पता लगभग 30 देशों में लग चुका है और यह सूची बढ़ रही है। कोई नहीं जानता कि मामले कहीं से बढ़ रहे हैं या कहीं से पैदा हो रहे हैं। जीनोम परीक्षण के लिए नमूने भेजने और नतीजे सामने आने में समय लगता है। अमेरिकी नहीं जानते कि इस स्वरूप का कैलीफोर्निया में कैसे पता लगा या ब्रिटेन में 32 मामले कैसे सामने आए। भारत में मिले दो मामलों में एक मरीज की यात्रा का कोई इतिहास नहीं है। यह कैसे संभव है? जब तक दुनिया का सारा वैज्ञानिक समाज समन्वित टेस्टिंग व ट्रेसिंग कार्यक्रमों के लिए अपने संसाधन नहीं लगाता है तब तक डेल्टा के समय वाली अराजकता बनी रहेगी। यात्रा पर स्वत: नियंत्रण लगाने के साथ ही ज्यादा टेस्टिंग व ट्रेसिंग पर ध्यान देने की




आवश्यकता है। दूसरा मुद्दा टीकाकरण व टीकों की सप्लाई पर तत्काल वैश्विक समझदारी विकसित करना जरूरी है। अमीर देश तथा विकासशील देशों में से कुछ में लोगों द्वारा वैक्सीन से इनकार करने की समस्या सामने आ रही है जिसका कारण लापरवाही या निजता के मुद्दे हैं। जहां तक संक्रमण का सवाल है, ऐसे लोग निश्चित रूप से बाकी लोगों के लिए खतरा पैदा करते हैं। समय आ गया है कि टीकाकरण को विधिक रूप से अनिवार्य बनाने पर वैश्विक बहस हो। यदि लापरवाही के कारण विकसित देशों में टीकाकरण में बाधा है तो टीकों की कमी से दुनिया के सबसे गरीब देशों, खासकर अफ्रीकी देशों में यह प्रक्रिया धीमी हो रही है। संयोग से भारत ने कोवैक्स द्वारा अफ्रीकी देशों को भेजे जाने वाली वैक्सीन के सभी आर्डर पूरे कर दिए हैं, पर केवल इतना काफी नहीं है। दक्षिण अफ्रीका के साथ भारत उस वैश्विक अभियान में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं जिसका उद्देश्य कोविड-19 संबंधी औषधियों से अस्थाई रूप से बौद्धिक संपदा अधिकार हटाने की मांग करना है। अमेरिका ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया है, पर दवा कंपनियां तथा यूरोपीय संघ व ब्रिटेन इसके लिए तैयार नहीं हैं। इसके बजाय वे अपनी वैक्सीनें गरीब देशों को सप्लाई करना चाहते हैं जो एक महंगा सौदा है। उन्होंने ऐसे निर्यात नियंत्रण भी लगाए हैं जो वैक्सीन निवेशों तक पहुंच में बाधा डालते हैं, सप्लायरों द्वारा सप्लाई की समयसीमा पर अनिश्चितता पैदा करते हैं, क्लीनिकल ट्रायल में बाधा डालते हैं तथा नमूनों के आवागमन में बाधा डाल कर केंद्रीकृत परीक्षण स्थलों से वैश्विक क्लीनिकल ट्रायल प्रभावित करते हैं। इसके बावजूद दवा कंपनियां अपने कठोर दृष्टिकोण पर कायम हैं। इसके कारण टीकाकृत व टीकों से वंचित लोगों के बीच भेदभाव पैदा हो रहा है। दुनिया को तेजी से यह असंतुलन ठीक करना जरूरी है।

# पीएचडी उपाधि व उच्च शिक्षा में गुणवत्ता

माइकेल फैराडे ने न कोई प्रशिक्षण पाया था न उनके पास कोई डिग्री थी, चार्ल्स डार्विन के पास दर्शनशास्त्र की 'मामूली' डिग्री थी और जेम्स जूल के पास कोई डिग्री नहीं थी।



**बीजू धर्मपालन**
(लेखक विज्ञान प्रसारक हैं)



अक्सर कहा जाता है कि किसी देश में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता उस देश में तैयार होने वाले पीएचडी उपाधि धारकों की संख्या पर निर्भर होता है। इस उद्देश्य से उच्च शिक्षा के नीति निर्माता हर साल पीएचडी धारकों की संख्या बढ़ाने पर ज्यादा जोर देते हैं। यूजीसी-नैक मान्यता प्रक्रिया में भी किसी संस्थान में पीएचडी धारकों की संख्या पर ज्यादा जोर दिया जाता है। यूजीसी भी सहायक शिक्षकों को फैकल्टी के माध्यम से सुधार कार्यक्रमों द्वारा पीएचडी प्राप्त करने पर जोर देती है। इस प्रकार जिनकी शोध में कोई दिलचस्पी नहीं होती है, वे भी पदोन्नति के लिए पीएचडी प्राप्त करते हैं। क्या ज्यादा संख्या में पीएचडी धारक किसी देश में अकादमिक या शोध संस्कृति को बढ़ावा देते हैं? क्या ऐसे लोग अकादमिक व्यवस्था में कोई बेहतरी पैदा करते हैं? इस महीने के प्रारंभ में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि विश्वविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद हेतु पीएचडी उपाधि का वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में 'समर्थन नहीं' किया जाना चाहिए। इस पर एक बहस शुरू हो गई है। यदि हम एक राज्य विश्वविद्यालय या निजी विश्वविद्यालय से औसत पीएचडी उपाधि धारक की गुणवत्ता का विश्लेषण करें तो कुछ अपवादों को छोड़ कर हमारे सामने उच्च शिक्षा की निराशाजनक तस्वीर सामने आती है। बहुत से लोग ऐसे हैं जो यह भी नहीं जानते हैं कि शोध समस्या को कैसे रखा जाए या संदर्भों का समुचित उपयोग कैसे किया जाए। उच्च शिक्षा की गुणवत्ता किसी की डिग्री पर नहीं छोड़ी जा सकती है। यदि पीएचडी उपाधि धारकों की संख्या व उनके प्रकाशनों की उच्च गुणवत्त का आंकलन गुणवत्ता मापने के लिए किया जाएगा तो हमारे देश अब तक सैकड़ों नोबेल पुरस्कृत लोग पैदा करता और हमने समाज से जुड़ी बहुत सी समस्याओं का समाधान तलाश लिया होता।

अतीत में हमें ऐसे अनेक प्रख्यात वैज्ञानिक मिलते हैं जिनके पास कोई पीएचडी डिग्री या यहां तक कि अच्छी अकादमिक डिग्री तक नहीं थी। माइकेल फैराडे ने न कोई प्रशिक्षण पाया था न उनके पास कोई डिग्री थी, चार्ल्स डार्विन के पास दर्शनशास्त्र की 'मामूली' डिग्री थी और जेम्स जूल के पास कोई डिग्री नहीं थी। कोप्ले मैडल व नोबेल पुरस्कार से सम्मानित जान वाकर के पास तीसरे दर्जे की एक आनर्स डिग्री थी तथा जहाजों के बीच रेडियो संचार का आविष्कार करने वाले एडमिरल हेनरी जैक्सन के पास भी डिग्री नहीं थी। 'द बायोलोजिस्ट' में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार सम्मानित फेलोज़ आफ रायल सोसाइटी-एफआरएस की सूची में शामिल प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों में से 19 प्रतिशत के पास कोई डिग्री नहीं थी। हमारे अपने महान वैज्ञानिक व शिक्षक सर सी.वी. रमन के पास शोध डिग्री नहीं थी। स्पष्ट रूप से डिग्री या ग्रेड शोध या अकादमिक क्षमता या किसी उम्मीदवार की क्षमता का विश्वसनीय संकेतक नहीं हैं। केवल डिग्री स्कोर पर निर्भर रहने के कारण बहुत से विश्व-विख्यात वैज्ञानिकों को वर्तमान समय में सफल कॅरियर बनाने में कठिनाई हो सकती थी। इतिहास के तथ्यों पर गौर करने से स्पष्ट होता है कि केन्द्रीय शिक्षा मंत्री का बयान उन लोगों के लिए स्वागत योग्य कदम है जो प्रमाणपत्रों या डिग्रियों के बजाय ज्ञान व विवेक को महत्व देते हैं।

उच्च शिक्षा में छात्रों को समाज के सामने आने वाली समस्याओं से निपटने के लिए तैयार करने तथा उनको अच्छे मूल्यों वाले नागरिकों के रूप में बदलने की जरूरत है। दुर्भाग्य से आज की शिक्षा इनको समाहित करने में विफल रही है। अकादमिक परिवर्तन केवल विभिन्न विषयों में नवीनतम परिवर्तनों को समाहित करने से हो सकता है। दु:ख की बात है कि हमारे अधिकांश शिक्षक विषय को अद्यतन बनाने में दिलचस्पी नहीं लेते हैं। छात्रों को सत्तर, अस्सी या नब्बे के दशक की सूचनाओं से भर दिया जाता है जो इन शिक्षकों को अपने कालेज के दिनों में मिली थीं और वे छात्रों से विश्वविद्यालयी परीक्षाओं में उनके लिखने की आशा करते हैं। इस समूह के शिक्षक छात्रों को मानक पुस्तकों से संदर्भ भी नहीं देते हैं। पीएचडी उपाधि प्राप्त अनेक शिक्षकों को लगता है जैसे उन्होंने माउंट एवरेस्ट की चढ़ाई पार कर ली है और अब उनको ज्यादा सीखने की जरूरत नहीं है। उनमें यह भावना भी है कि वरिष्ठ होने के नाते अब उनको केवल एमएससी या पीएचडी कक्षाओं पर ही ध्यान देना चाहिए। बहुत से लोग स्वयं को बीएससी व एमएससी कक्षाओं से यह कह कर नहीं जोड़ते हैं कि उन पर यूजीसी नियमों के अनुसार काफी भार है क्योंकि वह शोध में लगे शिक्षकों को काफी महत्व देता है। शोध केन्द्रों वाले अनेक संबद्ध कालेजों में बीएससी व एमएससी छात्रों पर इस समूह के शिक्षक कम ध्यान देते हैं। कुछ विश्वविद्यालयी केन्द्रों में स्थिति इतनी दयनीय है कि वे कक्षायें लेने में दिलचस्पी ही नहीं दिखाते हैं और उनका ध्यान केवल शोध पर रहता है। अनेक विश्वविद्यालयी केन्द्रों में परास्नातक छात्रों के थ्यौरी व प्रेक्टिकल सत्र केवल शोध स्कालरों द्वारा संचालित होते हैं। निश्चित रूप से विज्ञान शिक्षण में शोध एवं शिक्षण एक ही सिक्के के दो पहलू हैं और हम इनमें से किसी को अनदेखा नहीं कर सकते हैं। शिक्षकों का ध्यान स्नातक छात्रों को ढालने पर होना चाहिए क्योंकि वे नए होते हैं तथा उनको शिक्षकों की सहायता की आवश्यकता होती है। एमएससी व पीएचडी के लिए आने वाले छात्र आमतौर से ऐसे लोग होते हैं जिन्होंने अपने लक्ष्य निर्धारित कर लिए होते हैं। मूल्य आधारित शिक्षा तभी दी जा सकती है जब शिक्षका का समाज से संबंध हो। वर्तमान समय में कालेजों के अधिकांश शिक्षक समझते हैं कि वे विशिष्ट वर्ग के हैं। ज्यादा डिग्रियों व सम्मान प्राप्त शिक्षक समाज से पूरी तरह कट जाता है। अतीत में छात्रों को शिक्षकों में अच्छे रोल माडल मिलते थे। लेकिन आज की दुनिया में शिक्षक का जीवन समाज की दयनीय स्थिति के कारण भ्रष्ट हो गया है। आज अधिकांश शिक्षक छात्रों को सही दिशा देने में दिलचस्पी नहीं लेते हैं और केवल एक घंटा लेक्चर देकर या टेस्ट देकर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान लेते हैं। शिक्षक-छात्र संबंध इतने पर ही समाप्त हो जाते हैं।

**आज उच्च शिक्षा में अच्छे शिक्षकों की कमी है और वही छात्रों में वैज्ञानिक रचनात्मकता पैदा कर सकते हैं। स्कूल शिक्षकों में अनेक शोधकर्ता छिपे होते हैं जिनके पास परास्नातक डिग्री भले ही न हो, पर वे पीएचडी उपाधि धारकों की तुलना में बेहतर शोधकर्ता होते हैं। हमें ऐसे शिक्षकों की संभावनायें खोजनी होंगी। लेकिन पीएचडी उपाधि के अभाव में तथाकथित वैज्ञानिक समुदाय उनको स्वीकार नहीं करेगा।**

अच्छा शिक्षक बनने के लिए अच्छा छात्र होना जरूरी है। केवल एक अच्छा छात्र ही बेहतर शिक्षक बन सकता है। अच्छा छात्र बनने के लिए सीखने की प्रक्रिया के प्रति अपनी आंखें और कान खोलना जरूरी है। अच्छे शिक्षक का पीएचडी उपाधि प्राप्त होना जरूरी नहीं है। अधिकांश मामलों में पीएचडी मिलने पर व्यक्ति सीखने की प्रक्रिया पूरी होना मानता है और वह अहंकारी हो जाता है। उनको लगता है कि वे महामानव बन गए हैं और कोई उनसे सवाल नहीं पूछ सकता है। इससे छात्रों की अकादमिक संस्कृति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। विज्ञान शिक्षण में यह दृष्टिकोण छात्रों में सवाल पूछने की प्रकृति नष्ट कर सकता है। अच्छा शिक्षक बनना पीएचडी डिग्री पाने की तुलना में ज्यादा कठिन है। उसे हर छात्र का अकादमिक स्तर समझ कर उसी हिसाब से विषयवस्तु देनी चाहिए। आज उच्च शिक्षा में अच्छे शिक्षकों की कमी है और वही छात्रों में वैज्ञानिक रचनात्मकता पैदा कर सकते हैं। स्कूल शिक्षकों में अनेक शोधकर्ता छिपे होते हैं जिनके पास परास्नातक डिग्री भले ही न हो, पर वे पीएचडी उपाधि धारकों की तुलना में बेहतर शोधकर्ता होते हैं। हमें ऐसे शिक्षकों की संभावनायें खोजनी होंगी। लेकिन पीएचडी उपाधि के अभाव में तथाकथित वैज्ञानिक समुदाय उनको स्वीकार नहीं करेगा। सरकार को ऐसे शिक्षकों को अवसर प्रदान कर उनकी प्रतिभा प्रदर्शित करनी चाहिए। हमें उनके लिए शोधकर्ताओं को दिए जाने वाले शांतिस्वरूप भटनागर पुरस्कार के समकक्ष पुरस्कार तैयार करना चाहिए। समाज को परेशान करने वाली समस्याओं का समाधान तभी हो सकता है जब हम पीएचडी डिग्री से वंचित तथाकथित गैर-वैज्ञानिक लोगों की बौद्धिक क्षमता की पहचान करें। पीएचडी डिग्री को अनावश्यक महत्व देने से विज्ञान की उत्पादकता को नुकसान होता है। विज्ञान का सम्मान किसी के काम से हानो चाहिए, उसकी डिग्री से नहीं। उच्च शिक्षा में हमें अच्छे शिक्षकों की जरूरत है जो नौजवानों को ऊर्जान्वित कर देश में समृद्ध बौद्धिक संपदा पैदा कर सकें।

# ओमिक्रान से सबकी सुरक्षा आवश्यक

**"पहली वैक्सीन उपलब्ध होने के एक साल बाद भी केवल 6 प्रतिशत अफ्रीकनों का पूर्ण टीकाकरण हुआ है।"**

**गुइन डायर**
(लेखका वरिष्ठ पत्रकार हैं)



कोविड-19 के नए ओमीक्रान स्वरूप की खोज दक्षिण अफ्रीका और बोट्सवाना के वैज्ञानिकों ने की है। दक्षिण अफ्रीका के इन देशों में ही नए स्वरूप का पता लगाने का कौशल और संसाधन हैं। 23 नवंबर को बोट्सवाना के वैज्ञानिकों ने 99 सार्स कोव-2 जीनोम सीक्वेंस ब्रिटेन के वेलकम सेनगर इंस्टीट्यूट को अपलोड किए थे जो मार्च, 2020 से दर्जनों देशों से ऐसे एक मिलियन से अधिक सीक्वेंसों का क्लियरिंग हाउस संचालित करता है।

उन्होंने देखा कि तीन जीनोम सामान्य डेटा स्वरूपों से अलग थे। उसी दिन दक्षिण अफ्रीका की एक अलग टीम ने सात कोविड नमूनों के जीनोम लोड किए जिनमें मानव कोशिकाओं को संक्रमित करने वाले वायरस के स्पाइक प्रोटीन में वही संदिग्ध परिवर्तन देखे गए। कुछ ही घंटों के भीतर दुनिया में सभी स्थानों के वैज्ञानिकों ने वेब पर इन जीनोमों का अध्ययन किया और 72 घंटे के भीतर डब्लूएचओ ने घोषणा कर दी कि एक पांचवां 'चिन्ताजनक स्वरूप' सामने आ गया है। इसके बाद दुनिया में उत्तर के अमीर देशों ने फौरन अपने दरवाजे दक्षिण अफ्रीका व उसी क्षेत्र के नौ अन्य देशों के लिए बंद कर दिए।

अभी यह भी स्पष्ट नहीं था कि यह स्वरूप पहले कहां सामने आया, पर उनको इसकी चिन्ता नहीं थी। डर्बन के वैज्ञानिक प्रोफेसर टूलियो डी ओलीवियेरा नए स्वरूप के अध्ययन में प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दक्षिण अफ्रीका 'वैज्ञानिक सूचना के मामले में अत्यधिक पारदर्शी' है। ऐसे में दुनिया को दक्षिण अफ्रीका तथा अफ्रीका को अलग-थलग या उसके साथ भेदभाव




करने के बजाय उनका समर्थन करना चाहिए।' दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने रविवार को यात्रा प्रतिबंध के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा कि 'विज्ञान इसके पक्ष में नहीं है, न यह इस स्वरूप का प्रसार रोकने में प्रभावी भूमिका अदा करेगा। यात्रा पर प्रतिबंध से प्रभावित देशों की अर्थव्यवस्थायें और प्रभावित होंगी तथा वैश्विक महामारी से बाहर निकलने की उनकी क्षमता पर असर पड़ेगा।' ऐसे में शुरुआत कहां से होनी चाहिए? हमें इस तथ्य पर ध्यान देना चाहिए कि 'अफ्रीका' कोई एक देश नहीं है। उदाहरण के लिए, दक्षिण अफ्रीका में वैक्सीनों की कोई कमी नहीं है, लेकिन इस अर्ध विकसित देश में वैक्सीनों के प्रति हिचक मुख्य समस्या है। इंटरनेट तक पहुंच काफी है और अधिकारियों के प्रति अविश्वास उससे भी अधिक है। इस कारण दक्षिण अफ्रीका में केवल 27 प्रतिशत लोगों ने ही पूर्ण टीकाकरण करवाया है। इससे नये स्वरूपों के उभरने का खतरा अमीर देशों में भी बढ़ रहा है जहां कोविड वायरस लगातार व्यापक रूप से फैल रहा है।

अधिकांश अफ्रीकन देशों तथा सबसे गरीब एशियाई देशों में भी जोखिम बहुत अधिक है और यह बना रहेगा क्योंकि उनके पास काफी संख्या में वैक्सीनें नहीं हैं। पहली वैक्सीन उपलब्ध होने के एक साल बाद भी केवल 6 प्रतिशत अफ्रीकन ही पूर्ण टीकाकृत हैं। दुनिया में दिसंबर के अंत तक 12 बिलियन वैक्सीन खूराकें तैयार हो चुकी होंगी जो 18 साल से बड़े प्रत्येक वयस्क को टीका देने के लिए काफी हैं। लेकिन मुख्य समस्या इनकी कीमत के कारण है। इस कारण जहां अमीर देशों में स्कूल जाने वाले बच्चों का टीकाकरण हो रहा है तथा वयस्क तीसरी बार टीका लगवा रहे हैं, वहीं दुनिया के दक्षिण में स्थित गरीब देशों में अभी कई बिलियन वयस्कों को एक खूराक भी नहीं मिली है। इस बीच अफ्रीका के पूरे क्षेत्र पर अचानक यात्रा प्रतिबंध लगाने से गरीबों की अर्थव्यवस्था और खराब हो रही है। संदेह है कि वे ओमीक्रान वायरस संक्रमण ला रहे हैं, हालांकि हम जानते हैं कि इसका संक्रमण पहले ही यूरोप और एशिया तक पहुंच गया है तथा अमेरिकी महाद्वीपों में भी यह निश्चित रूप से मौजूद है। ऐसे में इतनी देर में भी सही कदम पूरी दुनिया की ऊर्जा सबसे गरीब देशों को वैक्सीनें देने पर लगनी चाहिए क्योंकि 'कोई भी सुरक्षित नहीं है, जब तक सभी सुरक्षित न हों।'

ऐसा लग रहा है कि ओमीक्रान एक बड़ी समस्या है और यह पहले से भी बड़ी हो सकती है।

## आप की बात

### शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाएं

**आमजन** वर्तमान में कोरोना महामारी से प्रभावित होकर कहि न कही टूटा ही है। ऊपर से मूलभूत सुविधाओं में जटिलता व महंगाई की काली परछाई ने जीना दूभर कर रखा है। जनता जनार्दन की मूल भूत सुविधाओं में रोटी कपड़ा मकान में तो लोगो को संघर्षरत रहना होता है। परंतु विगत कहि वर्षो से स्वास्थ्य व शिक्षा की व्यवस्थाओं पर भी अधिकतम फीस प्रणाली व अधिक पैसे कमाने की होड़ में सोचने पर विवश कर दिया। अक्सर देखा जाता है कि कई पाठ्यक्रमों की फीस लाखो में होती है। दो जून की कमाई करने वाले लोगो के लिए तो उस मंजिल को पाना लगभग असंभव सा ही है। भले ही बच्चे में टेलेंट क्यो न हो। शिक्षा के मंदिरों में कैरियर की घण्टी उन लोगों को ही सुनाई दिखाई देती है जिनके आय के अतिरिक्त स्त्रोत है। सामान्य लोगों को आजिविका चलाने वाले लोगो को मध्यम वर्गीय परिवार के बच्चो का करियर महंगी फीस के बोझ के तले ही दब के रह जाता है। इसी प्रकार जन जीवन के अनिवार्य पहलू में स्वास्थ्य सेवाएं है। परंतु वो भी खर्चीली महंगी है। हॉस्पिटलों में जांच , अनुसधान के नाम पर मोटी रकम वसूलने की व बीमारी व मरीज की जान बचाने के एवज में लाखों रुपये के बिल थमने की परम्परा सी निर्मित होती जा रही है।

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

### इस्लामी जिहाद का बढ़ता आतंक

**पाकिस्तान** में श्री लंकाई नागरिक प्रियंता कुमारा को कथित रुप से कुरान का अपमान करने का आरोप लगा कर तड़पा तड़पा कर कर मार डाला, फिर घसीटते हुए उसके शव के साथ सेल्फीयां लें और उसके बाद उसे जला दिया। बताया जाता है कि वह अपने ऑफिस से निकल रहा था तो कंपनी की दीवार पर उर्दू अरबी में एक अजीब सा पोस्टर दिखा। जिसे उसने कंपनी की दीवार को भद्दा करने के कारण फाड़ दिया। अब यहां उन मुसलमानों का आरोप है कि उस पोस्टर में कुरान की आयतें लिखी थीं। जबकि वास्तविकता यह है किउक्त पोस्टर आतंकी संगठन तहरीक-ए-लब्बैक का था। जाहिर है श्री लंकाई नागरिक को उर्दू अरबी पढ़नी नहीं आती होगी। इसकी जानकारी उसके मुस्लिम कर्मचारियों को होगी ही। इसके बावजूद उन लोगों ने जिनके भले के लिए वह श्री लंकाई नागरिक काम कर रहा था, उसे तड़पाकर मारने में तनिक भी नहीं हिचकिचाए। अब यह एक ट्रेंड बनता जा रहा है कि किसी भी व्यक्ति, समाज पर पैगंबर या कुरान की बेअदबी का आरोप लगाओ और उसे जिंदा जला डालो या पूरे गांव, शहर को दंगे की आग में झोंक दो। महिलाओं, बच्चियों का बलात्कार करो। बांग्ला देश में यही सब हुए बहुत समय नहीं बीता है।

– **युवराज पल्लव**, हापुड़

### मजबूत परीक्षा प्रणाली

**उप्र** में भर्ती परीक्षाओं में कई वर्षो से पेपर लीक होने की घटनाये हो रही है। 28 नवम्बर शिक्षक पात्रता परीक्षा का पेपर लीक होने और सॉल्वरों के पकड़े जाने से लाखों बच्चो को परीक्षा से वंचित हो जाना पड़ा। सरकार द्वारा पुन: प्रवेश परीक्षा कराने, सभी प्रतिभागियों को मुफ्त परीक्षा केंद्र तक आने की घोषणा के साथ ही पेपर लीक मामले में त्वरित सख्त कार्यवाही का निर्देश दिया। लेकिन पेपर लीक मामले कई बार होने के बावजूद भी कोई प्रभावी कार्यवाही नही हुई। जिसके कारण भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक मामले हुये जो सबसे बड़ी लापरवाही अधिकारियों की ओर इशारा करते है। जिन्होंने स्थाई कदम उठाने की ओर ध्यान नही दिया। प्रदेश में सरकारी प्रेस होने के बावजूद भी भर्ती परीक्षाओं के पेपर निजी प्रेस में छपवाए जा रहे है। गोपनीयता बनाये रखने के लिये सभी सरकारी दस्तावेज सरकारी प्रेस में ही छपवाने की व्यवस्था होनी चाहिये। गोपनीय प्रेस का प्रस्ताव सरकार को वर्ष 2018 में भेजा गया। लेकिन इस पर ध्यान नही दिया गया।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**हम** परियोजना के दूसरे चरण में दिल्ली में 1.40 लाख सीसीटीवी कैमरे लगावाने जा रहे हैं।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री

**अमेरिका** जानता है कि इच्छा होने पर पुतिन यूक्रेन पर आक्रमण करने का क्षमता विकसित कर रहे हैं।

– **एंटोनी ब्लिंकेन**
अमेरिकी विदेश सचिव





**पीएम** ने कहा कि उनसे गलती हुई और उन्होंने देश से माफी मांगी। गलती के फलस्वरूप 700 लोगों की जान चली गई।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

# प्राकृतिक तालाब दशकों से बना है प्रवासी पक्षियों की पहली पसंद

## जीव विज्ञान प्राध्यापक डॉ तरसेम कौशिक ने कहा, प्रशासनिक अधिकारी तालाब को मूल अवस्था में ही संरक्षित करें

### हरियाणा सरकार ने दिया गोल्डन जुबली ब्रह्मसरोवर कम्युनिटी रिजर्व का दर्जा

गुरजोत दुग्गल। कुरुक्षेत्र

**प्रवासी** पक्षियों का प्रव्रजन आदिकाल से ही मनुष्य के लिए कौतुक का विषय रहा है। प्रवासी पक्षियों का तालाबों, जोहड़ों, नदियों व जलाशयों में अठखेलियां करना व पानी में डुबकी लगाना जनमानस को खूब लुभाता है। सर्दियों में हरियाणा प्रदेश के पोखरों, तालाबों, नदियों, बैराजों में प्रवासी पक्षियों का कलरव यदा कदा आपको सुनाई दे जाएगा क्योंकि प्रवासी पक्षी भोजन व आश्रय की खोज में सुदूर प्रदेशों से अपने शीतकालीन प्रवास के लिए यहां आते हैं। सर्दियों के समाप्त होते ही अपने मूल स्थान को प्रस्थान कर जाते हैं। थाना का प्राकृतिक तालाब भी दशकों से प्रवासी पक्षियों की पहली पसंद रहा है।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हथीरा के जीव विज्ञान प्राध्यापक डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कि पेहोवा के थाना गांव का प्राकृतिक तालाब जैव विविधता की दृष्टि से



तालाब में विचरण करते प्रवासी पक्षी।

समृद्ध तालाब है। डॉ कौशिक ने बताया कि थाना के प्राकृतिक तालाब को हरियाणा सरकार ने गोल्डन जुबली ब्रह्मसरोवर कम्युनिटी रिजर्व का दर्जा दिया है, ताकि इसमें पल्लवित जैवविविधता को संरक्षित किया जा सके। थाना के प्राकृतिक तालाब में प्रवासी पक्षियों की विविध प्रजातियां जैसे ब्राहमणी बत्तख, छोटी सिल्ही, चेता बत्तख, राजहंस, नकटा, बेखुर बतख, सिख पर बत्तख, गढ़वाल, मल्लार्ड, कॉटन टील, तिदारी बत्तख, सरपट्टी सवन, विजियन, शिखी पोचार्ड, पिंक शीर्ष पोचार्ड, कॉमन पोचार्ड, करछिया बगुला, ग्लॉसी आइबिस, घोंघिल इत्यादि शीतकालीन भ्रमण के लिए आती हैं। इसके अतिरिक्त तालाब में आईयूसीएन (अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ) की लाल सूची में अंकित सॉफ्ट शैल टर्टल (कछुए की प्रजाति) भी पाई जाती है जोकि जैवविविधता की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कि कम्युनिटी रिजर्व का दर्जा मिलने के बाद से ही तालाब के जीर्णोद्धार का कार्य प्रगति पर है। तालाब में पक्षियों के बैठने के लिए टापुओं का निर्माण हो चुका है। अन्य कार्य प्रगति पर हैं। डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कि हालांकि दिसंबर माह तक तालाब में प्रवासी पक्षी आए हैं परंतु उनकी संख्या अधिक नहीं है।

बताया कि जैवविविधता से परिपूर्ण थाना के प्राकृतिक तालाब को प्रवासी पक्षियों का स्वर्ग तभी बना सकते हैं जब तालाब के चारों तरफ पेड़ों की कतारें हों तथा तालाब में मछली पालन एवं अन्य मानवीय गतिविधियों पर पूर्णतः प्रतिबंध लगे।

# प्रदेश में शुरू होंगी अंडर 8-10 प्रतियोगिताएं: संदीप सिंह

## खेल मंत्री संदीप सिंह ने हॉकी खिलाड़ियों को ट्रेक सूट बांटने के बाद कहा

### खेल मंत्री ने कहा कि खेलो इंडिया के लिए चल रही हैं बेहतरीन तैयारियां

पायनियर समाचार सेवा। शाहाबाद मारकंडा



शाहाबाद हॉकी स्टेडियम में खिलाड़ियों को ट्रेकसूट वितरित करने के बाद साथ खड़े खेल मंत्री संदीप सिंह और अन्य।

**हरियाणा** के खेल मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि हरियाणा के खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नये आयाम स्थापित कर रहे हैं, जोकि हरियाणा सरकार की सशक्त खेल नीतियों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खेल व खिलाड़ियों की नींव को मजबूत करने के लिए अब अंडर-8 और अंडर-10 की प्रतियोगिताएं भी जल्द शुरू की जाएंगी ताकि बच्चे घरों में बैठे हैं, वो प्रोत्साहित होकर खेल के मैदान तक आ सकें। उन्होंने कहा कि ऐसा होने से शुरूआती दौर से ही बच्चों की रूचि खेल के प्रति बढ़ेगी। खेल मंत्री संदीप सिंह शाहाबाद के मारकंडेश्वर हॉकी स्टेडियम में फिल्कर बर्दर हॉकी एकेडमी के हॉकी खिलाड़ियों को ट्रेकसूट वितरित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। खेल मंत्री ने कहा कि फरवरी में होने वाले खेलो इंडिया के लिए बेहतरीन तैयारियां चल रही हैं और इस बार का खेलो इंडिया अपने आप में अब तक का सबसे बढ़िया खेल महाकुंभ होगा। इससे पहले खेल मंत्री संदीप सिंह, लेफ्टिनेंट विक्रमजीत सिंह, कोच हरजिन्द्र कौर, कोच मिनाक्षी ने फिल्कर ब्रदर एकेडमी के सैंकड़ों खिलाड़ियों को ट्रेक सूट वितरित किये। खेल संदीप सिंह ने नये खिलाड़ियों को खेलों में बढ़चढ़ कर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट विक्रमजीत सिंह, कोच मिनाक्षी, कोच हरजिन्द्र कौर, डा. हिमांशु, अजय आहुजा, आशीष मदान, कोच कुलविन्द्र सिंह, कोच सुखविन्द्र सिंह, कोच वीरेन्द्र सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



जवाहर नगर स्थित धर्मशाला में बैठक के दौरान सभा के प्रधान व अन्य पदाधिकारी।

# रोहिल्ला समाज खोलेगा धमार्थ होम्योपैथिक डिस्पेंसरी

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**संत नामदेव** रोहिल्ला टांक क्षत्रिय सभा द्वारा जवाहर नगर स्थित समाज की धर्मशाला में सभा के पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें धर्मशाला में संत नामदेव रोहिल्ला टांक धमार्थ होम्योपैथिक डिस्पेंसरी खोलने का प्रस्ताव रखा गया।

बैठक में मौजूद सभी पदाधिकारियों ने होम्पयोपैथिक डिस्पेंसरी खोलने के प्रस्ताव को एकमत से तालियों की गड़गड़ाहट के साथ पास करते हुए इसे एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय कदम बताया। बैठक में मौजूद पदाधिकारियों ने कुछ अन्य विषयों पर भी अपने विचार रखे, जिन पर आगामी बैठकों में विचार-विमर्श करने की बात कही। बैठक को संबोधित करते हुए सभा के प्रधान संतलाल रोहिल्ला ने कहा कि रविवार की बैठक में निर्णय लिया गया है कि धर्मशाला में एक धमार्थ होम्योपैथिक डिस्पेंसरी खोली जाए। बैठक में सभी पदाधिकारियों से सुझाव भी लिए गए हैं। एकमत से सभी ने फैसला लिया है कि जनवरी माह में डिस्पेंसरी का शुभारंभ कर दिया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए जयभगवान रोहिल्ला ने कहा कि धर्मशाला में कंप्यूटर सेंटर, कोचिंग, सेंटर आदि खोलना चाहिए, ताकि आसपास के लोगों के अलावा समाज को भी इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि समाजहित में कार्य करने से दो फायदें हैं एक तो समाज का नाम होगा, दूसरा समाज आगे बढ़ेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीअखंड रामायण पाठ को दिया विश्राम



हवन-यज्ञ में आहुति डालते यजमान

**शाहाबाद मारकंडा।** नर नारायण सेवा समिति के 11 वर्ष पूरे होने पर विश्व शांति के लिए रखे श्रीअखंड रामायण पाठ में मुख्य अतिथि के रूप में पधारी शाहबाद से 11 जोड़ियों द्वारा रविवार को संयुक्त रूप से हवन यज्ञ में आहुति डाल कर विश्राम दिया गया। समिति संस्थापक मुनीश भाटिया ने बताया कि समिति को जरूरतमंदों की सेवा करते 11 वर्ष पूरे हुए है। इसलिए 11 जोड़ियों द्वारा आज हवन यज्ञ में आहुति डलवाई है। समिति प्रधान राकेश मुल्तानी ने और समिति सदस्यों ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर हरीश क्वात्रा, राज कथूरिया, नितिन भाटिया, सतपाल भाटिया, केसी काला, शशि कपूर, हैप्पी क्वात्रा, गगन चंडोक, प्रदीप कुकरेजा, ऋषि कपूर, दीपक आनंद, हरीश विरमानी, यशपाल भाटिया, वरिंदर कोहली, करनैल सिंह, पंकज मित्तल, दिवयम चिटकारा, अमित कालरा, लव छाबरा, बिट्टू बत्रा, पारस बहल, लक्की चिटकारा, सुशील ठुकराल, भूपिंदर बत्रा, हैप्पी सुनेजा, विनोद अरोड़ा, चारुल भाटिया, ममता मुल्तानी, निर्मल सिंह मौजूद रहे। इस अवसर पर मासिक राशन वितरण योजना के तहत जरूरतमंद परिवारों को हरीश कवातरा, यशपाल भाटिया, वरिंदर कोहली और समिति सदस्यों द्वारा मासिक राशन भी दिया गया।

### वात्सल्य वाटिका विद्यालय जैसा सेवा भाव कहीं भी नहीं देखा



**कुरुक्षेत्र।** वात्सल्य वाटिका प्राथमिक पाठशाला कुरुक्षेत्र में सप्ताहिक हवन यज्ञ के चतुर्थ दिवस में मुख्य यजमान राजकुमारी प्रधानाचार्य गीता सह शिक्षा माध्यमिक विद्यालय और विद्यालय आचार्या पूनम सलूजा रहीं। यज्ञ में मुख्य अतिथि राजकुमार सैनी जिलाध्यक्ष भाजपा और पवन आश्री राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय पत्रकार कल्याण मंच रहे। मुख्य यजमान राजकुमारी ने अपने शुभ संदेश में कहा कि वात्सल्य वाटिका विद्यालय जैसा सेवा भाव कहीं भी नहीं देखा और ऐसा काम जो स्वामी जी बड़ी निष्ठा और ईमानदारी के साथ कर रहे हैं, अपने आप में बहुत बड़ी बात है। मुख्य अतिथि पवन आश्री ने कहा कि वात्सल्य वाटिका प्राथमिक पाठशाला में तन-मन-धन से सेवा हो रही है, इस पाठशाला से पढ़ कर बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचे हैं। वात्सल्य वाटिका कुरुक्षेत्र के संस्थापक परम पूज्य स्वामी हरिओम दास परिव्राजक व यहां पर पढ़ने वाले बच्चे दिन प्रतिदिन अपने क्षेत्र में आगे बढ़ते जा रहे हैं। वात्सल्य वाटिका में आने पर एक अद्भुत ही खुशबू आती है। इस अवसर पर वात्सल्य वाटिका ट्रस्ट प्रधान ओम प्रकाश मित्तल, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राकेश मेहता, विद्यालय कोषाध्यक्ष शिवदत्त परिवार सहित, दीवान चंद अरोड़ा, विद्यालय प्रधानाचार्य गौरव चौधरी अन्य छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### दूसरा मैच जीतते हुए हरियाणा ने पंजाब को 50 रनों से हराया



**भिवानी।** विश्व विकलांग दिवस के उपलक्ष में आयोजित दूसरे दिन के मुकाबले का शुभारंभ करने बतौर मुख्य अतिथि दिव्यांगजन हरियाणा के आयुक्त राजकुमार मक्कड़ पहुंचे। उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीसीसीएआई के अध्यक्ष सुरेंद्र लोहिया ने की। पंजाब, हरियाणा और जम्मू कश्मीर के खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए आयुक्त राजकुमार मक्कड़ ने कहा कि दिव्यांग खिलाड़ियों के अंदर जज्बा है, जिसके द्वारा वे हर मुकाम को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए अलग से नीतियां बनाई हैं। जिनका लाभ दिव्यांग खिलाड़ी उठा सकते हैं। वहीं साथ में उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के आते ही दिव्यांग खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिला है। चाहे वह पैरा ओलंपिक खेलों की बात हो या फिर राज्य व राष्ट्रीय स्तर की खेल स्पर्धा हो, हर क्षेत्र में खिलाड़ी आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से सामान्य खिलाड़ियों को करोड़ों रुपए मेडल जीतने के बाद दिए गए हैं। उसी तर्ज पर दिव्यांग खिलाड़ियों को भी करोड़ों रुपये सरकार ने देने का काम किया है। दूसरे मैच में पंजाब और हरियाणा के बीच में मुकाबला खेला गया, जिसमे टॉस जीतते हुए पंजाब ने फील्डिंग करने का फैसला लिया। हरियाणा में बल्लेबाजी करते हुए पंजाब के सामने 144 का टारगेट रखा। इस दौरान सन्नी सिंह ने 8 बॉल में 25 रन बनाए और 4 ओवर में 14 रन देकर दो विकेट प्राप्त कर मैन ऑफ द मैच पर कब्जा किया।

# ब्रह्मसरोवर पर चल रहा पॉलिथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**ग्रीन** अर्थ संगठन व केडीबी की संयुक्त टीम ने ब्रह्मसरोवर पर पॉलिथीन, सिंगल यूज प्लास्टिक व थर्मोकोल मुक्त अभियान चला रही है। टीम को निगरानी के दौरान सरस मेले में लगी स्टॉलों में तीन दुकानदारों के पास पॉलिथीन की थैलियां, एक मिठाई की दुकान से प्लास्टिक की चमचें, एक आइस क्रीम तथा दो जूस की स्टालों से प्लास्टिक के गिलास मिले।

संगठन निदेशिका डॉ वरिंदर कौर ने बताया कि ग्रीन अर्थ संगठन के प्रयास से वर्ष 2010 में गीता महोत्सव को सबसे लंबा चलने वाला देश का पहला सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त इवेंट सर्टिफाइड किया जा चुका है। इस स्टेटस बनाए रखने के लिए उनकी टीम केडीबी के सहयोग से लगातार सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान चला रही हैं।

महोत्सव को स्वच्छ व पूरी तरह से सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त रखने के लिए हर दुकानदार को इस बारे हिदायतें लिखित में देकर उनके हस्ताक्षर करवाकर जागरूक किया जा रहा है। उनका संगठन वर्ष 2010 से महोत्सव में लगातार जागरूकता अभियान चला रहा है। इस वर्ष फिर से महोत्सव को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त व स्वच्छ आयोजन का थर्ड इंडिपेंडेंट पार्टी से सत्यापन करवाकर सर्टिफिकेट दिया जाएगा। संगठन सदस्य एडवोकेट सुशील कुमार तथा कुलदीप कौशिक ने



पॉलिथीन मिलने पर दुकानदार पर कार्रवाई करते टीम सदस्य।

### उल्लंघन पर दुकानदार और ग्राहकों पर 500 से 25 हजार रुपये तक होगा जुर्माना

बताया कि हरियाणा सरकार के नोटिफिकेशन तहत प्लास्टिक थैलियों, प्लास्टिक व थमोर्कोल निर्मित वस्तुएं जैसे प्लेटें, गिलास, कटोरियां, कांटें, चम्मचें, प्लास्टिक कोटेड पेपर प्लेट्स बाउल्स आदि के उत्पादन, भंडारण, बेचने व इस्तेमाल पर पूर्ण प्रतिबंध है। इनके उल्लंघन पर दुकानदार तथा ग्राहक को 500 से 25 हजार रुपए जुर्माना व तीन महीने की जेल हो सकती है। संगठन ने आमजन से आह्वान किया है कि वे कपड़े का थैला लेकर महोत्सव में खरीददारी करने आए तथा इस महोत्सव को स्वच्छ व पॉलिथीन, प्लास्टिक व थमोर्कोल मुक्त बनाने में भागीदार बने।

## नवम्बर माह में 48 जघन्य वारदातों का हुआ खुलासा

**सोनीपत।** जिला पुलिस ने नवम्बर माह में हत्या, हत्या का प्रयास, लूट-छीना झपटी व चोरी आदि की 48 वारदातों को हल करते हुए 74 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अवैध धंधों पर नकेल कसते हुए 101 मामले दर्ज करते हुए 129 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

इसके अतिरिक्त कई चर्चित मामले जैसे हलालपुर गांव में कोच द्वारा महिला पहलवान व उसके भाई की हत्या का मामला, भावड गांव के बिजेन्द्र का अपहरण करके हत्या का मामला, कबीरपुर क्षेत्र में रवि की हत्या का मामला, पिपली खेडा गांव में डीटीसी कर्मचारी रोहताश की गोली मारकर हत्या व सोमबीर की हत्या, वर्ष 2020 में गांव बिलबिलान में शराब के ठेके की रंजिश में कप्तान उर्फ बंटा की हत्या के मामलें व अन्य वारदातों में फरार चल रहे आरोंपियों के खिलाफ तवरित कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर सलाखों के पिछे पहुंचाया है।पुलिस ने नवंबर माह में घटित हुई वारदातों के साथ-2 पुरानी वारदातों को भी हल किया है। हत्या की 15 वारदातों को हल करते हुए 26 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। कटवाल गांव में 24 जुलाई 2020 में अजय की हत्या के मामलें में शामिल रहे तथा फरार चल रहे मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है।

# 300 गरीब परिवारों को बांटीं गर्म कपड़ों की किटें

पायनियर समाचार सेवा। कैथल



कंबल वितरण समारोह में पहुंचे मुख्यअतिथि भाजपा विधायक लीला राम, रणदीप सुरजेवाला व अन्य साध संगत

**भाई** उदय सिंह किला प्रांगण में रविवार को प्रातः डेरा सच्चा सौदा कैथल द्वारा 300 गरीब परिवारों को गर्म कपड़ों की किटें बांटी गईं। इस अवसर पर भाजपा के स्थानीय विधायक लीला राम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस अवसर पर डेरा सच्चा सौदा कैथल द्वारा विधायक लीला राम का भव्य स्वागत किया गया। इसके पश्चात विधायक लीला राम ने अपने हाथों से गरीब परिवारों को गर्म कपड़ों की 300 किटें वितरित की। इन किटों में गर्म कंबल, जर्सी, जुराबें, जूते व अन्य जरूरी सामान गरीबों में वितरित किया गया।

डेरे के 45 मेंम्बर सुशील कुमार इंसा ने मंच का संचालन करते हुए बताया कि संत डाक्टर गुरमीत राम रहीम सिंह इंसा की पावन प्रेरणा और उनके आशीर्वाद के चलते डेरे द्वारा 135 मानवता भलाई के कार्य किए जा रहे हैं। जोकि समूचे देश के साथ साथ विदेशों में भी चलाए जा रहे हैं। जिससे लाखों की तादात में जरूरत मंद परिवारों को सहायता प्रदान की जाती है। डेरे द्वारा समय समय पर रक्तदान शिविर, सफाई अभियान, पौधा रोपण, वस्त्र वितरण समारोह, गरीब लड़कियों के विवाह, गरीब व असहाय परिवारों को मकान उपलब्ध करवाना, नेत्रदान के लिए प्रेरित करना और नेत्र दान करवाना, शरीर दान के लिए प्रेरित करना और मरणोपरांत मेडिकल रिसर्च के लिए शरीर दान करवाना जैसे कुल 135 मानवता भलाई के कार्य डेरे के सानिध्य में संत डा गुरमीत राम रहीम सिंह जी इंसा के नेतृत्व व मार्गदर्शन में काफी लंबे अर्से से चलाए जा रहे हैं। उसी श्रंखला में आज कैथल सहित समूचे देश में डेरा अनुयायियों द्वारा सर्दी का मौसम शुरू होने के साथ ही यह पुनीत कार्य का आयोजन किया गया है। जिसके चलते आज समूचे देश भर में लाखों की तादात में गरीब व जरूरतमंद परिवारों को सर्दी से बचाव के लिए गर्म कपड़ों की किटें वितरित की गई हैं।

इस अवसर पर बोलते हुए विधायक लीला राम ने अपने संबोधन में कहा कि डेरा सच्चा सौदा संस्थापक, उनकी टीम और डेरे के अनुनायियों द्वारा जो समाज हित के पुनीत कार्य किए जा रहे हैं, वे काबिले तारीफ हैं। समाज हित में कार्य करना मानवता की सबसे बड़ी सेवा होती है। जोकि डेरा सच्चा सौदा द्वारा समय समय पर निःस्वार्थ की जाती है। डेरे प्रेमियों द्वारा समाज हित में कि जा रही समासेवा की जितनी तारीफ की जाए उतनी कम है। इसके साथ ही उन्हों यह आश्वासन भी दिलाया कि डेरे सच्चा सौदा द्वारा जब भी कोई समाज सेवा के पुनीत कार्य को आयोजन किया जाएगा।

प्रेरणा



पायनियर हरियाणा
हमेशा सच के साथ

विकेश भारतीय
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

हवा में जहर है साहब,
पानी में कहर है साहब,
लोग जिंदादिली का खिताब पाते हैं,
जबकि मुदाज़ ये शहर है साहब।

# जिंदल स्टेनलेस के नाम से फर्जी उत्पाद बेचने के आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**जिंदल** स्टेनलेस (हिसार) लिमिटेड (जेएसएचएल) ने अपने ट्रेडमार्क के उल्लंघन के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखते हुए, एमके एग्रीकल्चर एंड फैब्रिकेशन (मुस्तकीम सैफी, प्रोपराइटर) के खिलाफ दादरी पुलिस स्टेशन, ग्रेटर नोएडा (गौतम बुद्ध नगर कमिश्नरेट) में कॉपी राइट एक्ट, 1957 की धारा 63 और 64 के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

जांच अधिकारी ने एमके एग्रीकल्चर एंड फेब्रिकेशन के परिसरों पर छापेमारी की और लगभग 1 टन की जिंदल मार्क की नकली स्टेनलेस स्टील पाइप जिसका मूल्य 2.5 लाख लगभग है, जब्त की है।

जिंदल स्टेनलेस अपने ट्रेडमार्क के उल्लंघन पर लगातार नजर रख रहा है और ऐसे ट्रेडमार्क उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना जारी रखेगा।

## सभी पर्यटक अपने मुंह पर मास्क लगाकर रखे

**कुरुक्षेत्र।** अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में लोगों को कोरोना के संक्रमण से बचाने के लिए पुलिस टीम महोत्सव में आए हुए लोगों को कोविड-19 के नियमों की गाइडलाइंस के प्रति जागरूक कर रही है।

कोरोना महामारी का खतरा अभी टला नहीं है इसलिए महोत्सव में आने वाले पर्यटकों को पुलिस टीम द्वारा अपील की जा रही है कि महोत्सव में आने वाले सभी पर्यटक अपने मुंह पर मास्क लगाकर रखें और जितना हो सके सावधानी से चले और 2 गज की दूरी अवश्य रखें। पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार सागवाल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक डा. अंशु सिंगला के मार्गदर्शन में पुलिस विभाग की तरफ से ब्रह्मसरोवर के तट पर एक टीम गठित की गई है, जोकि ब्रह्मसरोवर पर लगे अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में आने वाले सभी पर्यटकों को कोविड-19 के नियमों की गाईडलाईंस के प्रति जागरूक करने का काम कर रही।

## समय के साथ, कोरोनरी धमनियों में

# कैल्शियम जमा होने से हार्ट अटैक की आशंका

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**हाल** ही में किए गए एक विश्लेषणात्मक अध्ययन के अनुसार, कोरोनरी धमनियों पर कैल्शियम के कण, आने वाले हृदय रोग के प्रारंभिक चेतावनी संकेतक हो सकते हैं। कोरोनरी धमनी कैल्सीफिकेशन भी नकारात्मक परिणामों के लिए एक प्रमुख जोखिम कारक है, खासकर उन व्यक्तियों में जिनके पास कोरोनरी धमनी रोग का पारिवारिक इतिहास है। स्वस्थ जीवन शैली जीने के महत्व के बारे में ज्ञान को बढ़ावा देने और जल्द से जल्द निदान करने की आवश्यकता पर विचार किया जाना चाहिए।

(कर्नल) सुब्रतो कुमार दत्ता, वरिष्ठ सलाहकार और एचओडी, इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी, वेंकटेश्वर अस्पताल, द्वारका ने इस बारे में बोलते हुए कहा, कोरोनरी धमनी का कैल्सीफिकेशन उम्र के साथ बढ़ता है और पुरुषों में अधिक आम है। तंबाकू का सेवन, उच्च रक्तचाप, गुर्दे की पुरानी बीमारी और अन्य जोखिम कारक किसी व्यक्ति को इस सिंड्रोम का शिकार बना सकते हैं। जटिलताएं तब हो सकती हैं जब लिपिड, कोलेस्ट्रॉल, कैल्शियम और अन्य रसायन समय के साथ रक्त में जमा हो जाते हैं। पट्टिका टूट सकती हैं और रक्त के थक्के का कारण बन सकती हैं। जिसके परिणामस्वरूप अगर तुरंत इलाज न किया जाए तो दिल का दौरा पड़ सकता है। नतीजतन, यह महत्वपूर्ण है कि हम कम उम्र में सुरक्षा उपाय करना शुरू कर दें और इसे बेहतर तरीके से संभालने में सक्षम होने के लिए हमें किसी भी अनियमितता का पता लगाने के लिए बार-बार स्वास्थ्य जांच कराने की आवश्यकता है। डॉ. दत्ता ने आगे कहा कि, कोरोनरी धमनी में आवश्यक से अधिक कैल्शियम जमा होने के लक्षण जिसमें छाती में दर्द, सांस लेने में तकलीफ या धीमी या तेज धड़कन शामिल हैं। मामले में मस्तिष्क को रक्त की आपूर्ति करने वाली धमनी में रुकावट होती है।

# अपनी बिरादरी के अलावा अन्य को भी खड़ा करने में दें सहयोग: मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने पंजाबी बिरादरी भवन का किया उद्घाटन

### सीएम ने दो माह का वेतन भवन निर्माण को किया दान

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल



**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने कहा कि पंजाबी समुदाय को समाज को आगे बढ़ाने में अपना अहम योगदान देना चाहिए। इस समाज और इसके इतिहास पर हमें गर्व है। हमें अपने पैरों पर खड़ा होकर न केवल स्वयं को बल्कि समाज की सभी बिरादरियों को उनके पैरों पर खड़ा करने में अपना योगदान देना चाहिए।

मुख्यमंत्री रविवार को करनाल के सेक्टर-9 स्थित पंजाबी बिरादरी भवन के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पंजाबी समुदाय संघर्षशील, आजादी में बलिदान देने वाले तथा देशभक्ति के भाव से भरा हुआ है। आजादी के दौरान पंजाबी समुदाय के जो लोग पाकिस्तान से भारत में देशभक्ति के भाव लेकर आए थे, उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और त्याग के बल पर अपनी पैठ बनाने में कामयाबी हासिल की। इसलिए हमें अपनी ताकत और क्षमता का प्रयोग करते हुए समाज कार्य को प्राथमिकता देनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाबी बिरादरी ने इस 1700 वर्ग गज जगह में एक भव्य इमारत खड़ी की है जोकि समाज के सभी वर्गों के लोगों की आवश्यकताओं की पूर्ति करेगी। इसके निर्माण पर सरकार की ओर से 46 लाख रुपये की ग्रांट पहले ही दी गई है। इसलिए इसके बचे कार्य को पूरा करने के लिए समाज के लोगों को आगे आने की आवश्कता है। इस दौरान उन्होंने स्वयं अपना दो माह का वेतन देने की घोषणा की।

इसके साथ ही इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप एवं नीलोखेड़ी के विधायक धर्मपाल गोंदर ने अपना एक-एक माह का वेतन, मेयर रेनू बाला गुप्ता ने दो लाख रुपये, कृष्ण लाल तनेजा ने 2 लाख रुपये, राजेन्द्र राजपाल ने 1.25 लाख रुपये, शशि मेहता ने अपनी मासिक आय 60 हजार रुपये, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष जगमोहन आनंद ने एक लाख रुपये, अमरेन्द्र सिंह अरोड़ा ने एक लाख रुपये, तरूण भंडारी ने 50 हजार रुपये, असंध के पूर्व विधायक स. बख्शीश सिंह ने एक माह की पेंशन देने की घोषणा की। इसके अलावा भाजपा के जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा सहित पंजाबी बिरादरी के करीब दो दर्जन लोगों ने हाथ खड़ाकर इसके निर्माण में सहयोग करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दूसरों की सेवा करने में जितना सुख मिलता है उतना स्वयं की सेवा करवाने में नहीं आता। इसलिए हमने करनाल की धरती से पहली बार हरियाणा एक-हरियाणवी एक का नारा दिया था जिसको पूरे प्रदेश में चरितार्थ किया गया।

हम किसी भी समुदाय से कोई भेदभाव नहीं रखते हैं, इसलिए करनाल की जनता ने मुझे दो-दो बार विधायक चुनने का सौभाग्य प्राप्त करवाया है। समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए हम पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार अंत्योदय पर चलते हुए गरीब से गरीब व्यक्ति तक भी सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रयासरत हैं। हमारी सरकार ने ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी, सीएम विंडो, मैरिट के आधार पर सरकारी नौकरी, परिवारों की पहचान कर 1 लाख से नीचे परिवारों को 2 लाख रुपये वार्षिक आय तक ले जाने का प्रयास भी इसी कड़ी में शामिल है। मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत मेलों के माध्यम से लोगों को उनकी आय बढ़ाने के लिए रोजगार स्थापित करने में सहयोग दिया जा रहा है, जिसके लिए बैंक ऋण, प्रशिक्षण तथा अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति मेलों के माध्यम से की जा रही है।

इस अवसर पर बिरादरी के लोगों ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल को फूल माला डालकर तथा पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। पूर्व मंत्री शशिपाल मेहता ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि यह भवन केवल पंजाबी समुदाय के लोगों के लिए ही नहीं बल्कि समाज का प्रत्येक व्यक्ति इसका प्रयोग कर सकेगा। मंच का सफल संचालन हरमीत सिंह हैप्पी ने किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, उपायुक्त निशांत कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक गंगाराम पुनिया, सीनियर डिप्टी मेयर राजेश अग्गी, डिप्टी मेयर नवीन कुमार, प्रधान राजेन्द्र राजपाल, महासचिव कृष्ण लाल तनेजा, योगेश भारती, कैलाश सचदेवा, किशोर नागपाल, राकेश खन्ना, ज्ञान अरोड़ा, अनिल गांधी, विनोद खेत्रपाल, रूप नारायण चानना, जेआर कालड़ा, रमेश मिड्डा, मनोज वधवा, स. अजीत सिंह चावला, ज्ञान सिंह चावला, रोहित धवन स्थित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



गुरु रविदास हॉस्टल में डॉ. अंबेडकर भवन का लोकार्पण करते मंत्री।

## आधुनिक राष्ट्र के शिल्पकार थे भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर

**पायनियर समाचार सेवा।** रेवाड़ी

**सहकारिता** मंत्री डॉ. बनवारीलाल ने कहा कि भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर आधुनिक राष्ट्र के ऐसे महानायक थे। जिन्होंने राष्ट्र को शिक्षित बन संघर्ष करने का रास्ता दिखाया। वे सामाजिक नवजागरण के अग्रदूत और आधुनिक राष्ट्र के शिल्पकार थे और उन्होंने राष्ट्र को एक नई दिशा दी है। वह आज गुरू रविदास हॉस्टल में डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के तहत आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने यहां डॉ. भीमराव अंबेडकर सामूदायिक भवन का लोकार्पण भी किया।

मंत्री डॉ. बनवारीलाल ने कहा कि कल बाबा साहेब अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस है। संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर को अर्थ, विधि, सामाजिक न्याय, राजनीति सहित विभिन्न क्षेत्रों में उनकी दूरगामी दृष्टिकोण और गहन शोध के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का जहां कहना था कि बाबा साहेब का मूलमंत्र शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो, वहीं उनका लक्ष्य समाज के शोषित वर्गों को न्याय दिलाना था और इसके सहित उन्होंने लोगों के सामाजिक, आर्थिक व शैक्षिक उत्थान के लिए उन्होंने अपना जीवन समर्पित कर दिया। समाज में विद्यमान रूढ़िवादी मान्यताओं व विषमताओं को समूल नष्ट करने का स्वप्न देखा था। उन्होंने सबसे वंचित तबके को समाज की अग्रिम पंक्ति पर सक्षम देखना चाहते थे, जिसके लिए उन्होंने आजीवन प्रयत्न भी किया। उन्होंने रविदास हॉस्टल में भवन के विकास के लिए अपने निजी कोष से 21 लाख रुपये देने की घोषणा की।

## प्रजापति जागरुक सभा की हुई बैठक

**कुरुक्षेत्र।** प्रजापति जागरूक सभा हरियाणा की एक बैठक प्रदेशाध्यक्ष रामकुमार रंबा की अध्यक्षता में मोहन नगर सिरसला रोड कुरुक्षेत्र में हुई। जिसका संचालन रविंद्र सिंह महासचिव ने किया। बैठक में स्थापना दिवस मनाने के बारे में विचार-विमर्श हुआ, जोकि यूथ होस्टल पिपली में 26 दिसम्बर को मनाया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर सभी कार्यकर्त्ता की ड्यूटियां लगाई गई हैं। स्थापना दिवस समारोह में ज्यादा से ज्यादा लोगों में इसका प्रचार-प्रसार हो इसके लिए एक कमेटी भी बनाई गई है। सामाजिक बुराईयों के बारे में भी रामकुमार रंबा ने प्रकाश डाल और बैठक में गंगा राम, जोधा राम, अमित नागवान, प्रेम नागवान, रूलिया राम, दरबारा सिंह, हीरा लाल, देसराज आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रांतीय मंत्री के जन्मदिवस पर नए योग साधना केंद्र खोला



**कुरुक्षेत्र।** भारतीय योग संस्थान दिल्ली की हरियाणा प्रांत इकाई के अंतर्गत कुरुक्षेत्र राजस्व जिला की युधिष्ठिर योग जिला इकाई द्वारा संस्थान के प्रांतीय कर्मठ मंत्री मान सिंह के जन्मदिन पर सेक्टर-4 में एक नया योग साधना केंद्र खोलकर उन्हें जन्मदिवस पर नायाब तोहफा भेंट किया। इस अवसर पर संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के प्रधान ओमप्रकाश, प्रांतीय महिला अधिकारी सुशीला, युधिष्ठिर जिला प्रधान सुमन तोमर, जिला मंत्री शिवकुमार, मंत्री रेखा गोयल, कोषाध्यक्ष रेणु जैन, जोन प्रभारी कृष्णा पांचाल सहित काफी संख्या में साधक व साधिकाएं उपस्थित रहे। समारोह में मान सिंह ने अपने जन्मदिन पर संस्थान की प्रतिनिधि त्रैमासिक पत्रिका योग मंजरी की 70 प्रतियां लगाने का ऐलान कर एक अच्छा उदाहरण प्रस्तुत किया। प्रांतीय प्रधान ओम प्रकाश ने जहां मान सिंह के इस निष्काम सेवा भाव की सराहना की वही युधिष्ठिर जिला की प्रधान एवं सभी अधिकारियों व साधकों को संस्थान का एक नया योग साधना केंद्र खोलने पर बधाई दी। सुशीला ने आशा व्यक्त की कि युधिष्ठिर जिला इसी प्रकार बढ़-चढ़कर योग के मार्ग पर प्रगति करता रहेगा और भविष्य में भी नए योग साधना केंद्र इस जिले द्वारा खोले जाएंगे। जिला प्रधान सुमन तोमर ने सभी उपस्थित अधिकारियों व साधकों का धन्यवाद किया और विश्वास दिलाया कि युधिष्ठिर जिला संस्थान के प्रचार प्रसार में कोई कसर नहीं छोड़ेगा।

### नगर सुधार मंच ने की महाराणा प्रताप चौक की सफाई



**सोनीपत।** रविवार को सोनीपत नगर सुधार मंच द्वारा महापुरुषों की प्रतिमाओं व चौकों की सफाई अभियान के दौरान महाराणा प्रताप चौक व उसके आस-पास की सफाई की गई। पोस्टर बैनर आदि हटाये गए। नगर सुधार मंच के सभी सदस्यों ने आसपास के लोगों व राहगीरों को भी इस अभियान में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर नगर सुधार मंच के चेयरमैन संजय सिंगला, मंच के अध्यक्ष सरदार मोहन सिंह मनोचा, रविन्द्र सरोहा ने कहा कि सोनीपत नगर सुधार मंच द्वारा यह सफाई अभियान लगातार चलता रहेगा। इस अभियान में शहर के सौंदर्यीकरण के लिए सभी सदस्यों से अलग-अलग सुझाव भी लिए। चौक के आस पास के सभी दुकानदारों से भी अपील कर अपनी-अपनी दुकानों का कूड़ा करकट सड़क पर न फेंकें। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में मंच द्वारा चलाए गए इस अभियान के बहुत ही सुखद परिणाम होंगे। हमारा शहर स्वच्छता अभियान में प्रथम स्थान हासिल करेगा। इस मौके पर पहलवान हवा सिंह आंतिल, दीपक चौहान, सोमपाल, विनोद तथा सफाई कर्मचारी सन्नी, संदीप, सुरेश, राकेश व कृष्ण आदि मौजूद रहे।

### शिल्पकारों की शिल्पकला को देख कर आश्चर्य चकित हुए पर्यटक

**कुरुक्षेत्र।** अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में ब्रह्मसरोवर पर भव्य क्राफ्ट और सरस मेले में शिल्पकारों की शिल्पकला को देखकर दूर-दराज से आने वाले पर्यटकों के साथ-साथ स्थानीय लोग भी आश्चर्य चकित हो गए है। इस क्राफ्ट और सरस मेले में शिल्पकारों की हाथ की शिल्पकला पर्यटकों को लुभाने का काम कर रही है और लोग उनकी हाथ की शिल्पकला के कायल हो चुके हैं। जिससे वे जमकर खरीददारी कर रहे हैं। इतना ही नहीं अपनी कला को दिखाने के लिए दूर-दराज से आने वाले शिल्पकार इस महोत्सव की शोभा को बढ़ा रहे है। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में शिल्पकार साकील ने बताया कि वे गोवा के गांव पणजीम तालिग से आए है और वे अपने साथ इस महोत्सव में हाथ से बनी हुए हैंडलूम बैडशीट लेकर आए है। उन्होंने यह सामान स्टॉल नम्बर 736 पर लगाया हुआ है।

### कपड़ों पर हस्त कला से दिव्यांगता को दी मात

**कुरुक्षेत्र।** कहते हैं कि हौसले बुलंद कर रास्तों पर चल दे तुझे तेरा मुकाम मिल जाएगा। जी हां, इस कहावत को पानीपत निवासी शाहिद खान ने असलियत में बदलकर दिखाया है। दिव्यांग होने के बावजूद भी उन्होंने हस्त शिल्प को अपनी पहचान बनाई। हस्तशिल्प की बदौलत उन्हें वर्ष 2016 में राज्य अवार्ड से भी सम्मानित किया गया है। शाहिद बताते हैं कि वे आठवीं तक पढ़े हैं। दिव्यांगता के चलते उन्हें पढ़ाई में परेशानी का जरूर सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और हस्तशिल्प की ओर कदम बढ़ाया और उसमें कामयाबी भी हासिल हुई। वे गीता महोत्सव में हाथ से तैयार की गई बेडशीट, मेज कवर, डाइनिंग टेबल कवर, डोरमेट सहित अन्य उत्पाद लेकर पहुंचे हैं। उनकी कीमत 50 रुपये से लेकर 1250 रुपये है। महोत्सव में आने वाले पर्यटक उनके उत्पादों को पसंद कर रहे हैं, उम्मीद है कि कोरोना काल में हुए नुकसान की भरपाई हो। हस्तशिल्प में उनकी पत्नी के साथ उनके भाई शेरदीन खान भी मदद करते हैं।

## देसी खाणा-देसी बाणा होगा हरियाणा पैवेलियन की थीम

**कुरुक्षेत्र।** अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2021 में हरियाणा पैवेलियन का अंदाज कुछ अलग होगा। इस पैवेलियन को देसी खाणा-देसी बाणा थीम को जहन में रखकर तैयार किया जाएगा। इस पैवेलियन में हरियाणा की प्राचीन हस्तकला के साथ-साथ प्राचीन वस्तुओं को देखने का पर्यटकों को एक सुनहरी अवसर मिलेगा। इतना ही नहीं इस पैवेलियन को नए अंदाज में प्रस्तुत करने का अनोखा प्रयास भी किया जाएगा। कला एवं संस्कृति विभाग की निदेशिका प्रतिमा चौधरी आईएएस ने बताया इस बार हरियाणा पवैलियन के द्वार से ही हरियाणा की धार्मिक संस्कृति के दर्शन हो जाएंगे।

## धरती हमारी मां है और इसकी देखभाल करना हमारा कर्त्तव्य : जेपी दलाल

**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी

### किसानों को कई फसलों में मिल रहा है एमएसपी से भी अधिक मूल्य

**प्रदेश** के कृषि एवं पशुपालन मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि धरती हमारी मां है और इसकी सही ढंग से देखभाल करना हमारा परम कर्त्तव्य है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बड़ी ही महत्वाकांक्षी योजना के तहत मिट्टी की जांच करने की योजना देशभर में लागू है, जिसके लिए सॉयल हेल्थ कार्ड बनाए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हमें किसी भी तरह से भूमि-पानी आदि प्राकृतिक स्त्रोतों का अत्यधिक दोहन नहीं करना है। कृषि भूमि को उसकी जरूरत के अनुरूप खाद व अन्य पोषक तत्व देना भी जरूरी है। कृषि मंत्री आज रविवार को विश्व मृदा दिवस पर कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने दस किसानों को कृषि यंत्रों को सब्सिडी के लाखों रुपए के चैक भेंट किए। कृषि मंत्री ने कहा कि किसान की दशा व दिशा सुधारने के लिए एमएसपी से अधिक फसल का लाभकारी मूल्य दिलाने के लिए नीतियां बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछली साल के अपेक्षा अबकी बार जिला में अधिक डीएपी व यूरिया पहुंची है।

## थानेसर अनाज मंडी में जरूरतमंदों को वितरित किए गर्म वस्त्र

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र



जरुरतमंद को गर्म वस्त्र वितरित करते खेल मंत्री संदीप सिंह।

**हरियाणा** के खेल एवं युवा मामले मंत्री संदीप सिंह ने कहा है कि एक दूसरे की मदद करना सबसे बड़ा नेक कार्य है और डेरा सच्चा सौदा की साध संगत लगातार इस सेवा कार्य में लगी रहती है।

वे रविवार को थानेसर अनाज मंडी में डेरा सच्चा सौदा के दूसरे गद्दीनशीन शाह सतनाम जी महाराज की स्मृति में आयोजित गर्म वस्त्र वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इस मौके पर उनके साथ उनके बडे भाई विक्रम सिंह व युवा भाजपा नेता साहिल सुधा भी मौजूद रहे। यहां पहुंचने पर जसबीर कलार, जोगिंद्र सिंह, डा. आरके चौहान, बाबा रामदास, राकेश अग्रवाल व मा.ओमप्रकाश ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ के साथ स्वागत किया। खेल मंत्री संदीप सिंह ने कुछ परिवारों को अपने हाथों से गर्म वस्त्रों के सेट भेंट किए। इस दौरान साध संगत की ओर से लगभग 500 अति जरूरतमंद लोगों को कंबल, जूते-जुराबें, टोपी व जर्सियां भेंट की गई। कार्यक्रम के दौरान कोरोना गाईडलाईन का विशेष ध्यान रखा गया व मास्क वितरित किए गए।

## कृषि कानून रद्द हुए हैं तो किसानों पर दर्ज केस भी वापस लें : भूपेन्द्र

**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी



**पूर्व** मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि तीन कृषि कानून वापस हो गए हैं तो आंदोलनरत किसानों पर दर्ज मुकदमे भी जल्द वापस होने चाहिए।

साथ ही आंदोलन के दौरान शहीद हुए किसानों के परिवारों को आर्थिक मुआवजा और सरकारी नौकरी देनी चाहिए। हुड्डा ने कहा कि सरकार को एमएसपी समेत किसानों के बाकी मुद्दों पर भी बातचीत आगे बढ़ानी चाहिए। लोकतंत्र में विचारों के आदान-प्रदान से ही हर समस्या का समाधान संभव है।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा आज रविवार को भिवानी में लोकतंत्र की वर्तमान चुनौतियां विषय पर आयोजित एक व्याख्यान सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने पहुंचे थे। इस मौके पर उन्होंने देश में लोकतंत्र की स्थापना, उसकी प्रक्रिया से लेकर वर्तमान चुनौतियों तक पर अपने विचार रखे। हुड्डा ने विचारों की स्वतंत्रता को लोकतंत्र के लिए आवश्यक माना। उन्होंने क्षेत्रीय पार्टियों के उभार को लोकतंत्र के लिए चुनौती बताते हुए राष्ट्रीय दलों के महत्त्व पर प्रकाश डाला।

## श्याम वंदना महोत्सव में 11 को उमड़ेंगे भक्त

**सोनीपत।** श्रीश्याम बालाजी सेवा मण्डल द्वारा 11 दिसंबर को शंभु दयाल स्कूल में 15वें श्री श्याम वंदना महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम शाम 5-15 बजे से प्रभु इच्छा तक आयोजित होगा। इसके लिए रविवार को एक मीटिंग मण्डल द्वारा कार्यालय में हुई। जिसमें श्याम बालाजी सेवा मण्डल के प्रधान नरेश कंसल व कोषाध्यक्ष हरि कौशिक ने बताया कि उसी दिन एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें रक्त देने वाले को भगवान ना करे कभी जरूरत पड़े तो नि:शुल्क वापस मिलेगा और यह रक्त जरूरतमन्द लोगो के काम आएगा। लायंस क्लब कुंडली की टीम द्वारा रक्त संग्रहित किया जाएगा। मण्डल के सरंक्षक संजय सिंगला ने बताया कि कार्यक्रम में लगभग दस हजार श्याम भक्त भाग लेंगे, जो अन्य जिलों से भी आएंगे। कार्यक्रम में श्याम जगत के जाने माने कलाकार संजय मित्तल कोलकता, कन्हैया मित्तल चंडीगढ़, अशोक पाराशर सोनीपत आदि भाग लेंगे। मंच संचालन मास्टर श्रीभगवान दीक्षित द्वारा किया जाएगा। हरियाणा के मशहूर हास्य अभिनेता मुकेश दहिया शामिल होंगे। दस दिसंबर को 11 बजे कार्यक्रम स्थल से मोटरसाइकिल व कारों द्वारा शहर में भव्य शोभा यात्रा व 11 को सुबह 10 बजे अग्रवाल धर्मशाला मंडी से विशाल कलश यात्रा भी निकाली जाएगी।

# भारत की संस्कृति और शिल्प कला का केन्द्र बना है अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव

### महोत्सव में 19 राज्यों की शिल्पकला और 15 राज्यों की लोक संस्कृति मिल रही देखने का

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र



क्राफ्ट और सरस मेले में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते कलाकार



**क्राफ्ट** मेले के सांस्कृतिक कार्यक्रम में पंजाब के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए भांगड़े ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कलाकारों ने खूबसूरत भंगड़े की प्रस्तुति दी। भंगड़े के साथ दर्शकों के पैर भी थिरकने लगे। रविवार को छुट्टी का दिन होने के कारण पर्यटकों ने क्राफ्ट मेले में खूब खरीददारी की। स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद भी चखा। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का मंच देश की संस्कृति और शिल्पकला का मुख्य केन्द्र बन चुका है। इस महोत्सव के मंच पर 19 राज्यों की शिल्पकला और 15 राज्यों की लोक संस्कृति को सहजता से देखा जा सकता है।

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के इस अनोखे संगम से ब्रहमसरोवर की फिजा भी महक उठी है। यह महक देश के कोने-कोने तक पहुंच चुकी है और इस महक से रोजाना हजारों लोग ब्रहमसरोवर के तट पर खिंचे चले आते हैं। अहम पहलू यह है कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में पहली बार हरियाणा कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग की तरफ से पर्यटकों को आधुनिक मूर्ति शिल्पकला देखने को मिलेगी। इसके साथ ही पहली बार 48 कोस के 75 तीर्थों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी होगा। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2021 के शिल्प और सरस मेले का चौथा दिन है और रोजाना पर्यटकों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। इस बार ब्रहमसरोवर के उत्तर और दक्षिण घाटों पर उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कला केन्द्र की तरफ से बेहतरीन कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी जा रही है। इन प्रस्तुतियों में किसी घाट पर पंजाबी संस्कृति, कहीं पर हरियाणवी और कहीं पर हिमाचल तो कहीं पर राजस्थान की लोक संस्कृति को देखने का मौका मिल रहा है।



ऊन से बने वस्त्रों को दिखाती प्यार कौर।

### गीता महोत्सव के दौरान लगाया जागरुकता स्टॉल

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र द्वारा के सचिव एवं सीजेएम दुष्यंत चौधरी के निर्देशानुसार डीएलएसए द्वारा अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर ब्रह्मसरोवर के तट पर जागरूकता स्टॉल लगाया गया है। इस स्टॉल पर कानूनी सहायता और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के बारे में आगंतुकों को जानकारी प्रदान की गई है। स्टॉल पर अधिवक्ता अजय कुमार गौतम, जसविंदर पाल सिंह और कविता, अमन प्रीत, पीएलवी द्वारा लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

### हस्त निर्मित ऊनी वस्त्रों की कला ने मोहा पर्यटकों का मन

कुरुक्षेत्र। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में प्यार कौर ने बताया कि वे पंजाब से बठिंडा से आई है और अपने साथ सर्दियों में ऊन से बना सामान लेकर आई है। उन्होंने अपना यह सामान स्टॉल नम्बर 716 पर लगाया है। उन्होंने कहा कि वे इस सामान को रंग-बिरंगी ऊन से क्रोसिया और सिलाई के साथ बनाती है और इस काम में उनका पूरा ग्रुप काम करता है। हाथ से बनी ऊन की महिलाओं की जर्सी, बच्चों की जुराबें इत्यादि पर्यटकों को बहुत पसंद आ रही है। उन्होंने बताया कि आज के इस आधुनिक समय में जहां लोग बाजार से रेडिमेंट कपडों की होड़ में लगे हुए हैं।

### 35 सालों से पेटिंग बनाने का काम कर रहे दलीप कोठारी

**कुरुक्षेत्र।** राजस्थान के अजमेर जिले की किशनगढ़ तहसील निवासी दलीप कोठारी को वेलवेट क्लाथ पर पेटिंग बनाने में महारत हासिल है। पिछले 35 सालों से वे पेटिंग बनाने का काम कर रहे हैं। महज 10वीं पास दलीप कपड़े पर ऐसे पेटिंग बनाते हैं कि मानो सजीव चित्रण किया गया हो। दलीप बताते हैं कि कोरोना काल से शिल्पकारों को सबसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ा है। उन्हें अपने गुजर-बसर के लिए पर्सनल लोन लेना पड़ा। कोरोना के कारण काम-धंधे चौपट हुए तो शिल्पकारों की शिल्पकला भी लॉकडाउन हो गई।





डाइनिंग टेबल का कवर दिखाते शाहिद

# स्वदेशी ड्रोन रोधी प्रौद्योगिकी विकसित कर रहा भारत : शाह

## गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, ये तकनीक जल्द सुरक्षाबलों को उपलब्ध होगी

**एजेंसी।** जैसलमेर

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि देश की सीमाओं पर ड्रोन उपकरणों से बढ़ते खतरे को विफल करने के लिए भारत स्वदेशी ड्रोन रोधी तकनीक विकसित कर रहा है। जो जल्द ही सुरक्षा बलों को उपलब्ध कराई जाएगी। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के 57वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर शाह ने यहां कहा कि मोदी सरकार के लिए, सीमा सुरक्षा राष्ट्रीय सुरक्षा है और वह बल को दुनिया में सर्वश्रेष्ठ सीमा सुरक्षा तकनीक प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि 1965 में जब बीएसएफ का गठन हुआ है, तब से यह पहली बार है जब सीमा पर इसका स्थापना दिवस समारोह मनाया जा रहा है। शाह ने बीएसएफ कर्मियों से कहा, एक देश सुरक्षित होने पर ही दुनिया में आगे बढ़ सकता है और समृद्ध हो सकता है। आप देश की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं... हमेशा याद रखें कि सीमाओं की रक्षा करके आप देश की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे हैं और इसे विश्व स्तर पर एक मंच प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि बीएसएफ को दुनिया की बेहतरीन तकनीकें उपलब्ध कराई जाएं। शाह ने कहा, यह सरकार का संकल्प है। ड्रोन से बढ़ते खतरे का जिक्र हुआ था। बीएसएफ, डीआरडीओ और एनएसजी ड्रोन रोधी तकनीक विकसित करने की कोशिश कर रहे हैं। मुझे अपने वैज्ञानिकों पर पूरा भरोसा है कि हम जल्द ही स्वदेशी ड्रोन रोधी तकनीक विकसित करने में सक्षम होंगे। शाह ने कहा कि 2014 से मोदी सरकार ने सीमा सुरक्षा पर विशेष जोर दिया है। उन्होंने कहा, जहां भी सीमाओं पर घुसपैठ की कोशिश हुई, सुरक्षा बलों और सीएपीएफ पर हमले हुए, हमने तत्काल जवाबी कार्वाई सुनिश्चित की है।

गृह मंत्री ने कहा, भारत ने सुनिश्चित किया है कि कोई भी हमारी सीमाओं या सैनिकों को हल्के में न ले। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने उरी और पुलवामा हमलों के बाद क्रमश: सर्जिकल स्ट्राइक और हवाई हमलों के रूप में एक मजबूत जवाबी कार्रवाई सुनिश्चित की।

पूरी दुनिया ने इस कार्रवाई की सराहना की। उन्होंने कहा कि बीएसएफ में रिक्त पदों को भरने के लिए सरकार ने 50,000 जवानों की भर्ती की है और उनका प्रशिक्षण शुरू हो गया है। शाह ने कहा, 2008-14 के दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए सड़क निर्माण का बजट 23,000 करोड़ रुपए था। 2014 से 2020 के बीच मोदी सरकार ने बजट को 23,700 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 44,600 करोड़ रुपये कर दिया। यह सीमावर्ती क्षेत्र के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



### केंद्र ने सीमाओं पर घुसपैठ पर त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित की : शाह

**जैसलमेर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि केंद्र ने देश की सीमाओं पर किसी भी घुसपैठ पर त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित की है। केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, 2019 में जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के बाद से पाकिस्तान से लगने वाली संवेदनशील सीमा पर ड्रोन और अज्ञात उड़न-वस्तुएं देखी गई हैं।

# गृह मंत्रालय आखिर क्या कर रहा है : राहुल गांधी

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**नगालैंड** के मोन जिले में उग्रवाद रोधी अभियान के दौरान कई आम लोगों की मौत होने की घटना की पृष्ठभूमि में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को केंद्र पर हमला बोलते हुए कहा कि जब आम लोग और सुरक्षाकर्मी अपनी ही जमीन पर सुरक्षित नहीं हैं तो सरकार को सही-सही जवाब देना चाहिए कि गृह मंत्रालय आखिर क्या कर रहा है

नगालैंड में पुलिस ने कहा कि राज्य के मोन जिले में सुरक्षाबलों की कथित गोलीबारी में कम से कम 11 आम लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि वह इस घटना की जांच कर रही है, ताकि यह पता चल सके कि क्या यह गलत पहचान का मामला है। घटना की पृष्ठभूमि में राहुल गांधी ने ट्वीट किया, यह दिल दुखाने वाला है। भारत सरकार को सही-सही जवाब देना चाहिए। गृह मंत्रालय आखिरकार कर क्या रहा है जब आम नागरिक, यहां तक कि सुरक्षाकर्मी अपनी ही जमीन पर सुरक्षित नहीं हैं।

सेना ने इस मामले की कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का रविवार को आदेश दिया और इस घटना को अत्यंत खेदजनक बताया। सैन्य अधिकारियों ने बताया कि म्यांमा की सीमा से लगने वाले मोन जिले में उग्रवादियों की संभावित गतिविधियों की विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर अभियान चलाया गया था। सेना ने कहा कि कई सुरक्षाकर्मी अभियान में गंभीर रूप से घायल हुए हैं और एक जवान की मौत हो गई है।



### रोजगार मांगने वालों को लाठियां देती है यूपी सरकार: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लखनऊ में प्रदर्शनकारियों के एक समूह पर पुलिस के लाठीचार्ज की खबरों को लेकर रविवार को उत्तर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा और कहा कि रोजगार मांगने वालों को यह सरकार लाठियों से पीटती है। गांधी ने कहा कि जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) वोट मांगने आए तो जनता इसे याद रखे। राहुल ने इन खबरों को लेकर योगी आदित्यनाथ सरकार पर निशाना साधा कि लखनऊ पुलिस ने शनिवार शाम को कैंडल लाइट मार्च निकाल रहे प्रदर्शनकारियों के एक समूह पर लाठियां चलाईं। जब भाजपा वोट मांगने आए तो याद रखना।

## संक्षिप्त समाचार

### गोवा के स्थानीय लोगों को मिलेंगे भूमि संबंधी अधिकार

**पणजी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने कहा है कि उनकी पार्टी यदि गोवा में सरकार में आती है तो स्थानीय लोगों के भूमि अधिकारों के संरक्षण के लिए कानून लाएगी। चिदंबरम ने वालपोई विधानसभा क्षेत्र में शनिवार को पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस कानूनी तरीकों से राज्य में लौह अयस्क का खनन पुन: शुरू करेगी। वालपोई से इस समय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता विश्वजीत राणे विधायक हैं जो गोवा के स्वास्थ्य मंत्री हैं। चिदंबरम अगले साल गोवा में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के वरिष्ठ चुनाव पर्यवेक्षक हैं। उन्होंने भूमि अधिकारों के लिए स्थानीय लोगों, विशेष रूप से आदिवासियों के प्रदर्शनों का जिक्र करते हुए कहा, मैं देशभर में भूमि कानूनों को जानता हूं। गोवा में कानून बनाने की गुंजाइश है। चिदंबरम ने कहा कांग्रेस जमीन के संदर्भ में काश्तकारों को संरक्षण प्रदान करने के लिए कानून बनाएगी। उन्होंने कहा, इसे काश्तकारी अधिकार संरक्षण अधिनियम कहा जाता है। काश्तकार जमीन पर पैदावार कर सकता है और उसके बाद, उसका परिवार खेती करता रह सकता है। भारत में ऐसा कानून है। गोवा में इस तरह का कानून लागू किया जाएगा। गोवा में खनन एक समय राजस्व का प्रमुख स्रोत होता था और 2018 में उच्चतम न्यायालय के एक आदेश के बाद से यह रुका हुआ है। चिदंबरम ने इस विषय पर कहा कि खनन बहाल करने का एक कानूनी रास्ता है। उन्होंने विस्तार से जानकारी नहीं दी, लेकिन कहा, कांग्रेस की सरकार बनती है तो कानूनी तरीके से खनन पुन: शुरू किया जाएगा। चिदंबरम ने यह भी कहा कि वालपोई विधानसभा से कांग्रेस के उम्मीदवार का चयन पार्टी की ब्लॉक इकाई द्वारा सुझाए गए नामों में से किया जाएगा। गोवा में 2017 में हुए विधानसभा चुनाव में 40 सीटों में 17 पर जीत हासिल कर कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी, लेकिन कुछ क्षेत्रीय दलों और निर्दलीय विधायकों के साथ मिलकर तब भाजपा ने राज्य में सरकार बनाई थी। इस समय कांग्रेस के गोवा में केवल चार विधायक हैं।

### छात्रों को प्रेरित करने के लिए मोदी ने नीरज चोपड़ा को सराहा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक स्कूल में युवा विद्यार्थियों को प्रेरित करने के लिए ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा की रविवार को सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के प्रयासों से खेल और व्यायाम के प्रति जिज्ञासा बढ़ेगी। मोदी की प्रशंसा उस वक्त आई है जब एक दिन पहले भाला फेंक खिलाड़ी चोपड़ा ने एक राष्ट्रीय मिशन शुरू करने के लिए गुजरात के अहमदाबाद शहर के एक स्कूल का दौरा किया। इस मिशन के तहत प्रसिद्ध खिलाड़ी देश के स्कूलों का दौरा करेंगे ताकि विद्यार्थियों को संतुलित आहार, तंदरुस्ती और खेल के महत्व के बारे में जागरूक किया जा सके चोपड़ा के स्कूल दौरे और विद्यार्थियों के साथ उनकी बातचीत पर मोदी ने ट्वीट किया, आइए हम जोश बरकरार रखें और अपने युवाओं को खेल के मैदान पर चमकने के लिए प्रेरित करें। मोदी ने चोपड़ा को युवा छात्रों को भाला फेंकने के लिए प्रोत्साहित करने के बारे में ट्वीट किया, शानदार पल। प्रधानमंत्री ने एक अन्य ट्वीट में कहा, युवा छात्रों के बीच जाने और उन्हें खेल और फिटनेस के लिए प्रेरित करने के लिए नीरज चोपड़ा की यह एक बेहतरीन पहल है। इस तरह के प्रयास से खेलकूद और व्यायाम के प्रति उत्सुकता बढ़ेगी। गुजरात सरकार की एक विज्ञप्ति में कहा गया कि चोपड़ा ने अहमदाबाद के संस्कारधाम स्कूल का दौरा किया और 75 विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों के साथ बातचीत की, जो इस पहल के तहत वहां एकत्र हुए थे।प्रधानमंत्री मोदी के दिमाग की उपज, इस पहल के तहत सभी ओलंपिक और पैरालंपिक खिलाड़ियों से दो साल में 75 स्कूलों के विद्यार्थियों के साथ बातचीत करने का विचार है ताकि युवाओं को संतुलित आहार लेने और फिटनेस गतिविधियों में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया जा सके।

### अंतरधार्मिक प्रार्थना रैली का हुआ उद्घाटन

**नई दिल्ली।** आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक रविशंकर समेत दुनियाभर के धार्मिक नेताओं ने कोरियाई प्रायद्वीप के शांतिपूर्ण पुन: एकीकरण के लिए रविवार सुबह आयोजित वैश्विक अंतरधार्मिक प्रार्थना रैली में भाग लिया। यहां जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, रविशंकर ने वीडियो संदेश के जरिए रैली को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया के सभी धर्मों और देशों को शांति के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता है। इसमें कहा गया कि मदर ऑफ पीस के नाम से जानी जाने वाली कोरियाई नेता हाक जा हान मून द्वारा रविवार सुबह साढ़े पांच बजे आयोजित 10 लाख लोगों की इस रैली के लिए दुनिया के विभिन्न धर्मों के नेता एकजुट हुए। यूनिवर्सल पीस फेडरेशन की संस्थापक मदर ऑफ पीस और रविशंकर समेत विभिन्न धार्मिक नेताओं ने इस रैली को संबोधित किया।रविशंकर ने कोरिया के पुन: एकीकरण के लिए यूनिवर्सल पीस फेडरेशन और इसकी संस्थापक मदर ऑफ पीस एवं उनके पति सुन म्यून मून के प्रयासों की सराहना की तथा कहा, जब विविधता में सद्भावना होती है, तो शांति स्थापित होती है और यही समय की आवश्यकता है। सांस्कृतियों एवं धार्मिक नेताओं को एकजुट होना होगा तथा विविधता का जश्न मनाना होगा।

### आप ने महिलाओं का पारिश्रमिक बढ़ाने का वादा किया

**पणजी।** आम आदमी पार्टी (आप) ने रविवार को घोषणा की कि यदि वह गोवा के आगामी विधानसभा चुनावों में सत्ता में आई तो सरकार प्रायोजित योजना के तहत राज्य में महिलाओं को दिए जाने वाले पारिश्रमिक में वृद्धि करेगी। साथ ही पार्टी ने इसके तहत नहीं आने वाली महिलाओं को वित्तीय सहायता देने का भी वादा किया। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दक्षिण गोवा के नावेलिम विधानसभा क्षेत्र में महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए दावा किया, यह न केवल भारत में, बल्कि दुनिया में सबसे बड़ा व सबसे महत्वपूर्ण महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत सालाना लगभग 500 करोड़ रुपए खर्च होंगे। व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार को पूरी तरह से समाप्त कर राज्य सरकार इसका वित्तपोषण करेगी। दिल्ली के मुख्यमंत्री गोवा के दो दिवसीय दौरे पर हैं, जहां अगले साल की शुरुआत में विधानसभा चुनाव होने हैं। केजरीवाल ने कहा कि अगर उनकी पार्टी गोवा में सत्ता में आती है तो राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित गृह आधार योजना के तहत महिलाओं को दिए जाने वाले 1,500 रुपये के मौजूदा पारिश्रमिक को बढ़ाकर 2,500 रुपये कर दिया जाएगा।

# श्रीलंकाई नौसेना ने हमें भगाने के लिए पत्थर व बोतलें फेंकीं : मछुआरे

**एजेंसी।** रामेश्वरम

**श्रीलंकाई** नौसैनिकों ने कच्चातीवू के निकट मछली पकड़ने के दौरान भारतीय मछुआरों को भगाने के लिए पत्थर और बोतलें फेंकीं।

जिससे 10 से अधिक नावों को कुछ नुकसान हुआ। कथित घटना के बाद यहां लौटे मछुआरों ने रविवार को यह वाकया बताया। रामेश्वर मछुआरा संघ के अध्यक्ष देवदॉस ने बताया कि यहां से लगभग 4,000 मछुआरे चार दिसंबर को 500 से अधिक नावों में मछली पकड़ने के लिए निकले थे और जब वे कच्चातीवू द्वीप पर मछली पकड़ रहे थे,



श्रीलंकाई नौसैनिक चार नावों में वहां पहुंचे और उन पर पत्थर और बोतलें फेंकीं। संघ के नेता ने कहा कि पत्थरों की चपेट में आने से 10 से अधिक नौकाओं को कुछ हद तक नुकसान हुआ है। घटना के बाद मछुआरे तट पर लौट आए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में तमिलनाडु मत्स्य अधिकारियों के पास एक शिकायत दर्ज कराई गई है।

## ममता ने मशहूर पत्रकार विनोद दुआ के निधन पर शोक जताया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने वरिष्ठ पत्रकार विनोद दुआ के निधन पर रविवार को शोक व्यक्त किया।

विनोद दुआ की बेटी मल्लिका दुआ ने दिल्ली के एक अस्पताल में 67 वर्षीय दुआ का शनिवार को निधन होने की जानकारी दी थी। बनर्जी ने बांग्ला में दिए एक बयान में कहा, मैं प्रख्यात पत्रकार विनोद दुआ के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करती हूं। उन्होंने लंबे समय तक सफलता की छाप छोड़ी। वह टेलीविजन पर समाचार पढ़ने के पथप्रदर्शकों में से एक थे। बयान में कहा गया, वह एक निडर पत्रकार थे, जिन्हें पत्रकारिता के क्षेत्र में और समाज में उनके योगदान के लिए 2008 में पद्मश्री मिला था।

# ममता बनर्जी कांग्रेस के बिना गठबंधन पर विचार कर रही हैं: संजय राउत

**एजेंसी।** मुंबई

**शिवसेना** सांसद संजय राउत ने रविवार को दावा किया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कांग्रेस के बिना गठबंधन पर विचार कर रही हैं। राउत ने शिवसेना के मुखपत्र सामना में अपने साप्ताहिक स्तंभ रोखठोक में यह भी दावा किया कि बनर्जी ने कहा है कि उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) महाराष्ट्र में सियासी आजमाइश नहीं करेगी।

उल्लेखनीय है कि टीएमसी नेतृत्व ने शनिवार को कहा था कि वह एक वैकल्पिक मोर्चा बनाना जारी रखेगी क्योंकि कांग्रेस भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ लड़ाई का नेतृत्व करने में विफलै रही है। बनर्जी ने अपनी हालिया मुंबई यात्रा के दौरान कहा था कि अब कोई संप्रग (यूपीए) नहीं है। शुक्रवार को टीएमसी के मुखपत्र जागो बांग्ला में कांग्रेस पर नए सिरे से हमला करते हुए कहा गया था कि वह डीप फ्रीजर में चली गई है।

हाल में जागो बांग्ला में यह भी दावा किया गया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी नहीं बल्कि ममता बनर्जी विपक्ष के चेहरे के रूप में उभरी हैं। महाराष्ट्र में राकांपा और कांग्रेस के साथ सत्ता साझा करने वाली शिवसेना के सांसद ने रविवार को दावा किया कि ऐसा लगता है कि बनर्जी कांग्रेस को बाहर रखकर कुछ नया करने पर विचार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि मुंबई यात्रा के दौरान बनर्जी ने आदित्य ठाकरे के साथ पर्यटन और संस्कृति के आदान-प्रदान पर चर्चा की थी।



### राउत ने शिवसेना के मुखपत्र सामना में ऐसा दावा किया

# कांग्रेस के बिना भाजपा के खिलाफ कोई विपक्षी गठबंधन संभव नहीं: बघेल

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**छत्तीसगढ़** के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री को स्पष्ट करना चाहिए कि वह अपनी पार्टी को भाजपा से लड़कर मुख्य विपक्षी दल बनाना चाहती हैं या फिर विपक्ष से लड़कर यह करना चाहती हैं।

उन्होंने साक्षात्कार में यह भी कहा कि कांग्रेस विपक्ष का मुख्य स्तंभ है। उसके बगैर भाजपा के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर पर कोई मोर्चा संभव नहीं है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बघेल ने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) में शामिल दल और इस गठबंधन की प्रमुख सोनिया गांधी मिलकर तय करेंगे कि अगले लोकसभा चुनाव में विपक्ष का चेहरा कौन होगा।

उन्होंने यह टिप्पणी उस वक्त की है जब पिछले दिनों ममता बनर्जी और चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने कांग्रेस एवं उसके शीर्ष नेतृत्व पर सवाल खड़े किए थे। ममता ने कहा था कि अब संप्रग जैसी कोई चीज नहीं है। किशोर ने कहा था कि कांग्रेस जिस विचारधारा और राजनीति का प्रतिनिधित्व करती है, वह अहम है, लेकिन उसका नेतृत्व किसी व्यक्ति का नैसर्गिक अधिकार नहीं है।

ममता और किशोर की टिप्पणियों पर बघेल ने कहा, कांग्रेस एकमात्र पार्टी है जो सब जगह है और भाजपा के साथ सीधी लड़ाई में है। हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, उत्तराखंड और कई ऐसे राज्य हैं, जहां भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधी लड़ाई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज की तारीख में यह नहीं लगता कि भाजपा के खिलाफ कांग्रेस के बिना कोई राष्ट्रीय मोर्चा बन सकता है। यह पूछे जाने पर कि क्या आगे कांग्रेस ही विपक्षी गठबंधन का मुख्य स्तंभ होगी, उन्होंने कहा, वह तो है ही। कश्मीर से लेकर केरल तक की बात करें तो हर जगह कांग्रेस का अस्तित्व है। हर जगह दूसरे विपक्षी दलों का अस्तित्व कहां है।

किशोर पर निशाना साधते हुए बघेल ने कहा, प्रशांत किशोर पैसे के लिए काम करते हैं। वह एक पेशेवर आदमी हैं। प्रशांत किशोर अब बताएं कि किसके लिए काम कर रहे हैं? क्या वह किसी राजनीतिक दल के साथ जुड़े हैं कि वह ऐसी टिप्पणी करेंगे? क्या भाजपा के लिए काम कर रहे हैं या ममता बनर्जी के लिए काम कर रहे हैं? उन्हें स्पष्ट करना चाहिए। उन्होंने कहा, ममता बनर्जी जी से भी यह कहना चाहता हूं कि आप मुख्य विपक्षी दल बनना चाहती हैं, बहुत अच्छी बात है। आप यदि कोई योजना बनाकर और सपना पालकर आगे बढ़ना चाहती हैं तो सब स्वागत करेंगे। लेकिन सवाल यह है कि आप सत्ता पक्ष से लड़कर मुख्य विपक्षी दल बनना चाहती हैं या फिर जो विपक्ष में है उससे लड़कर मुख्य विपक्षी दल बनना चाहती हैं?



### छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने टीएमसी प्रमुख ममता पर निशाना साधा

## पुदुचेरी में कोविड-19 टीकाकरण अब अनिवार्य हुआ

**पुदुचेरी।** केंद्र शासित प्रदेश पुदुचेरी ने शत प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य हासिल करने के लिए सभी व्यक्तियों के लिए कोविड रोधी टीका लगवाना अनिवार्य कर दिया है। कहा है कि टीकाकरण न करवाने वालों को कानून के तहत दंडात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण सेवा के निदेशक जी. श्रीरामुलु ने शनिवार रात एक आदेश में यह बात कही और कहा कि यह तत्काल प्रभाव से लागू होगा। सरकार ने अनिवार्य टीकाकरण के लिए पुडुचेरी सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिनियम 1973 के प्रावधानों को लागू किया है। निदेशक ने कहा, जो लोग टीकाकरण नहीं करवाएंगे उन्हें कानून के प्रावधानों के तहत दंडात्मक कार्वाई का सामना करना पड़ेगा। स्वास्थ्य विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह निर्णय इसलिए लिया गया क्योंकि सरकार का इरादा सभी पात्र लोगों का शत-प्रतिशत टीकाकरण कवरेज हासिल करना है और वायरस के प्रसार के लिए कोई संभावना नहीं बचाए रखना है।

# सपा की सरकार बनते ही उप्र में होगी जातिवार जनगणना : राजभर

**एजेंसी।** बलिया (उत्तर प्रदेश)

### सुभासपा के अध्यक्ष ने कहा, आबादी के हिसाब से सभी वर्गों को मिलेगा प्रतिनिधित्व

**उत्तर प्रदेश** में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी (सपा) से गठबंधन कर चुकी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने कहा है कि चुनाव बाद सपा की सरकार बनते ही राज्य में सबसे पहले जातिवार जनगणना कराकर आबादी के हिसाब से सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व दिया जाएगा।

राजभर ने रविवार को जिले के रसड़ा क्षेत्र में संवाददाताओं से बातचीत में यह बात कही। भागीदारी संकल्प मोर्चा की सरकार बनने पर पांच मुख्यमंत्री व 20 उप मुख्यमंत्री बनाने की घोषणा करने वाले राजभर से जब पूछा गया कि क्या सपा सरकार बनने पर उनकी घोषणा पर अमल होगा, उन्होंने कहा कि सपा की सरकार बनने पर मुख्यमंत्री सिर्फ सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ही होंगे। अपने पुराने बयान से पलटते हुए प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री ने कहा कि उनका बयान भागीदारी संकल्प मोर्चा की सरकार बनने के लिए था। उनका लक्ष्य भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सत्ता से हटाना व अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना है।

राजभर ने मथुरा में मंदिर बनाने की तैयारी वाले बयान को लेकर चर्चा में आए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को भाजपा का तोता करार दिया। कहा कि मौर्य समाज के लोगों की हत्या पर उप मुख्यमंत्री मौन रहते हैं और पिछड़े समाज के साथ भाजपा किस तरह अन्याय कर रही है, यह मौर्य को नजर नहीं आता।

हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा को मौर्य को मुख्यमंत्री बनाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ को कुर्सी देकर इस पार्टी ने मौर्य के साथ धोखा किया है। एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी से गठबंधन पर पूछे जाने पर राजभर ने कहा, ओवैसी पहले सपा से गठबंधन को लेकर मन बनाएं, ओवैसी 100 सीटें मांगेंगे तो उनसे कैसे गठबंधन होगा। गौरतलब है कि ओवैसी की पार्टी राजभर द्वारा गठित भागीदारी संकल्प मोर्चा में शामिल है। मगर इसी बीच राजभर ने सपा के साथ गठबंधन कर लिया।

# अमेठी से रिश्ते की बात कहने वालों ने सदन में नहीं उठाए उसके मुद्दे : स्मृति ईरानी

**एजेंसी।** अमेठी

**केंद्रीय** महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने पूर्व में अमेठी से सांसद रह चुके कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर परोक्ष रूप से हमला करते हुए रविवार को कहा कि अमेठी से पारिवारिक रिश्तों की दुहाई देने वालों ने यहां के विकास से जुड़े मुद्दों को संसद में नहीं उठाया।

स्मृति ने तिलोई में बस अड्डे सहित पांच परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि अमेठी कई वर्षों तक तमाम समस्याओं से जूझती रही, मगर जिसको उसने चुनकर सदन में भेजा। वह चुपचाप बैठे रहते थेउ जनता यहां सोचती थी कि आखिर हमारी बातें कब सदन में उठेगी। उन्होंने कहा कि अमेठी से रिश्तों की दुहाई दी जाती रही पर यहां के लोगों की बात सदन में नहीं उठाई गई। स्मृति ने कहा, उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार की काम के प्रति सक्रियता इस बात को प्रदर्शित करती है कि नौ महीने के अंदर तिलोई में एक भव्य बस अड्डा बनकर तैयार हो गया।

तिलोई में मेडिकल कॉलेज बन रहा है और एक बड़ा ऑक्सीजन प्लांट भी यहां स्थापित हुआ है। इससे पूर्व, केन्द्रीय मंत्री ने तिलोई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक स्वास्थ्य मेले का भी उद्घाटन किया और मरीजों से मिलकर चिकित्सा सुविधाओं के विषय में भी जानकारी ली।



# संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए स्वतंत्र, सशक्त व निष्पक्ष न्यायपालिका जरूरी : गहलोत

## राजस्थान के मुख्यमंत्री ने न्यायपालिका को संविधान की रक्षक बताते हुए कहा

### जोधपुर में वीसी से किया बार काउन्सिल ऑफ राजस्थान के नवनिर्मित अधिवक्ता भवन का लोकार्पण

**एजेंसी।** जयपुर

**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने न्यायपालिका को संविधान की रक्षक बताते हुए रविवार को कहा कि संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए देश की न्यायपालिका का निष्पक्ष, सशक्त और स्वतंत्र होना जरूरी है।

वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जोधपुर में बार काउन्सिल ऑफ राजस्थान के नवनिर्मित अधिवक्ता भवन के लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए रविवार को गहलोत ने कहा कि कार्यपालिका, न्यायपालिका और विधायिका, तीनों ही संवैधानिक जिम्मेदारी से बंधे हुए हैं और इनमें से एक भी कड़ी कमजोर होती है तो लोकतंत्र कमजोर होता है। अदालतों में लंबित मुकदमों की संख्या और न्यायाधीशों की रिक्तियों पर चिंता जताते हुए गहलोत ने कहा कि न्याय में देरी, न्याय नहीं मिलने के समान है और इसके समाधान पर राष्ट्रीय स्तर पर चिंतन होना चाहिए। पिछले कुछ साल में न्यायपालिका के समक्ष आई चुनौतियों पर चिंता जताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, यह सर्वोच्च सम्मान और गरिमा से जुड़ी सेवा है। इस पर किसी भी तरह की आंच आना उचित नहीं है। उन्होंने कहा, हमारी न्यायपालिका संविधान की रक्षक है और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए न्यायपालिका का निष्पक्ष, सशक्त और स्वतंत्र रहना जरूरी है।

पीड़ितों को सरलता से और समय पर न्याय दिलाने में अधिवक्ताओं की भूमिका इस जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, अधिवक्ता समाज की अहम कड़ी के रूप में अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए न्याय के मौलिक अधिकार की अवधारणा को और मजबूत करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

इस अवसर पर उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश दिनेश माहेश्वरी ने कहा कि बार और पीठ एक-दूसरे के पूरक हैं और पीड़ित को न्याय दिलाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि संविधान प्रदत्त अधिकारों की रक्षा और पीड़ति को न्याय दिलाना अधिवक्ता समुदाय का मुख्य ध्एय होना चाहिए। उन्होंने कहा कि नए न्यायिक अधिकारी वरिष्ठ न्यायाधीशों एवं विधिक विशेषज्ञों के अनुभवों का लाभ लेकर न्यायपालिका को मजबूती प्रदान करें।



**स्वच्छता मित्र मुहिम**

# नोएडा को नंबर-1 बनाने की पहल

## 9 नए सेवा केंद्र खुलेंगे, शिकायतों और अन्य समस्याओं के समाधान के लिए रोजाना उपस्थित रहेंगे अधिकारी



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में नंबर वन बनने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने गंभीरता से प्रयास करना शुरू कर दिए हैं। इसी क्रम में स्वच्छता मित्र मुहिम के तहत शहर में स्वच्छता सेवा केंद्र बनाने की शुरुआत कर दी है।

पहला स्वच्छता सेवा केंद्र सेक्टर-39 में इंडियन ऑयल कॉलोनी के सामने बन गया है। यहां लोगों की शिकायत सुनने, कर्मचारियों के स्वास्थ्य और बैंकिंग संबंधी सेवाओं का समाधान करने के लिए अधिकारी रोजाना बैठा करेंगे।

आने वाले समय में 9 और केंद्र शहर के अलग-अलग हिस्सों में शुरू किए जाएंगे। स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में 3 से 10 लाख की आबादी वाली श्रेणी में नोएडा ने सबसे साफ शहर का पुरस्कार प्राप्त किया है। वहीं दस लाख तक की आबादी वाली रैंकिंग में नोएडा को चौथा स्थान मिला है जबकि पिछले 25वां स्थान था। उससे पहले वर्ष 2019 में 150वां स्थान आया था।

अब अगले साल शहर को नंबर-वन बनाने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने अभी से कई और प्रयास करने शुरू कर दिए हैं। पिछले दिनों स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 का परिणाम आने पर स्वच्छता कर्मियों के सम्मान समारोह में सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने घोषणा की थी कि कर्मचारियों की सहूलियत के असली मेहनत का श्रेय कर्मचारियों को दिया था। शहर में 4 हजार सफाई कर्मचारी हैं। सीईओ के निर्देश के बाद अब नोएडा प्राधिकरण स्वच्छता सेवा केंद्र खोलना शुरू कर दिए हैं। इसी क्रम में सेक्टर-39 में यह केंद्र खोला गया है। यहां पर कर्मचारी आराम भी कर सकेंगे और उनके सामान को रखने की जगह होगी। घोषणा की थी। ऋतु माहेश्वरी ने कहा था कि पूरे शहर ऐसे 10 केंद्र खोले जाएंगे। बेहतर रैंकिंग के लिए लिए स्वच्छता सेवा केंद्र बनाने की



### सामुदायिक शौचालय अतिक्रमण से होंगे मुक्त

स्वच्छता के मामले में शहर को नंबर-वन बनाने के लिए प्राधिकरण का सिविल विभाग भी जुट गया है। इसके लिए कई महत्वपूर्ण काम करने का निर्णय लिया है, जिनमें मुख्य रूप से सामुदायिक शौचालय और यूरिनल के 100 मीटर दायरे में अतिक्रमण न होने, सड़कों और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त रखना, वेंडिंग जोन को व्यवस्थित रूप से लगवाना और समस्त निर्माण कार्यों में एसटीपी के पानी का प्रयोग करना आदि हैं।

## फ्लैट खरीदारों को और कीमत चुकानी पड़ेगी

**नोएडा।** अगर आप ग्रेटर नोएडा की किसी हाउसिंग सोसायटी में रहते हैं तो आने वाले कुछ दिनों में आपको अपने फ्लैट के लिए अतिरिक्त कीमत चुकानी पड़ सकती है। शनिवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक हुई। जिसमें कई बड़े फैसले लिए गए हैं। किसानों को दिए जाने वाले 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजे को लेकर प्रस्ताव रखा गया, जिस पर बोर्ड ने चर्चा की। फैसला लिया गया है कि आवंटियों से यह अतिरिक्त मुआवजा राशि वसूल की जाएगी। इससे शहर के बिल्डरों और औद्योगिक भूखंडों के आवंटियों पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। सीधी सी बात है, प्राधिकरण जो पैसा बिल्डर से वसूल करेगा, बिल्डर उसका बोझ फ्लैट खरीदारों पर डालेंगे। अब तक शहर के व्यक्तिगत आवासीय, संस्थागत और वाणिज्यिक भूखंडों के आवंटियों से 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा वसूल किया गया है। अब ग्रुप हाउसिंग के लिए बिल्डरों को दिए गए भूखंडों और इंडस्ट्रीज एलॉटमेंट को भी इस दायरे में लाया गया है। ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी की बोर्ड बैठक में यह फैसला लिया गया है। बोर्ड ने इस बात पर सहमति जताई कि बिल्डरों से किसानों को दिया जाने वाला अतिरिक्त मुआवजा वसूल किया जाएगा। इसके अलावा बैठक में कई और प्रस्ताव पर मुहर लगी है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की 125वीं बोर्ड बैठक हुई। सुबह 11 बजे प्राधिकरण के बोर्ड रूम में बैठक शुरू हुई। अध्यक्षता चेयरमैन संजीव मित्तल ने की। यह बैठक तीन घंटे से अधिक समय तक चली। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने किसानों को दिए जाने वाले अतिरिक्त मुआवजे की वसूली बिल्डरों और औद्योगिक भूखंड के आवंटियों से करने का फैसला लिया था। यह फैसला 2019 में लागू किया गया था।

# एक्सप्रेसवे पर हादसे में इंजीनियर की मौत

- कार के ब्रेक के नीचे पानी की बोतल घुसने से नहीं रुकी गाड़ी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर एक दर्दनाक हादसा हुआ है। इस हादसे में एक इंजीनियर की दर्दनाक मौत हो गई है, जबकि इंजीनियर का दोस्त गंभीर रूप से घायल हुआ है। जिसको इलाज के लिए नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। एक्सप्रेसवे पर चलती हुई गाड़ी ट्रक में पीछे से जा घुसी थी। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज भी किया है। दरअसल, दिल्ली का रहने वाला अभिषेक झा ग्रेटर नोएडा की एक कंपनी में इंजीनियर पद पर तैनात था। सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने बताया कि अभिषेक अपने दोस्त एक दोस्त के साथ अपनी कार में सवार होकर ग्रेटर नोएडा की तरफ आ रहा था। नोएडा.ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे के किनारे खड़े एक ट्रक में अभिषेक झा की गाड़ी जा घुसी। यह हादसा सेक्टर-144 के पास हुआ था।

जांच में पता चला है कि अभिषेक झा की गाड़ी में एक पानी की बोतल थी, वह पानी की बोतल ब्रेक के नीचे आ गई, जिसकी वजह से तेज रफ्तार में गाड़ी पीछे से ट्रक में जा घुसी। अभिषेक और उसका दोस्त ब्रेक के नीचे से पानी की बोतल को निकालने की कोशिश कर रहे थे इसी दौरान दोनों का ध्यान एक्सप्रेसवे से भटक गया और तेज रफ्तार में गाड़ी ट्रक में जा घुसी।

# कार का शीशा तोड़कर लैपटॉप और अन्य कीमती सामान चोरी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा के थाना सेक्टर-20 क्षेत्र के सेक्टर-29 से अज्ञात चोरों ने एक महिला मैनेजर की कार का शीशा तोड़कर उसमें रखे लैपटॉप और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया।

वहीं, थाना एक्सप्रेसवे क्षेत्र के रायपुर गांव में किराए पर रहने वाले 3 छात्रों के कमरे से अज्ञात चोरों ने 3 लैपटॉप, नकदी और अन्य सामान चोरी कर लिया।

पुलिस ने बताया कि दिल्ली की रहने वाली ज्योति शर्मा विकास पब्लिकेशन नोएडा में मैनेजर के पद पर तैनात हैं। वह अपने एक सहयोगी के साथ बीती रात को सेक्टर-29 स्थित ब्रह्मपुत्र मार्केट में खाना खाने गई थी। उसी समय अज्ञात चोरों ने उनकी कार का शीशा तोड़कर कार में रखे दो बैग, लैपटॉप और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया।

घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं, थाना एक्सप्रेसवे क्षेत्र के रायपुर गांव में किराए पर रहने वाले 3 छात्र शुभम शर्मा, विवेक और आर्यन के घर से अज्ञात चोरों ने तीन लैपटॉप, करीब 10 हजार रुपए नगद और मोबाइल फोन आदि चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पीड़ितों ने थाना एक्सप्रेसवे में दर्ज कराई है।

# ग्रेनो अथॉरिटी ने हवाईअड्डे के लिए दिए 606 करोड़

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



जेवर में बन रहे हैं नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे को लेकर बड़ी खबर है। एयरपोर्ट के दूसरे चरण पर काम तेजी से करने के लिए ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण ने 660 करोड़ रुपए दिए हैं। इस पैसे से नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के दूसरे चरण के लिए जरूरी जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। बोर्ड बैठक में यह प्रस्ताव रखा गयाए जिसे मंजूरी दे दी गई है।

प्राधिकरण ने जेवर एयरपोर्ट में अपनी हिस्सेदारी के मुताबिक 606 करोड़ रुपये दिए हैं। नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी भी दूसरे चरण के लिए पैसा दे रहे हैं। आपको बता दें कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का विकास पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप के आधार पर किया जा रहा है। इस एयरपोर्ट में दो समूह हिस्सेदार हैं। पहला सरकारी और दूसरा प्राइवेट समूह है। सरकारी समूह में उत्तर प्रदेश सरकार और जनपद के तीनों प्राधिकरण नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना अथॉरिटी की हिस्सेदारी है।

प्रदेश सरकार और नोएडा प्राधिकरण 37.5-37.5 प्रतिशत के हिस्सेदारी हैं। ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण 12.5-12.5 प्रतिशत के हिस्सेदार हैं। इसके आधार पर सभी ने पैसा दिया है। चारों ने मिलकर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड नाम से कंपनी बनाई है। योगी आदित्यनाथ ने बजट पेश करते हुए गौतमबुद्ध नगर के हिस्से में भारी भरकम 2000 करोड़ रुपए दिए थे।

- एयरपोर्ट का विकास पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप के आधार पर किया जा रहा

यह धनराशि राज्य सरकार ने जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट का विस्तार करने के लिए आवंटित की है।

राज्य में नागरिक उड्डयन को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने बड़ा बजट आवंटित किया है। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने केवल गौतमबुद्ध नगर बल्कि उत्तर प्रदेश के विकास का ग्रोथ इंजन बन रहा है।

# स्थायी नौकरी देने की मांग को लेकर प्रदर्शन करेंगे यूपी रोडवेज चालक

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के आह्वान पर सात दिसंबर से गाजियाबाद क्षेत्र में सभी डिपो के 700 कर्मचारी अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर आरएम कार्यालय गाजियाबाद पर धरना प्रदर्शन करेंगे।

प्रदर्शन को सफल बनाने के लिये कौशांबी, गाजियाबाद, साहिबाबाद, लोनी, सिकंदराबाद, खुर्जा, बुलंदशहर, हापुड़ परिवहन डिपो के गेट पर कर्मचारी जागरूकता अभियान चला रहे हैं। परिषद के क्षेत्रीय अध्यक्ष गुलजार अहमद ने बताया कि निगम कर्मियों के छह माह के भत्ते का भुगतान न किए जाने 31 दिसंबर 2001 तक संविदा चालक परिचालकों का नियमितीकरण न करने, मृतक आश्रितों की नियुक्ति करने, नई बसें क्रय न किए जाने, मार्गों को राष्ट्रीय अधिनियम के अनुसार के प्रस्ताव पर निर्णय न करने, प्रदेश के बाहर कर्मचारियों का मकान भत्ता पुनरिक्षित न करने समेत अन्य मांगे शामिल हैं।

सात दिसंबर तक निर्णय होने तक जीवन के सभी डिपो के कर्मचारी धरना व प्रदर्शन देकर अपना रोष व्यक्त करेंगे।

# नए वैरिएंट को लेकर अलर्ट



**हापुड़।** कोविड के नए वैरिएंट ओमीक्रोनके मद्देनजर जिलें में सतर्कता बढ़ाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए हैं। जिला पंचायती राज विभाग ने कोविड प्रोटोकॉल का पालन कराने के उद्देश्य से अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। जिला पंचायती राज अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने बताया जनपद की सभी 273 ग्राम पंचायतों में इस जोखिम का आंकलन करने के लिए स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही गांव में बाहर से आने वाले व्यक्ति पर नजर रखने, उसके बारे में सूचित करने के साथ ही यदि उसमें कोविड से मिलते-जुलते लक्षण दिखें तो उसकी सूचना तुरंत स्वास्थ्य विभाग को देने के लिए कहा गया है। स्वास्थ्य विभाग ऐसे सभी व्यक्तियों के पास रेपिड रेस्पांस टीम भेजकर आरटी-पीसीआर जांच के लिए सैंपल लेगा और उन सैंपल को जिला अस्पताल स्थित आरटी-पीसीआर लैब को भेजेगा।

# तीन नए फुट ओवरब्रिज बनाने की योजना फ्लॉप

- अब अथॉरिटी नए सिरे से करवा रही डिजाइनिंग

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा शहर के भीड़ भरे चौराहों पर सड़क पार करने के लिए फुटओवर ब्रिज बनाने की योजना 5 साल में भी परवान नहीं चढ़ पाई है। शुरू में 5 जगहों पर फुटओवर ब्रिज बनाने की योजना तैयार की गई थी। फिर संख्या घटाकर 3 कर दी गई। मिली जानकारी के मुताबिक शहर में फुटओवर ब्रिज बनाने के लिए प्राधिकरण को कोई कंपनी एप्रोच नहीं कर रही है। जिसकी वजह से यह प्रोजेक्ट बार-बार टाला जा रहा है। अब प्राधिकरण ने नए सिरे से फुटओवर ब्रिज का डिजाइन तैयार करने की जिम्मेदारी एपीजे इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्चर को सौंपा है।

ग्रेटर नोएडा के निवासियों की सुविधा को देखते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से तीन फुटओवर ब्रिज बनाने का निर्णय लिया गया है। ये तीनों फुटओवर ब्रिज बीओटी बिल्ड ऑपरेट एंड ट्रांसफ र के आधार पर बनेंगे। ये एफओबी कैलाश अस्पताल के सामने, गामा शॉपिंग मॉल के सामने, कलेक्ट्रेट ऑफिस के सामने बनाए जाएंगे। इसमें आधुनिक सुविधाओं के साथ ही लिफ्ट की सुविधा भी मिलेगी। यह फैसला इसी साल 25 सितंबर को प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में लिया गया था।

प्राधिकरण ने इच्छुक कंपनियों से आवेदन मांगे थे। आवेदन प्राधिकरण की वेबसाइट पर ऑनलाइन किए जाने थे। जानकारी मिली है कि किसी कंपनी ने शहर में फुट ओवरब्रिज बनाने के लिए आवेदन नहीं किया। सूरजपुर-कासना रोड पर जगत फार्म के सामने भीड़भाड़ को खत्म करने की कोशिश ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कर रहा है। प्राधिकरण इसके लिए नए सिरे से डिजाइन तैयार करवा रहा है। प्राधिकरण के सीईओ कार्यालय की ओर से बताया गया है कि डिजाइन फाइनल होते ही प्रोजेक्ट पर काम शुरू होगा।

सीईओ ने संस्थान से एक सप्ताह में विस्तृत परियोजना रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। जगत फार्म ग्रेटर नोएडा की सबसे बड़ी मार्केट है। पूरे शहर से खरीदार यहां अपनी जरूरत के सामानों की खरीदारी के लिए आते हैं। सूरजपुर-कासना रोड के दूसरी तरफ तमाम इंस्टीट्यूट बने हुए हैं। उधर से बड़ी तादात में छात्र मार्केट आते हैं और रोड पार करते हैं।

# रजिस्ट्री नहीं तो वोट नहीं, करेंगे चुनाव का बहिष्कार

- घर खरीदारों ने किया प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




ग्रेटर नोएडा वेस्ट के हजारों लोगों ने रविवार को बिल्डर, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया है। इन लोगों का कहना है कि अगर हमारी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो हम ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लाखों लोग आगामी विधानसभा चुनाव 2022 में किसी भी पार्टी को वोट नहीं देंगे।

इन ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासियों को फ्लैट तो मिल गया है लेकिन उनकी रजिस्ट्री नहीं हुई है। जिसके कारण हजारों लोग परेशान हैं और आज ग्रेटर नोएडा वेस्ट के किसान चौक पर बिल्डर, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और सरकार के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया है। प्रदर्शन में शामिल नेफोवा की महासचिव श्वेता भारती ने कहा, ग्रेटर नोएडा वेस्ट के हजारों लोगों के फ्लैट्स की रजिस्ट्री नहीं हुई है। यह घर खरीदार समय.समय पर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन किसी के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। काफी बार ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने बिल्डर और निवासियों के बीच बातचीत करवाई लेकिन कोई भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। बताया जाता है कि प्राधिकरण का पैसा बिल्डर को बकाया है। अगर ऐसा है तो इन घर खरीदारों को सजा क्यों दी जा रही है। प्राधिकरण और बिल्डर के बीच में बिना बात के घर खरीदार पीस रहे हैं।

इस प्रदर्शन के दौरान घर खरीदार देवेश कुमार ने कहा, लोगों को 10.10 साल फ्लैट लिए हुए हो गए हैं, उनके फ्लैट की किस्त लगातार जा रही है। कुछ लोगों के फ्लेट्स की किस्त काफी ज्यादा जा रही है। अगर फ्लैट खरीदा दूसरे बैंक में जाना चाहता है तो वह जा नहीं सकता, क्योंकि उनकी फ्लैट की रजिस्ट्री नहीं हुई है।

हमारी इस परेशानी का सबसे बड़ा कारण ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण है। घर खरीदार से जितना मकान का पैसा तय हुआ था, वह सब घर खरीदा बिल्डर को दे चुका है लेकिन प्राधिकरण अपना पैसा बिल्डर से नहीं ले पा रहा है। उन्होंने आगे बोला कि, इसमें घर खरीदार का कोई भी कसूर नहीं है। घर खरीदार को परेशान किया जा रहा है। हम मानते हैं कि सरकार भी इस मामले में फेल है।

# किसान नेता की हत्या के लिए सुपारी देने वाले दो गिरफ्तार



पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

- बदमाशों को दिए थे दस लाख रुपये

भोजपुर पुलिस ने रविवार को एक कद्दावर किसान की हत्या कराने के लिए बदमाशों को 10 लाख रुपये की सुपारी देने वाले दो साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार किया है।

इससे पहले भोजपुर पुलिस जिन बदमाशों को यह सुपारी दी गई थी उन्हें मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण इरज राजा ने बताया कि भोजपुर पुलिस ने रविवार को खंजरपुर में शाहपुर गांव में छापा मारकर वीरसेन पंडित तथा संजय प्रधान को गिरफ्तार किया है। संजय प्रधान ने स्वीकार किया है कि उन्होंने पूर्व में गिरफ्तार किए गए किशोर कुमार विश्वकर्मा व सोनू वर्मा को एक प्रभावशाली किसान नेता की हत्या करने का ठेका दिया था। जिसमें 10 लाख रुपये की सुपारी दिया जाना तय हुआ था। दोनों इन दिनों पैरोल पर जेल से बाहर आये हुए थे। पुलिस ने किशोर कुमार व सोनू वर्मा को पहले ही मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया था।

## राशिफल

ज्योतिष गुरु राजेश जी सेक्टर-19 फरीदाबाद

### मेष

(चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)

पैसा अचानक पास आएगा, जो खर्चों और बिल आदि को संभाल लेगा। कम रुचि के चलते बच्चे पढ़ाई में थोड़ा निराश कर सकते हैं। प्रिय के साथ अच्छी तरह बर्ताव करें। सड़क पर बेकाबू गाड़ी न चलाएं। जीवनसाथी की किसी छोटी बात को आप आहत महसूस कर सकते हैं। घर के चीजों को दुरुस्त करके अपने को व्यस्त रख सकते हैं। सबके साथ संबंध अच्छे रहेंगे।

भाग्यांक: 4
विशेष: गायत्री मंत्र का जाप करें।

### वृष

(ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)

काम के प्रति बेहद एक्टिव रहेंगे। पेंडिंग काम को पूरा करके राहत की सांस लेंगे। जरूरतमंद की मदद की हरसंभव कोशिश करेंगे। पॉजिटिव व्यवहार लोगों को प्रभावित कर देगा। ऑफिस के काम की भागदौड़ जल्द ही सफलता दिलाएगी। बिजनेस के मामले में निर्णय सफल होंगे। किसी व्यक्ति से बड़ा फायदा हो सकता है। स्वास्थ्य भी बेहतर बना रहेगा।

भाग्यांक: 3
विशेष: शिवलिंग पर जल अर्पित करें।

### मिथुन

(का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा)

दोस्तों के साथ मिलकर नया और सकारात्मक काम कर सकते हैं। इसके लिए कोशिश और पहल आपको ही करनी होगी। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बीतेगा। अविवाहित लोगों को विवाह प्रस्ताव मिल सकते हैं। परिवार में वैचारिक मतभेद खत्म हो सकते हैं। सभी काम पूरे होंगे। काम करने का तरीका लोगों को प्रभावित करेगा। भाइयों से सहयोग मिल सकता है।

भाग्यांक: 1
विशेष: बुजुर्ग लोगों का सम्मान करें।

### कर्क

(ही, हूं, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)

नौकरी करने वालों को आगे बढ़ने के मौके मिलेंगे। नए कार्य का आरंभ होगा। महत्वपूर्ण मामलों पर कोई योजना बनाने की आवश्यकता पड़ेगी। मित्र वर्ग, से लाभ होगा। सामाजिक क्षेत्र में ख्याति और प्रतिष्ठा प्राप्त करेंगे। जल्दबाजी से हानि व अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा। काम ठीक से पूरा होगा। जीवनसाथी यह जता सकता है कि आपके साथ रहने का क्या-क्या खामियाजा उसे भुगतना पड़ रहा है।

भाग्यांक: 5
विशेष: गाय को रोटी खिलाएं।

### सिंह

(मा, मी, मू, में, मो, टा, टी, टू, टे)

सेहत सुधारने के लिए संतुलित आहर लें आज का दिन बढ़िया है मजाकिया स्वभाव सामाजिक मेल-जोल की जगहों पर लोकप्रियता में इजाफा करेगा। घर में परेशानियां पैदा हो सकती हैं। जीवन साथी को छोटी-छोटी बातों के लिए ताने देने से बचें। दिन का अधिकांश समय खरीदारी और दूसरी गतिविधियां में जाएगा। सफलता-प्राप्ति के लिए स्वप्न देखना बुरा नहीं है।

भाग्यांक: 3
विशेष: बहते जल में तिल प्रवाहित करें।

### कन्या

(टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)

दिन फेवरेबल रहेगा। आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। कामकाज में नई शुरुआत हो सकती है। धन लाभ हो सकता है। सकारात्मकता सोच का विस्तार होगा। कॅरियर में मदद की जरूरत होगी, आसानी से मिल जाएगी। मेल-मिलाप के कुछ रोचक मौके मिलेंगे। दांपत्य संबंधों में मधुरता आएगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। पारिवारिक संबंध मजबूत होंगे।

भाग्यांक: 2
विशेष: चिड़ियों के लिए मिट्टी के बर्तन में पानी रखें।

### तुला

(रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते,)

धन लाभ हो सकता है। बनाई हुई योजनाओं से सफलता मिलने के पूरे योग हैं। विचारों और बातचीत के दम पर आप लोगों को अपनी राय से सहमत कराने में बहुत हद तक सफल हो सकते हैं। करीबी लोगों के साथ संबंधों में सुधार होने के योग हैं। कॅरियर में आगे बढ़ने के रास्ते खुलेंगे। दोस्तों के साथ समय बीतेगा। दिन अच्छा रहेगा। प्रसिद्ध लोगों से मुलाकात हो सकती है। पुराने रोगों से छुटकारा मिल सकता है। आपके साथ सब ठीक होगा। आज किसी रुके हुए काम के पूरा होने की संभावना है।

भाग्यांक: 4
विशेष: शिव चालीसा का पाठ करें।

### वृश्चिक

(तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू,)

आर्थिक स्थिति को लेकर जल्दबाजी में फैसले लेने से बचना होगा। परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर कार्य करेंगे तो सफलता मिलेगी। आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। वाहन सावधानी से चलाएं और खानपान पर भी ध्यान दें। तेजी से अलग पहचान बनाते हुए कामयाबी के रास्ते पर आगे बढ़ेंगे। विद्यार्थी वर्ग परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त करेगा। पारिवारिक जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी। आज वाहन चलाते समय सावधानी बरतें।

भाग्यांक: 6
विशेष: घर की स्त्रियों का सम्मान करें।

### धनु

(ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)

परिवार के सदस्यों के साथ मौज-मस्ती भरी यात्रा सुकून देगी। दूसरों पर कुछ ज्यादा खर्चा कर सकते हैं। ऐसी गतिविधियों में संलग्न होने की जरूरत है, जहां समान रुचियों के लोगों से मिलने का मौका मिले। प्रिय की खामियों को ढूंढने में समय बर्बाद न करें। आकस्मिक यात्रा दौड़-भाग भरी और तनावपूर्ण रहेगी। परेशानियां जीवन का ही हिस्सा हैं, शादीशुदा जिंदगी को बहुत मुश्किल हालात से गुजरना पड़ सकता है।

भाग्यांक: 3
विशेष: मंदिर में घी का दीपक जलाएं।

### मकर

(भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी)

आज काम को लेकर जल्दबाजी करने से बचें। माता-पिता के साथ धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए, जा सकते हैं। दोस्तों से जरूरी मुलाकातें फायदेमंद हो सकती हैं। परिवार के मामलों में दिन थोड़ा चुनौतीपूर्ण हो सकता है। लोगों से मदद मिलने में थोड़ी देरी हो सकती है। आपके सभी काम बनेंगे। कुछ ऐसे विचार आ सकते हैं, जो वाकई जबरदस्त सृजनात्मक हों। आज आपका मन प्रसन्न रहेगा।

भाग्यांक: 3
विशेष: मंदिर में कपूर दान करें।

### कुंभ

(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)

पुरानी परेशानियां खत्म हो सकती हैं। घर-परिवार के मामले में कुछ अच्छा बदलाव हो सकता है। करीबी लोगों से महत्वपूर्ण मामलों पर बातचीत हो सकती है। पैसों का फायदा भी हो सकता है। निवेश की कोई प्लानिंग भी बनेगी। कई लोगों के साथ आपकी काफी बातचीत हो सकती हैं। बात-बात में ही किसी व्यक्ति से आपके संबंध गहरे हो जाएंगे। आज उतना ही पैसा निवेश करें, जितना कर सकते हैं। सभी काम बनते नजर आएंगे।

भाग्यांक: 9
विशेष: ब्राह्मण का आशीर्वाद प्राप्त करें।

### मीन

(दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)

स्वास्थ्य कमजोर हो सकता है। उच्च शिक्षा एवं शोधादि कार्यों के लिए यात्रा पर जाना हो सकता है। संपत्ति का विस्तार होगा। जातकों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है। दांपत्य जीवन में मधुर माहौल मिल सकता है। काम पर ध्यान दें तो कामयाबी और प्रतिष्ठा आपको होगी। शादीशुदा लोगों का लव लाइफ रोमांस से भरपूर रहेगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। सितारे बिजनेस में अपना असर दिखाना शुरू कर देंगे। सभी परेशानियां दूर होंगी।

भाग्यांक: 7
विशेष: गायत्री मंत्र का जप करें।

**डॉ मुकेश क्वात्रा का कहना है, यदि आप जानवरों के प्रति भावुक हैं और उनकी रक्षा करना और उनके बारे में अधिक जानना चाहते हैं, तो वन्यजीव संरक्षण में कई अवसर हैं**

# अपना भविष्य करें सुरक्षित



जिस प्रकार अधिक से अधिक प्रजातियां विलुप्त होती जा रही हैं, यह पर्यावरण पर भारी प्रभाव डालती है। 99 फीसदी से अधिक प्रजातियां अब विलुप्त हो चुकी हैं। इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) के अनुसार 2020 में ही 15 प्रजातियों को विलुप्त घोषित कर दिया गया था। वन्यजीव प्रजातियों के संरक्षण के लिए, समय समाप्त होने से पहले तत्काल कार्रवाई करने की आवश्यकता है। कम से कम 100-1,000 गुना की वर्तमान दर के साथ, प्रजातियों के विलुप्त होने की दर और प्रजातियों के आकार में गिरावट ऐसी है जो प्रकृति की अपेक्षा से अधिक है।

वन्य जीवन में करियर के लिए बहुत अधिक ध्यान और कड़ी मेहनत की आवश्यकता होती है और इसका पालन केवल उन लोगों द्वारा किया जाना चाहिए जो जानवरों को लेकर बहुत भावुक हैं और जो उनकी रक्षा करना और उनके बारे में अधिक जानना चाहते हैं।

सरकारी एजेंसियां, वन्यजीव गैर सरकारी संगठन, और क्षेत्र से संबंधित कुछ अन्य, वन्यजीव संरक्षण में करियर बनाने के अवसर प्रदान करते हैं।

### वन्यजीव संरक्षण

वन्यजीव संरक्षणवादी पारिस्थितिक तंत्र के संरक्षण व जैव विविधता को बनाए रखने के लिए काम करते हैं। वे न केवल लुप्तप्राय प्रजातियों को रोकथाम करते हैं बल्कि घने जंगल की आग को रोकने और मिट्टी व पानी जैसे प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित करने में भी मदद करते हैं।

### भारतीय वन सेवाएं

भारतीय वन सेवा (आईएफएस) अधिकारी एक वन्यजीव संरक्षणवादी की तरह है जो मुख्य रूप से राष्ट्रीय वन नीति के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करता है और सरकार द्वारा नियोजित होता है।

### वन्यजीव जीवविज्ञानी

चूंकि मानव गतिविधियों के कारण दुनिया पर प्रभाव लगातार बढ़ रहा है, वन्यजीव जीवविज्ञानी के रूप में कैरियर के लिए जानवरों व उनके आवासों का डेटा एकत्र करने, विश्लेषण करने और व्याख्या करने जैसे काम की आवश्यकता होती है, जिसमें रोग, आनुवंशिकी, व्यवहार और प्रदूषण प्रभाव शामिल हैं, ताकि वन्य जीवन संरक्षण के लिए निवास स्थान की स्थिति में सुधार हो सके। इस क्षेत्र के लिए आवेदन करने वाले व्यक्ति को न केवल वैज्ञानिक अध्ययनों में उल्लिखित जानकारी को समझने में सक्षम होना चाहिए बल्कि जंगली जानवरों को संभालने, एसिड और संक्रमित रक्त के साथ काम करने में भी सक्षम होना चाहिए।

### वन्यजीव प्रबंधक

इस करियर को आगे बढ़ाने के इच्छुक छात्रों की जैव विविधता में रुचि होनी चाहिए और उन्हें प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करने का प्रयास करना चाहिए। वन्यजीव प्रबंधक के काम में, न केवल आम जनता के लिए, बल्कि जानवरों के लिए भी लाभ पैदा करने के लिए मनुष्यों या वन्यजीवों के आवासों को बनाए रखना और उनमें हेरफेर करना शामिल होता है। एक वन्यजीव प्रबंधक को वन्यजीव आवास प्रबंधन से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन करना चाहिए और समाधान तैयार करना चाहिए।

> वन्य जीवन में करियर के लिए बहुत अधिक ध्यान और कड़ी मेहनत की आवश्यकता होती है और इसका पालन केवल उन लोगों द्वारा किया जाना चाहिए जो जानवरों को लेकर बहुत भावुक हैं और जो उनकी रक्षा करना और उनके बारे में अधिक जानना चाहते हैं।

### वन्यजीव शिक्षक

वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में शिक्षक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं क्योंकि वे युवाओं को वन्य जीवन के बारे में जानकारी प्रदान करते हैं। एक वन्यजीव शिक्षक के हिस्से में पर्यावरण से संबंधित पहलुओं के बारे में स्कूलों और विश्वविद्यालयों में शिक्षण का करियर होता है, जिसमें वन्यजीवों के स्थान, उनके आवास की भौगोलिक स्थिति आदि शामिल होती है। इस करियर के लिए आवेदन करने के इच्छुक छात्रों के पास अच्छा संचार कौशल और बच्चों के साथ काम करने की क्षमता होनी चाहिए।

### आउटरीच विशेषज्ञ

इस क्षेत्र के पेशेवर वन्यजीवन को बहाल करने और उसे बनाए रखने में मदद करने हेतु आर्थिक व संरक्षण सिद्धांतों का उपयोग करते हैं। ये पेशेवर ज्यादातर उद्योगों, नागरिकों, निजी और कॉर्पोरेट जमींदारों से वन्यजीव प्रबंधन में सहायता करने के लिए बातचीत करते हैं। इस क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने में सक्षम होने के लिए व्यक्तियों में महत्वपूर्ण चिंतन क्षमता होनी चाहिए।

### जनसंपर्क

इस क्षेत्र के विशेषज्ञ वन्यजीव अनुसंधान और संरक्षण कार्यक्रमों की व्याख्या करते हैं ताकि उन्हें दूसरों के सामने प्रदर्शित किया जा सके। इनकी नौकरी में ब्रोशर और वेबसाइट बनाना, लेख और समाचार विज्ञप्ति लिखना, सार्वजनिक समारोहों में बोलना या मीडिया के माध्यम से बातचीत करना शामिल है।

### वन्यजीव सलाहकार

वन्यजीव सलाहकार के रूप में करियर एक पूर्णकालिक नौकरी है। इस क्षेत्र के पेशेवरों को खेतों, आवासों में सहायता करने, सर्वेक्षण करने, वन्य जीवन का निरीक्षण करने और कई अन्य कार्य करने की आवश्यकता होती है। सलाहकारों को राष्ट्रीय पर्यावरण नीति में निर्धारित नियमों का पालन करने और गुणवत्तापूर्ण वातावरण सुनिश्चित करने की आवश्यकता होती है।

एक वन्यजीव सलाहकार के कार्यों में से एक कार्य है, वो है पर्यावरण पर प्रस्तावित विभिन्न कार्यों के कारण होने वाले प्रभावों का निपटारा करना।

### जीआईएस विशेषज्ञ

इस क्षेत्र के विशेषज्ञ भौगोलिक सूचना प्रणाली के साथ काम करते हैं। जीआईएस विशेषज्ञ का कार्य डेटा की व्याख्या करना और वन्य जीवन व उसके आवास के संबंध में नीति व प्रबंधन की सिफारिशों को प्रस्तुत करना है।

जीआईएस पेशेवर बनने के लिए आवेदन करने के इच्छुक व्यक्तियों की कंप्यूटर विज्ञान की पृष्ठभूमि होनी चाहिए और उन्हें प्रोग्रामिंग के बारे में ज्ञान होना चाहिए क्योंकि उनका उपयोग उपकरण बनाने के लिए किया जाता है।

इस क्षेत्र में रुचि रखने वाले और जुनूनी छात्रों को अपनी रुचि और योग्यता के आधार पर इसे आगे बढ़ाना चाहिए। उन्हें इस क्षेत्र से संबंधित विषय में स्नातक की डिग्री प्राप्त करने की आवश्यकता है जैसे कि वन्यजीव जीवविज्ञान, समुद्री जीव विज्ञान और प्राणी विज्ञान, इसके बाद वन्यजीव जीवविज्ञान और संरक्षण में मास्टर डिग्री और वन्यजीव जीवविज्ञानी के रूप में प्रमाणित होना चाहिए।

# शिक्षा के साथ कौशल विकास का हो मेल

**रोहन पारिख** का कहना है कि शिक्षक छात्रों को ऐसे कौशल हासिल करने में मदद कर रहे हैं जो नौकरियों व प्रौद्योगिकी से परे हैं और जीवन भर काम आते हैं।



रोहन पारिख
एमडी, द ग्रीन एक्रेस एकेडमी,
स्कूल्स बाई द एक्रेस फाउंडेशन

वे कहते हैं कि बच्चे अपने प्रारंभिक वर्षों में बहुत कुछ सीखते हैं जब उनकी स्मृति, ध्यान अवधि और भाषा कौशल विकसित होते हैं। हालांकि, उनके विकासशील वर्षों के दौरान, बच्चों को सही मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है जो उन्हें इन जन्मजात कौशलों को पहचानने और पोषित करने में मदद करेगा। लेकिन इन कौशलों को समझने और उन्हें सम्मानित करने की दिशा में काम करने के लिए बहुत कुछ बच्चे के स्वभाव और व्यक्तित्व पर भी निर्भर करता है। इन प्रभावकारी वर्षों के दौरान, स्कूल और शिक्षक उनमें अपनी रुचियों की खोज करने और उनके कौशल को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

एक ऐसी दुनिया में, जो लगातार बदल रही है, यह युवा पीढ़ी है जो परिवर्तन के एक नए युग की शुरुआत करने जा रही है और इसे बनाए रखने जा रही है। इसके लिए कौशल विकास जरूरी है। तो, आइए स्कूल स्तर पर कौशल विकास करने के विभिन्न तरीकों और भविष्य के लिए तैयार कार्यबल हेतु कम उम्र से कौशल विकसित करने के महत्व का पता लगाएं। वे दिन गए जब शिक्षा किताब के पन्नों तक सीमित होती थी और छात्र केवल परीक्षा पास करने के लिए जानकारी को याद करते थे। शिक्षक दायरे को आगे बढ़ा रहे हैं और छात्रों को ऐसे कौशल रखने में मदद कर रहे हैं जो नौकरियों व प्रौद्योगिकी से परे हैं - और जो जीवन भर उनके साथ चलेंगे। यहां कुछ ऐसे कारण दिए गए हैं जिनकी वजह से स्कूलों में कौशल आधारित शिक्षा अनिवार्य हो गई है।

**बच्चों में भविष्य के लिए तैयार कौशलों की पहचान करें :** शिक्षा को विकसित करने की आवश्यकता है यदि इसे छात्रों को एक उन्नत योग्यताओं के साथ समायोजित करना है। छात्रों को कुछ ऐसे कौशल सीखने चाहिए जो उन्हें भविष्य के कार्यबल में आसानी से समायोजित और सम्मिश्रित करने में मदद करें। इस मामले में, शिक्षक यह पहचान सकते हैं कि बच्चे को क्या चाहिए और तदनुसार छात्रों की शैक्षिक आवश्यकताओं को तैयार करें।

**छात्रों को अधिक रचनात्मक बनने के लिए प्रोत्साहित करें :** छात्रों को उनके आराम क्षेत्र से बाहर निकलने और लीक से हटकर सोचने के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता है। यह रचनात्मकता के माहौल को बढ़ावा देगा और उन्हें नई चीजों को आजमाने और अपने रचनात्मक विचारों को दूसरों के साथ साझा करने के लिए प्रेरित करेगा। इस तरह, बच्चे भी अपने विचारों, ज्ञान, रुचियों आदि पर चर्चा करने और उन्हें साझा करने के लिए एक साथ आते हैं।

**संप्रेषण को उनकी यात्रा का अनिवार्य हिस्सा बनाएं :** सीखने के नए युग में नई अवधारणाओं को सामने लाना और उनकी खोज करना शामिल है। हालांकि, बच्चों को संप्रेषण की कला सिखाने की जरूरत है, जो उनके बड़े होने के वर्षों में उपयोगी साबित हो सकती है। शिक्षकों को चाहिए कि वे छात्रों को अपने विचारों और सोच को अधिक स्पष्ट रूप से और बिना किसी झिझक के संप्रेषित करने के लिए प्रोत्साहित करें।

**छात्र-नीत शिक्षण दृष्टिकोण प्रस्तुत करें :** एक प्रभावी छात्र-नीत शिक्षण दृष्टिकोण को अपनाने के लिए, स्कूलों को यह समझने की जरूरत है कि छात्र-आधारित शिक्षा में, छात्र प्रमुख होते हैं, शिक्षक नहीं। छात्रों के पास भविष्य की कक्षाओं के निर्माण से संबंधित एक सोच होनी चाहिए साथ ही साथ प्रौद्योगिकी परिनियोजन निर्णयों में उनकी अधिक से अधिक भागीदारी हो।

**छात्रों को अपने पैरों पर खड़ा करें :** आज के दौर में, जहां चीजें तेज गति से आगे बढ़ रही हैं, त्वरित सोच और स्थिति के अनुकूल होना समय की आवश्यकता बन गया है। इस प्रकार, इन कौशलों को छात्रों में शामिल करने की आवश्यकता है, ताकि वे अपनी त्वरित सोच और अनुकूलन क्षमता कौशल के साथ किसी भी आपात स्थिति से निपटना सीख सकें।

**छात्रों को नपातुला जोखिम लेने के लिए प्रेरित करें :** हर नई या रचनात्मक चीज अपने साथ कुछ निश्चित जोखिम लेकर आती है। लेकिन छात्रों को नए विचारों और विभिन्न विचार प्रक्रियाओं के साथ प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। असफलता या गलतियां करने से डरने के बजाय, छात्र अपने विचारों में गहराई से उतरते हैं और आगे बढ़ने के लिए इन अवसरों का अधिकतम लाभ उठाते हैं।

# कैट विश्लेषण 2021

**विश्लेषण आ गया है और सुमित सिंह गांधी का कहना है कि समग्र परीक्षा 2020 की तुलना में बहुत कठिन नहीं थी। हालांकि, डीआईएलआर थोड़ा समय लेने वाला और लंबा था**



कैट 2021 फर्स्ट कट एनालिसिस सामने आ गया है। प्रश्नों की संख्या में आश्चर्य था जो हमारे द्वारा देखे गए। कुल 66 प्रश्न, जो कैट 2020 की तुलना में 10 प्रश्न कम है और जिसने छात्रों को बेहतर प्रदर्शन देने के लिए एक अच्छा समय प्रदान किया। कुल मिलाकर परीक्षा बहुत कठिन नहीं थी जबकि डीआईएलआर 2020 की तुलना में थोड़ा समय लेने वाला और लंबा था। वीएआरसी ज्यादा अनुमान आधारित था। कुल मिलाकर इसमें 66 प्रश्न थे और मुझे गर्व है कि मैंने यही भविष्यवाणी की थी और हमारे छात्रों ने पिछले दो महीनों में कुल 66 प्रश्नों के 6 मॉक अभ्यास प्रस्तुत किए।

कैट 2021 ने गति, तर्क और विश्लेषणात्मक कौशल पर छात्रों का परीक्षण किया, अवधारणाओं की अच्छी तरह से तैयारी करने वाला और मॉक का एक अच्छा अभ्यास करने वाला गंभीर छात्र आईआईएम के लिए अपना रास्ता बना लेगा। कैट ने केवल अनुमान लगाने के बजाय छात्रों को उनके वास्तविक ज्ञान पर परखा। कैट 2020 से प्रश्नों में कमी होने से छात्रों को बेहतर समय आवंटन में मदद मिली और उन्हें कोई संकट नहीं हुआ। यह एक ऐसी परीक्षा थी जिसमें कोई मोड़ नहीं था, यह पूरी तरह योजनाबद्ध रूप से अच्छी तरह से तैयार थी जिसमे छात्रों को बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम होना चाहिए, डेटा व्याख्या और तार्किक तर्क अनुभाग थोड़ा कठिन और समय लेने वाला था, हमने अनुमान आधारित प्रश्नों की प्रचुरता वाले व्याख्यात्मक अंशों को पढ़ने में बदलाव देखा। लेकिन यह आईआईएम में छात्र चयन के लिए समग्र मानदंड को प्रभावित नहीं करेगा।

बहुविकल्पीय प्रश्नों के लिए नकारात्मक अंकन मौजूद था यानी एक तिहाई नकारात्मक अंक। उत्तर प्रश्नों में टाइप करें, वाली श्रेणी में कैट 2020 की तरह ही कोई नकारात्मक अंकन नहीं था। परीक्षा बहुत कठिन नहीं थी, यह प्रबंधनीय थी बशर्ते आपकी अवधारणाएं स्पष्ट हों। कैट हमेशा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तुलना में गणना, गति और समय की तुलना में अवधारणाओं और तर्क का उत्साही प्रेमी रहा है।

**कैट 2020 के बाद कुछ छात्रों की प्रतिक्रिया :** ''पेपर कुल मिलाकर आसान था, कैट 2020 के समान। शुक्र है कि मौखिक खंड ने अच्छी तरह से परीक्षा को एक अच्छे नोट पर शुरुआत करने का अवसर दिया। आश्चर्य की बात यह थी कि टेबल, ग्राफ और पाई चार्ट जैसे पारंपरिक डेटा व्याख्या प्रश्नों को परीक्षा में नहीं देखना पड़ा था। परीक्षा उम्मीदों के मुताबिक रही है इसलिए अच्छे परिणाम मिलने और सभी को गौरवान्वित करने की उम्मीद है। आईआईएम-ए की प्रतीक्षा में ''

\- **निखिल**

''पेपर बहुत सधा हुआ था लेकिन लंबा और समय की कमी वाला था। वीएआरसी समूचे रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन में अनुमान आधारित प्रश्नों के साथ कई तथ्यात्मक प्रश्नों के साथ समय लेने वाला था। एलआर/डीआई ट्रिक सेक्शन था, सेट सिलेक्शन प्रमुख था, इसलिए अब सर्वश्रेष्ठ की उम्मीद है। ''

\- **श्रेया**

'' बहुत कठिन पेपर नहीं था, आरसी के केवल 3 क्षेत्रों से आने वाले मौखिक के साथ समग्रता में मध्यम, पैराजंबल और अनुमान आधारित प्रश्न। डीआई अनुभाग समय लेने वाला लेकिन प्रबंधनीय था। कुल मिलाकर मध्यम कठिनाई स्तर था इसलिए कुछ अच्छे परिणाम की उम्मीद है। ''

\- **सुमीत**

**अनुभागीय विश्लेषण:**

**समग्र कठिनाई : मध्यम से कठिन**

वीएआरसी 24 प्रश्न : वर्बल सेक्शन में रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन का बोलबाला था। इसमें 4 पैसेज थे जिनमें से प्रत्येक में 4 प्रश्न थे। अधिक अनुमान आधारित प्रश्न, तथ्यात्मक नहीं, करीबी विकल्प भी थे इसलिए इसे हल करते समय थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता थी। टीटा मौखिक क्षमता कुल मिलाकर आसान थी।

पैराजम्बल पर 3 प्रश्न, पैरासमरी पर 3 प्रश्न, विषम पर 2 प्रश्न। ऑड आउट हमेशा की तुलना में कठिन था। कुल मिलाकर उन छात्रों के लिए एक खुशी का दिन है जो अपनी मूल बातें जानते हैं और अपने अध्ययन को वैचारिक स्पष्टता के साथ प्रस्तुत करते हैं और जैसे राहुल सर हमेशा कहते हैं, ''सफलता उन्हें मिलती है जो इसके लिए काम करते हैं। कड़ी मेहनत करते रहोगे तो तुम परिणाम देखोगे!'' कठिनाई स्तर की परीक्षा हमारी वास्तविक कैट परीक्षा के बहुत करीब थी और आरसी 19 के सबसे करीब थी।

प्रत्येक अनुभाग पर गहन विश्लेषण के लिए, समग्र कट-ऑफ किन कॉलेजों में आवेदन करना है और कैसे आगे बढ़ना है, इसके लिए कैटकिंग यूट्यूब चैनल के साथ जुड़े रहें।

जो लोग स्लॉट 2 और 3 के लिए जा रहे हैं, वे आश्वस्त रहें और बस उस पर सर्वश्रेष्ठ प्रयास करें। सभी छात्रों को आराम करने, शांत होने और ब्रेक लेने की सलाह देंगे। आपने परीक्षा के लिए बहुत मेहनत की है और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। अब कर्म को अपनी भूमिका निभाने दें और आगे आने वाली परीक्षाओं की श्रृंखला के लिए धमाकेदार वापसी करें, एक दिन एक परीक्षा कभी भी किसी की योग्यता के बारे में कोई विचार नहीं दे सकती है और न ही आपके करियर का रास्ता तय कर सकती है।

**स्लॉट 2**

पिछले साल के मुकाबल कुल मिलाकर आसान। पेपर ने 66 प्रश्नों के साथ समय प्रबंधन और प्रयास के साथ अच्छा न्याय किया है। कैट 2021 की तरह ही प्रश्नों का चयन महत्वपूर्ण होगा।

सेक्शनल ब्रेक अप: वर्बल (24 प्रश्न), डीआईएलआर (20), क्वांट्स (22) प्रश्न।

अनुशंसित पाठों से संबंधित विषयों को पढ़ने के आधार पर वीएआरसी अधिक अनुमान आधारित था।

डीआईएलआर 2020 की तुलना में आसान था, पिछले साल हमने इसे हर अगले स्लॉट के साथ बढ़ते हुए देखा, लेकिन इस साल ऐसा कोई आश्चर्य नहीं हुआ। चयन ने इस खंड, खेल और टूर्नामेंट को क्रैक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और ग्राफ आधारित प्रश्नों को हल करना बहुत आसान था, और तीसरा ऑनलाइन खाद्य वितरण रेटिंग के आधार पर मध्यम था।

अंकगणित, ज्यामिति और बीजगणित पर ध्यान केंद्रित किया गया था, आधुनिक गणित गायब सा महसूस हुआ। कुल मिलाकर इसमें 66 प्रश्न थे और यह रियल कैट मॉक की तर्ज पर था और छात्रों ने पिछले 2 महीनों में कुल 66 प्रश्नों के 6 अभ्यास मॉक दिए, आरसी 31, वीएआरसी, डीआईएलआर के लिए 28 प्रश्न छात्रों को अच्छी तरह से समझ में आने वाले थे।

**स्लॉट 3**

कुल मिलाकर परीक्षा 2020 की तुलना में करने योग्य थी और बहुत कठिन नहीं थी। वीएआरसी अधिक अनुमान आधारित था, लेकिन सभी व्याख्यात्मक अंश अनुमानित विषयों से संबंधित थे। कठिनाई के मामले में डीआईएलआर मध्यम था लेकिन थोड़ा समय लेने वाला और लंबा लगा। क्वांट्स स्लॉट 1 और 2 की तुलना में कठिन था।

बहुविकल्पीय प्रश्नों के लिए नकारात्मक अंकन मौजूद था, यानी एक तिहाई नकारात्मक अंक। उत्तर में टाइप करें प्रश्नों में पिछले वर्ष की तरह कोई नकारात्मक अंकन नहीं था।

**-लेखक कैटकिंग के डायरेक्टर, सीईओ हैं**

## विशाल लक्ष्य के सामने लड़खड़ाया न्यूजीलैंड

# भारतीय टीम जीत से पांच विकेट दूर

एजेंसी। मुंबई

भारत ने न्यूजीलैंड के सामने 540 रन का विशाल लक्ष्य रखने के बाद तीसरे दिन उसके पांच विकेट चटकाकर दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में रविवार को यहां बड़ी जीत की तरफ कदम बढ़ाए। न्यूजीलैंड ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में पांच विकेट पर 140 रन बनाए हैं और वह लक्ष्य से अभी 400 रन दूर है। दोनों टीम के बीच कानपुर में खेला गया पहला मैच ड्रा रहा था। अपनी पहली पारी में 325 रन बनाने वाले भारत ने अपनी दूसरी पारी सात विकेट पर 276 रन पर समाप्त घोषित की। न्यूजीलैंड की टीम पहली पारी में केवल 62 रन पर आउट हो गई थी।

न्यूजीलैंड के बल्लेबाज सहजता से बल्लेबाजी नहीं कर पाए। डेरेल मिचेल ने जरूर 92 गेंदों पर 60 रन की पारी खेली। स्टंप उखड़ने के समय हेनरी निकोल्स 36 और रचिन रविंद्र दो रन पर खेल रहे थे। भारत की तरफ से ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने 27 रन देकर तीन और बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल ने 42 रन देकर एक विकेट लिया है। अश्विन ने कार्यवाहक कप्तान और अपने प्रिय शिकार टॉम लैथम (छह) को चाय के विश्राम से पहले पगबाधा आउट किया जिसमें बल्लेबाज ने रिव्यू भी गंवाया। यह आठवां अवसर है जबकि अश्विन ने लैथम को पवेलियन भेजा। अश्विन ने चायकाल के बाद दूसरे सलामी बल्लेबाज विल यंग (20) को शार्ट लेग पर कैच कराया। विराट कोहली का रिव्यू लेने का फैसला तब सही साबित हुआ था। अश्विन का इस वर्ष यह 50वां टेस्ट विकेट था। किसी एक कैलेंडर वर्ष में चौथी बार उन्होंने 50 से अधिक विकेट लिए जो कि भारतीय रिकार्ड है। न्यूजीलैंड के सबसे अनुभवी बल्लेबाज रोस टेलर (छह) ने अपना विकेट इनाम में दिया। वह अश्विन की ऑफ ब्रेक को नहीं समझ पाए और उसे हवा में लहरा बैठे। मिचेल और हेनरी निकोल्स ने इसके बाद चौथे विकेट के लिए 73 रन की साझेदारी की। मिचेल ने बीच बीच में आक्रामक तेवर भी अपनाए। फिर चाहे वह अक्षर पटेल पर लांग ऑन पर लगाया गया दर्शनीय छक्का हो या उमेश यादव पर लगातार दो चौके जिनसे उन्होंने अपना अर्धशतक भी पूरा किया।

आखिर में अक्षर ने मिचेल की एकाग्रता भंग करके उन्हें सीमा रेखा पर जयंत यादव के हाथों कैच कराया। टॉम ब्लंडेल (शून्य) आते ही रन आउट हो गए। इससे पहले भारत ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की। उसकी तरफ से दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल (108 गेंदों पर 62), चेतेश्वर पुजारा (97 गेंदों पर 47), शुभमन गिल (75 गेंदों पर 47), अक्षर पटेल (26 गेंदों पर नाबाद 41) और कप्तान विराट कोहली (84 गेंदों पर 36) ने उपयोगी योगदान दिया। न्यूजीलैंड की तरफ से पहली पारी में 119 रन देकर सभी 10 विकेट लेने वाले स्पिनर ऐजाज पटेल ने दूसरी पारी में 106 रन देकर चार जबकि रचिन रविंद्र ने 56 रन देकर तीन विकेट लिए। पटेल ने इस तरह से मैच में 225 रन देकर 14 विकेट लिए। यह भारत के खिलाफ किसी गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।



### 70 ओवर के मैच में भारत की ओर से लगे 25 चौकें, 11 छक्के

पटेल के 10 विकेट के कारनामे के बावजूद न्यूजीलैंड के गेंदबाजों का आत्मविश्वास डगमगाया हुआ था। भारत की तरफ से 70 ओवर में 25 चौके और 11 छक्के लगे। आलम यह था कि ऋद्धिमान साहा (13) को छोड़कर भारत के प्रत्येक बल्लेबाज ने छक्का जड़ा। अकेले अक्षर पटेल ने अपनी तूफानी पारी में तीन चौके और चार छक्के लगाए। श्रेयस अय्यर ने आठ गेंदों पर 14 रन की अपनी पारी में दो छक्के जड़े। भारत ने न्यूजीलैंड को पहली पारी में केवल 28 ओवर में आउट कर दिया था लेकिन कप्तान कोहली स्वयं को और उन बल्लेबाजों को मौका देना चाहते थे जो फॉर्म में नहीं थे और इसलिए उन्होंने कीवी टीम को फॉलोआन नहीं दिया। पुजारा ने इसका कुछ फायदा उठाया। उन्होंने अग्रवाल के साथ पहले विकेट के लिए 107 रन की साझेदारी करके टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। पहली पारी में 150 रन बनाने वाले अग्रवाल ने फिर से दर्शनीय अर्धशतकीय पारी खेली। चोटिल होने के कारण शनिवार को पारी का आगाज नहीं करने वाले गिल और कोहली ने तीसरे विकेट के लिए 82 रन जोड़े। भारतीय कप्तान का विल सोमरविले पर लगाए गए छक्के को छोड़ दिया जाए तो वह अपनी पारी के दौरान सहज नहीं दिखे। उन्होंने आखिर में रविंद्र की गेंद अपने विकेटों पर खेली। पुजारा ने हालांकि अपने रक्षात्मक अंदाज के विपरीत दो बार फ्लाइट लेती गेंद पर आगे बढ़कर मिडविकेट क्षेत्र में चौके लगाए। वह हालांकि अर्धशतक पूरा नहीं कर पाए। पटेल की फुललेंथ गेंद उनके बल्ले का किनारा लेकिर स्लिप में रोस टेलर के सुरक्षित हाथों में चली गई। अग्रवाल ने इससे पहले पटेल पर एक्स्ट्रा कवर पर छक्का जड़कर अर्धशतक पूरा किया। वह मैच में दूसरा शतक पूरा करने की स्थिति में दिख रहे थे लेकिन पटेल पर एक और छक्का जड़ने के प्रयास में उन्होंने लांग ऑफ पर यंग को कैच थमा दिया।

### स्कोर बार्ड

**भारत पहली पारी : 325 रन**
**न्यूजीलैंड पहली पारी : 62 रन**
**भारत दूसरी पारी**

| | |
|---|---|
| मयंक अग्रवाल का यंग बो पटेल | 62 |
| चेतेश्वर पुजारा का टेलर बो पटेल | 47 |
| शुभमन गिल का लैथम बो रविंद्र | 47 |
| विराट कोहली बो रविंद्र | 36 |
| श्रेयस अय्यर स्टं ब्लंडेल बो पटेल | 14 |
| ऋद्धिमान साहा का जैमीसन बो रविंद्र | 13 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 41 |
| जयंत यादव का एवं बो पटेल | 06 |
| अतिरिक्त (बाई 06, लेग बाई 03, नोबॉल 01) | 10 |
| कुल (70 ओवर में, सात विकेट पर घोषित) | 276 |

**गेंदबाजी**

| | |
|---|---|
| साउदी | 13-1-31-0 |
| पटेल | 26-3-106-4 |
| जैमीसन | 8-2-15-0 |
| सोमरविले | 10-0-59-0 |
| रविंद्र | 13-2-56-3 |

**विकेट पतन :** 1-107, 2-115, 3-197, 4-211, 5-217, 6-238, 7-276

**न्यूजीलैंड दूसरी पारी**

| | |
|---|---|
| टॉम लैथम पगबाधा अश्विन | 06 |
| विल का स्थानापन्न (सूर्यकुमार) बो अश्विन | 20 |
| डेरिल मिचेल का जयंत बो अक्षर | 60 |
| रोस टेलर का पुजारा बो अश्विन | 06 |
| हेनरी निकोल्स खेल रहे हैं | 36 |
| टॉम ब्लंडेल रन आउट स्थानापन्न (भरत)-साहा | 00 |
| रचिन रविंद्र खेल रहे हैं | 02 |
| अतिरिक्त : (बाई 08, लेग बाई 01, नोबॉल 01) | 10 |

**गेंदबाजी**

| | |
|---|---|
| सिराज | 5-2-13-0 |
| अश्विन | 17-7-27-3 |
| पटेल | 10-2-42-1 |
| जयंत | 8-2-30-0 |
| उमेश | 5-1-19-0 |

**कुल योग :** (45 ओवर में पांच विकेट पर) 140 रन

**विकेट पतन :** 1-13, 2-45, 3-55, 4-128, 5-129

### चोट के कारण मैदान पर नहीं उतरे गिल और अग्रवाल

**भारतीय** सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल और शुभमन गिल दूसरे टेस्ट के दूसरे और तीसरे दिन मैदान पर लगी चोटों के कारण न्यूजीलैंड की दूसरी पारी के दौरान क्षेत्ररक्षण के लिए नहीं उतरे। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) की मीडिया टीम ने रविवार को कहा, मयंक अग्रवाल के दूसरी पारी में बल्लेबाजी के दौरान दाईं बाजू में चोट लग गई थी। उन्हें ऐतहियात बरतते हुए मैदान पर नहीं उतरने की सलाह दी गई है। शुभमन गिल के कल क्षेत्ररक्षण करते हुए दाएं हाथ के मध्यमा उंगली कट गई थी। वह रविवार को मैदान में नहीं उतरेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### ऐजाज ही नहीं, न्यूजीलैंड क्रिकेट और विश्व क्रिकेट के लिए भी विशिष्ट क्षण : हैडली

**ऑकलैंड।** अपने जमाने के दिग्गज आलराउंडर रिचर्ड हैडली ने कहा है कि ऐजाज पटेल का पारी में 10 विकेट लेने का कारनामा न केवल इस स्पिनर के लिए बल्कि न्यूजीलैंड और विश्व क्रिकेट के लिए भी विशेष क्षण है। पटेल ने भारत के खिलाफ मुंबई में दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में सभी 10 विकेट हासिल किए। जिम लेकर और अनिल कुंबले के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह दुनिया के तीसरे गेंदबाज बन गए हैं। इस 33 वर्षीय स्पिनर ने न्यूजीलैंड की तरफ से एक पारी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के हैडली के रिकार्ड को भी तोड़ा। हैडली ने 1985 में आस्ट्रेलिया के खिलाफ 52 रन देकर नौ विकेट लिए थे। हैडली ने बयान में कहा, ऐजाज को शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के लिए बधाई। यह देखकर खुशी हुई। वह इसका हकदार था। यह उसके, न्यूजीलैंड क्रिकेट और विश्व क्रिकेट के लिए विशेष क्षण है। उन्होंने कहा, जिम लेकर और अनिल कुंबले के विशिष्ट क्लब में शामिल होना वास्तव में खास है।

### जर्मनी को हराकर रूस डेविस कप फाइनल में

**मैड्रिड।** आंद्रे रूबलेव और दानिल मेदवेदेव की एकल मैचों में जीत से रूस ने जर्मनी को 2-1 से हराकर डेविस कप टेनिस प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बनाई। रूबलेव ने पहले एकल मैच में डोमिनिक कोफर को 6-4, 6-0 से हराया जिसके बाद मेदवेदेव ने जान लेनार्ड स्ट्रफ को 6-4, 6-4 से हराकर रूस की जीत सुनिश्चित की। जर्मनी के केविन क्राविट्ज और टिम पुएट्ज ने असलान करात्सेव और कारेन खाचनोव को युगल मुकाबले में 4-6, 6-3, 6-4 से हराया लेकिन इससे वह हार का अंतर ही कम कर पाए। रूस फाइनल में क्रोएशिया का सामना करेगा जिसने नोवाक जोकोविच की अगुवाई वाले सर्बिया को हराया। रूस और क्रोएशिया अपने तीसरे डेविस कप खिताब के लिए एक दूसरे का सामना करेंगे।

### रीयाल मैड्रिड का विजय अभियान जारी, बार्सिलोना हारा

**बार्सिलोना।** रीयाल मैड्रिड ने करीम बेंजेमा के चोटिल होने के बावजूद विनिसियस जूनियर और लुका जोविच के गोल की मदद से रीयाल सोसिडाड को 2-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। विनिसियस और जोविच ने दूसरे हाफ के शुरू में गोल करके रीयाल मैड्रिड को सभी प्रतियोगिताओं में लगातार आठवीं जीत दिलाई। इससे वह अपने करीबी प्रतिद्वंद्वी सेविला से आठ अंक आगे हो गया है। रीयाल मैड्रिड की जीत से पहले एटलेटिको मैड्रिड और बार्सिलोना को अपने घरेलू मैचों में हार का सामना करना पड़ा। मौजूदा चैंपियन एटलेटिको मैड्रिड को मालोर्का ने 2-1 से हराया। इस हार के बाद वह रीयाल मैड्रिड से 10 अंक पीछे चौथे स्थान पर खिसक गया है। बार्सिलोना तो अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रीयाल मैड्रिड से 16 अंक पीछे है। उसे रीयाल बेटिस ने 1-0 से पराजित किया। झावी हर्नाडेज के कोच बनने के बाद बार्सिलोना की यह पहली हार है। बेटिस इस जीत से सेविला के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। सेविला ने एक अन्य मैच में विल्लारीयाल को 1-0 से हराया।

### चेल्सी की हार से ईपीएल में शीर्ष पर पहुंचा मैनचेस्टर सिटी

**लंदन।** मौजूदा चैंपियन मैनचेस्टर सिटी ने वाटफोर्ड पर 3-1 की आसान जीत तथा चेल्सी की वेस्ट हैम के हाथों 3-2 से हार से इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। शनिवार को खेले गए मैचों से पहले चेल्सी शीर्ष पर काबिज था लेकिन अब सिटी 15 मैचों में 35 अंक लेकर पहले स्थान पर पहुंच गया है। चेल्सी के 15 मैचों में 33 अंक हैं और वह लिवरपूल (15 मैचों में 34 अंक) के बाद तीसरे स्थान पर खिसक गया है। लिवरपूल ने एक अन्य मैच डिवोक ओरिगी के दूसरे हाफ के इंजुरी टाइम में किए गए गोल की मदद से वॉल्व्स को 1-0 से हराया। सिटी ने वाटफोर्ड के खिलाफ दबदबे वाला प्रदर्शन किया। उसकी तरफ से बर्नाडो सिल्वा ने दो और रहीम स्टर्लिंग ने एक गोल किया। सिटी की यह लीग में लगातार पांचवीं जीत है। एक अन्य मैच में न्यूकास्टल ने कैलम विल्सन के गोल की मदद से बर्नली को 1-0 से पराजित किया।

### मुंबई सिटी ने बेंगलुरु एफसी को 3-1 से हराया

**बामबोलिम।** मुंबई सिटी एफसी ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल प्रतियोगिता के शनिवार की रात को खेले गए मैच में यहां बेंगलुरू एफसी को 3-1 से शिकस्त दी। इगोर एंगुलो ने नौवें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर मुंबई सिटी का खाता खोला। क्लीटन सिल्वा ने 20वें मिनट में फ्री किक पर गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। मध्यांतर तक दोनों टीम 1-1 से बराबरी पर थी। मोर्तादा फाल ने 54वें मिनट में हेडर से गोल करके मुंबई सिटी को फिर से आगे कर दिया जबकि यगोर कताऊने 85वें मिनट में उसकी जीत सुनिश्चित की। मुंबई सिटी की चार मैचों में यह तीसरी जीत है जिससे उसके नौ अंक हो गए हैं। इससे वह तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। बेंगलुरू को दूसरी हार का सामना करना पड़ा और उसके चार मैचों में चार अंक हैं।

## भारतीय महिला टीम ब्राजील से लौटी, केरल में लगा शिविर

एजेंसी। नई दिल्ली

**चार** देशों के टूर्नामेंट में भाग लेने के बाद ब्राजील से लौटी भारतीय महिला फुटबॉल टीम अब कोच्चि में आगामी एएफसी एशियाई कप के लिए अभ्यास करने में जुट गई है। एशियाई कप भारत में (पुणे और मुंबई में) 20 जनवरी से छह फरवरी तक खेला जाएगा।

भारत ने मनाऊस में चार देशों के टूर्नामेंट में ब्राजील, चिली और वेनेजुएला टीम का सामना किया। मुख्य कोच थॉमस डेनेरबी का कहना है कि इस टूर्नामेंट से लड़कियों को अपार अनुभव हासिल करने में मदद मिली। उन्होंने यह बात रविवार को कोच्चि में टूर्नामेंट की तैयारियों के लिए शुरू हुए शिविर में कही। डेनेरबी ने कहा, हमने ब्राजील में तीन मैचों के दौरान काफी कुछ सीखा। सबसे बड़ी सीख यही थी कि अब खिलाड़ी जानती हैं कि हम किस स्तर तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं, तकनीकी और रणनीतिक रूप से। हमने एक अन्य अहम पहलू पर ध्यान लगाया है जो मैदान में फैसला लेने के बारे में है। भारतीय टीम ब्राजील में तीनों मैच हार गई थी लेकिन उसने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन दिखाया था।

### दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ आखिरी अनौपचारिक टेस्ट में

## खुद को साबित करना चाहेंगे भारत ए के खिलाड़ी

एजेंसी। ब्लोमफोंटेन

**भारत** की सीनियर टीम इस महीने के अंत में दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगी और ऐसे में भारत ए और दक्षिण अफ्रीका ए के बीच सोमवार से यहां शुरू हो रहा तीसरे अनौपचारिक टेस्ट मैच में युवा खिलाड़ियों के पास चयनकर्ताओं को प्रभावित करने का आखिरी मौका होगा। भारत का दक्षिण अफ्रीका दौरा 26 दिसंबर से शुरू होगा, जिसमें तीन टेस्ट और तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाएंगे। इस दौरे के लिए टीम में कम से 20 खिलाड़ियों के चुने जाने की संभावना है।

न्यूजीलैंड श्रृंखला से विवादास्पद तरीके से टीम से बाहर किए गए हनुमा विहारी की वापसी की उम्मीद है। उन्होंने ड्रा हुए दूसरे अनौपचारिक टेस्ट में दो अर्धशतक लगाए। शीर्ष क्रम में विकल्प के लिए अभिमन्यु ईश्वरन का चयन हो सकता है। उन्होंने ए टीम के इस दौरे पर शानदार प्रदर्शन किया है। इस सलामी बल्लेबाज ने श्रृंखला के पहले मैच में शतक बनाने के बाद दूसरे टेस्ट की दूसरी पारी में अर्धशतक जड़ा। पृथ्वी साव हालांकि इस मैच में मौके भुनाने में सफल नहीं रहे। पहले मैच में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद भारतीय तेज गेंदबाजों ने दूसरे मैच में प्रभावित किया। युवा इशान पोरेल ने छह जबकि नवदीप सैनी ने पांच विकेट झटके। लेग स्पिनर राहुल चाहर ने श्रृंखला में कुछ खास नहीं किया है, लेकिन उनके एकदिवसीय टीम में चुने जाने की संभावना है। युवा तेज गेंदबाज उमरान मलिक पिछला मैच नहीं खेल पाए लेकिन उन्हें श्रृंखला के आखिरी मैच में मौका दिया जा सकता है। श्रृंखला के दोनों मैच ड्रॉ रहे है।

**दक्षिण अफ्रीका ए टीम:** पीटर मालन (कप्तान), सरेल इरवी, डोमिनिक हेंड्रिक्स, रेनार्ड वैन टोंडर, सिनेथेम्बा केशिले, सेनुरन मुथुसामी, मार्को जेनसेन, मिगेल प्रिटोरियस, बेउरन हेंड्रिक्स, लूथो सिपामला, ग्लेनटन स्टुउरमैन, जॉर्ज लिंडे, जेसन स्मिथ, टोनी डी जोरजीबेंच।

**भारत ए टीम:** प्रियांक पांचाल (कप्तान), पृथ्वी साव, अभिमन्यु ईश्वरन, देवदत्त पडिक्कल, सरफराज खान, बाबा अपराजित, उपेंद्र यादव, कृष्णप्पा गौतम, राहुल चाहर, सौरभ कुमार, नवदीप सैनी, उमरान मलिक, ईशान पोरेल, अर्जन नागवासवाला।

## भारतीय महिला हॉकी टीम से थाईलैंड जीती

एजेंसी। डोंगहे (दक्षिण कोरिया)

**ड्रैग** फ्लिकर गुरजीत कौर के पांच गोल की मदद से भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को यहां एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी के अपने पहले मैच में थाईलैंड को 5-0 से करारी शिकस्त दी। गुरजीत ने मैच के दूसरे मिनट में ही पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदला जबकि वंदना कटारिया ने पांच मिनट बाद दूसरा गोल दाग दिया।



पहला क्वार्टर समाप्त होने तक लिलिमा मिंज ने 14वें मिनट में भारत के लिए तीसरा गोल कर दिया जबकि गुरजीत और ज्योति ने 14वें और 15वें मिनट में पेनल्टी कार्नर पर गोल करके स्कोर 5-0 कर दिया। भारत ने दूसरे क्वार्टर में भी दबदबा बनाए रखा। अंतरराष्ट्रीय हॉकी में पदार्पण कर रही राजविंदर कौर ने 16वें मिनट में मैदानी गोल किया तो गुरजीत ने 24वें मिनट में अपना तीसरा गोल दागा। इसके तुरंत बाद लिलिमा ने पेनल्टी कार्नर को गोल में बदला। गुरजीत ने 25वें मिनट में एक और गोल किया, जिससे भारत मध्यांतर तक 9-0 से आगे था। भारत ने आगे भी थाइलैंड को कोई मौका नहीं दिया और लगातार हमले किए। ज्योति ने 36वें मिनट में गोल करके भारत के गोल की संख्या में दोहरे अंकों में पहुंचाई जबकि सोनिका ने 43वें मिनट में मैच का अपना पहला गोल किया। चौथे क्वार्टर में भी कहानी नहीं बदली और भारत ने आक्रमण जारी रखा। थाईलैंड ने हालांकि इस बीच कुछ अच्छे बचाव किए। मोनिका ने 55वें मिनट में गोल किया जबकि इसके तीन मिनट बाद गुरजीत ने पेनल्टी कार्नर पर अपना पांचवां और भारत के लिए 13वां गोल किया। टोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बाद भारतीय टीम का यह पहला मैच था।

## भारतीय प्रदर्शन से प्रेरणा लेगा इंग्लैंड : जो रूट

एजेंसी। ब्रिसबेन

**इंग्लैंड** के कप्तान जो रूट ने रविवार को कहा कि उनकी टीम गाबा में आठ दिसंबर से शुरू होने वाली एशेज श्रृंखला में भारतीय टीम के प्रदर्शन से प्रेरणा लेगी, जिसने इस साल के शुरू में यहां आस्ट्रेलिया के विजय अभियान को थामकर श्रृंखला जीती थी।

भारत ने इस साल जनवरी में गाबा में चौथे और अंतिम टेस्ट मैच में तीन विकेट से जीत दर्ज करके श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की थी। यह आस्ट्रेलिया की गाबा में 35 साल में पहली हार थी और रूट ने कहा कि उनकी टीम इस श्रृंखला में कैसा रवैया अपनाएगी इसको लेकर उसका रवैया स्पष्ट है। रूट ने यहां एशेज से जुड़े कार्यक्रम में कहा, भारत जिस तरह से अपने मजबूत पक्षों पर अडिग रहा, इंग्लैंड भी वही रणनीति अपनाएगा। उन्होंने कहा, भारत को श्रेय जाता है। उन्होंने पूरी श्रृंखला में बेजोड़ प्रदर्शन किया था तथा कई तरह से यहां का दौरा करने वाली टीमों के लिए अच्छा उदाहरण पेश किया था। आस्ट्रेलिया ने मैच से दो दिन पहले अपनी अंतिम एकादश घोषित कर दी जिससे इंग्लैंड के लिए रणनीति तैयार करने में कुछ आसानी होगी। इंग्लैंड ने आस्ट्रेलिया में आखिरी बार 2011 में एशेज जीती थी। उस टीम में उसके दोनों मुख्य तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड शामिल थे।

## ट्रैविस हेड और मिशेल स्टार्क पहले एशेज टेस्ट के लिए आस्ट्रेलिया टीम में

एजेंसी। ब्रिसबेन

**आस्ट्रेलिया** ने मध्यक्रम के बल्लेबाज ट्रैविस हेड और तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क को इंग्लैंड के खिलाफ आठ दिसंबर से गाबा में शुरू होने वाले पहले एशेज टेस्ट मैच के लिए रविवार को टीम में शामिल किया। मध्यक्रम में एक स्थान के लिए हेड को उस्मान ख्वाजा पर प्राथमिकता दी गई।

ये दोनों बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं और इन दोनों ने हाल में शैफील्ड शील्ड में अच्छा प्रदर्शन किया था। हेड ने शैफील्ड शील्ड के इस सत्र में पांच मैचों में 49.25 की औसत से 394 जबकि ख्वाजा ने 65.71 की औसत से 460 रन बनाए। इन दोनों के नाम पर दो दो शतक दर्ज हैं लेकिन हेड को हाल में क्वीन्सलैंड के खिलाफ 101 रन बनाने का फायदा मिला। कप्तान पैट कमिंस ने कहा, दोनों में एक स्थान के लिए कड़ा मुकाबला था। चयनकर्ताओं को किसी एक का चयन करना था। दोनों वास्तव में अच्छे विकल्प थे और वे शानदार फॉर्म में हैं।

उन्होंने कहा, उज्जी (ख्वाजा) का बेहद अनुभवी है और हम भाग्यशाली हैं कि वह हमारे साथ है लेकिन ट्रेव (हेड) ने पिछले दो वर्षों में हमारे साथ काफी मैच खेले हैं और उसने अच्छे रन बनाए हैं। हेड ने अब तक 19 टेस्ट मैचों में 39.75 की औसत से 1153 रन बनाए हैं जिसमें दो शतक शामिल हैं। कमिंस की अगुवाई वाली टीम में तेज गेंदबाज स्टार्क की जगह सुनिश्चित नहीं मानी जा रही थी क्योंकि झाय रिचर्डसन ने हाल में घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करके अपना मजबूत दावा पेश किया था। चयनकर्ताओं ने हालांकि अनुभवी तेज गेंदबाज स्टार्क पर ही भरोसा दिखाया। स्टार्क टीम में जोश हेजलवुड के साथ नई गेंद संभालेंगे जबकि कैमरन ग्रीन आलराउंडर की भूमिका निभाएंगे। विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी इस मैच से टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करेंगे।

**आस्ट्रेलियाई टीम:** पैट कमिंस (कप्तान), डेविड वार्नर, मार्कस हैरिस, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, कैमरन ग्रीन, एलेक्स कैरी, मिशेल स्टार्क, नाथन लियोन, जोश हेजलवुड।

### सिंधू फाइनल में हारी

## बीडब्ल्यूएफ विश्व फाइनल्स में रजत से करना पड़ा संतोष

एजेंसी। बाली

**भारतीय** बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू को रविवार को यहां खिताबी मुकाबले में दक्षिण कोरिया की आन सियोंग से सीधे गेम में हारने के कारण बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स में रजत पदक से संतोष करना पड़ा। मौजूदा विश्व चैंपियन सिंधू के पास विश्व में छठे नंबर की कोरियाई खिलाड़ी के खेल का कोई जवाब नहीं था और वह आसानी से 16-21, 12-21 से हार गई। इस कोरियाई खिलाड़ी के खिलाफ सिंधू की तीन मैचों में तीसरी हार है और इन सभी मैचों का नतीजा सीधे गेम में निकला।

सियोंग ने नेट पर बेहतरीन खेल दिखाया और बेसलाइन पर भी अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने 39 मिनट तक चले मैच में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारतीय खिलाड़ी को किसी भी समय वापसी का मौका नहीं दिया। सियोंग ने इससे पहले इंडोनेशिया मास्टर्स और इंडोनेशिया ओपन के खिताब जीते थे। उन्होंने अक्टूबर में डेनमार्क ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी सिंधू को हराया था। यह तीसरा अवसर था जबकि सिंधू टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची थी। वह 2018 में खिताब जीतकर यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय बनी थी।सिंधू में फाइनल में हार के बाद कहा, यह अच्छा मुकाबला था। सियोंग बेहतरीन खिलाड़ी है इसलिए मुझे नहीं लगता कि यह आसान होने वाला था। मैं एक कड़े मुकाबले के लिए तैयार थी। उन्होंने कहा, मुझे शुरू से ही उसे बढ़त बनाने का मौका नहीं देना चाहिए था क्योंकि अंत में मैं अंको के अंतर को कम करने में सफल रही। यह थोड़ा निराशाजनक है लेकिन बहुत कुछ सीखने को मिला।



### तरोताजा होकर विश्व चैंपियनशिप की तैयारी करूंगी

इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, बाली में तीन सप्ताह अच्छे रहे। यहां से कई सकारात्मक चीजों के साथ लौटूंगी और तरोताजा होकर विश्व चैंपियनशिप की तैयारी करूंगी। कोरिया की 19 साल की खिलाड़ी के खिलाफ सिंधू एक बार फिर असहज नजर आई। वह अपने आक्रामक खेल को आगे नहीं बढ़ा सकी और ना ही पूरे कोर्ट का इस्तेमाल कर सकी। सियोंग ने नेट का शानदार इस्तेमाल किया और शटल पर बेहतर प्रहार से उसने सिंधू की योजना को विफल कर दिया। उन्होंने मैच के दौरान कई मौकों पर डाइव लगाकर अंक बचाए। मैच की शुरुआत में ही सिंधू 0-4 से पिछड़ गई थी। सिंधू ने वापसी की कोशिश की लेकिन कोरिया की खिलाड़ी ने उन्हें एक बार में कई अंक बटोरने का मौका नहीं दिया। सियोंग ने अपनी बढ़त को 16-8 किया और सिंधू ने वापसी करते हुए इस अंतर को कम किया लेकिन वह कोरिया की खिलाड़ी को 21-16 से गेम जीतने से नहीं रोक पाई। सिंधू ने दूसरे गेम में अच्छी शुरुआत की वह मैच में पहली बार मैच में 5-4 की बढ़त हासिल करने में सफल रही। लेकिन सियोंग ने शानदार वापसी की 10-6 की बढ़त हासिल कर ली। वह लंबी रैलियों के सहारे सिंधू को कठिन चुनौती दे रही थी। ब्रेक के समय उसके पास 11-8 की बढ़त थी। उसने ब्रेक के बाद लगातार चार अंक जुटाकर अपनी बढ़त को 15-8 कर ली।

## बुकेन्स की हैट्रिक, पांचवें स्थान पर रहा नीदरलैंड

### जूनियर हॉकी विश्वकप

एजेंसी। भुवनेश्वर

**माइल्स** बुकेन्स की हैट्रिक की मदद से नीदरलैंड ने रविवार को यहां कलिंग स्टेडियम में एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्वकप के वर्गीकरण मैच में बेल्जियम को 6-4 से हराकर पांचवां स्थान हासिल किया। बुकेन्स ने आठवें मिनट में मैदानी गोल किया। इसके बाद उन्होंने 20वें और 27वें मिनट में दो पेनल्टी कॉर्नर से गोल किए। ब्रेंट वान बिजनेन (15वें), गुस जानसेन (39वें) और कैस्पर वान डर वीन (50वें) नीदरलैंड के लिए अन्य गोल स्कोरर रहे।

पिछले चरण की उप विजेता टीम बेल्जियम ने वापसी करने की कोशिश की। उसके लिए थिबॉल्ट डेप्लस (25वें), रोमन डुवेकोट (36वें, 38वें) और जेफ डि विंटर (52वें) ने गोल किए। दिन के इससे पहले मैच में स्पेन ने मलेशिया को 4-1 से हराकर सातवां स्थान हासिल किया। स्पेन के लिए पाऊ कुनिल ने हैट्रिक की। उन्होंने 49वें, 55वें और 58वें मिनट में गोल किए। उसके लिए एडुआर्ड डि डि इगानिसियो सिमो ने सातवें मिनट में मैदानी गोल दागा था। सातवें और आठवें स्थान के वर्गीकरण मैच में मलेशिया के लिए एकमात्र गोल अखिमुल्लाह अनुआर ने चौथे मिनट में किया।